राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 07 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 128, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गंडक पुल की मांग, नेताओं की खामोशी..05

दुकान में हुई चोरी की घटना का किया पर्दाफाश, 04 गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद..11

## मणिपुरः सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास किया, सदन में मौजूद नहीं थे कुकी-ज़ो विधायक; चूड़ाचांदपुर में हिंसक प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली–** मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह के नेतृत्व में नवगठित मणिपुर सरकार ने गुरुवार (6 फरवरी) शाम इंफाल में मणिपुर विधानसभा में हुए फ्लोर टेस्ट में बहुमत साबित कर दिया. उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन सहित तीन कुकी-ज़ो विधायकों की सरकार गठन में भागीदारी को लेकर कुकी-ज़ो बहुल चूड़ाचांदपुर जिले में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए. मणिपुर विधानसभा गुरुवार को शाम 4 बजे करीब डेढ़ साल से अधिक समय बाद पहली बार बुलाई गई. कुकी-ज़ो समुदाय के 10 विधायकों में से (जिनमें सात भाजपा से हैं) कोई भी इंफाल में विधानसभा कक्ष में मौजूद नहीं था. हालांकि, सरकार का समर्थन करने वाले तीन विधायकों ने कार्यवाही में कुछ देर के लिए वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया. मई 2023 में मणिपुर में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कोई भी कुकी-ज़ो विधायक सरकारी प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए इंफाल नहीं आया था. हाल ही में दो विधायक - एलएम खौते और न्गुरसांगलूर सनाते - खेमचंद के साथ लोक भवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करने पहुंचे थे और बुधवार को मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल हुए थे।

खेमचंद और उनके दो उपमुख्यमंत्री - नेमचा किपगेन तथा नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक लोसी दीखो - ने बुधवार को दो अन्य मंत्रियों के साथ शपथ ली. किपगेन ने नई दिल्ली से वीडियो लिंक के जरिए वर्चुअल रूप से शपथ ग्रहण किया. गुरुवार को हुई एक दिवसीय बैठक में कार्यसूची का मुख्य विषय मुख्यमंत्री द्वारा पेश किया जाने वाला विश्वास प्रस्ताव था. राज्यपाल के अभिभाषण और एक विराम के बाद खेमचंद ने यह प्रस्ताव पेश किया. इस दौरान उन्होंने अध्यक्ष थोकचोम सत्यव्रत सिंह से किपगेन, खौते और सनाते को मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति का हवाला देते हुए वर्चुअल रूप से भाग लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया. अनुमति मिलते ही वे थोड़ी देर के लिए कार्यवाही में शामिल हुए. विश्वास प्रस्ताव चर्चा के बाद बिना किसी आपत्ति के ध्वनिमत से पारित हो गया. चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह ने सरकार से संघर्ष का समाधान निकालने और 'स्थायी शांति' की दिशा में काम करने की अपील की और कहा कि ऐसे प्रयासों में विपक्ष सरकार का समर्थन करेगा।

**चूड़ाचांदपुर में विरोध प्रदर्शन**

इधर, चूड़ाचांदपुर जिले में नए सरकार गठन में कुकी-ज़ो विधायकों की भागीदारी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क उठी. इससे पहले चूड़ाचांदपुर स्थित प्रभावशाली नागरिक संगठन कुकी-ज़ो काउंसिल (केजेडसी) ने इन विधायकों के 'सामाजिक बहिष्कार' की घोषणा की थी. संगठन ने पिछले महीने हुई एक बैठक का हवाला दिया, जिसमें कुकी-ज़ो उग्रवादी समूहों और समुदाय के विधायकों ने राज्य में नई लोकप्रिय सरकार में भागीदारी के लिए कुछ 'पूर्व-शर्तें' तय की थीं. इनमें राज्य और केंद्र सरकार की ओर से कुकी-ज़ो बहुल क्षेत्रों के लिए अलग केंद्र शासित प्रदेश को लेकर लिखित 'राजनीतिक प्रतिबद्धता' शामिल थी. गुरुवार को केजेडसी ने 'मेइतेई-



बहुल सरकार' के गठन में उनकी भागीदारी की निंदा करते हुए कहा कि 'इन विधायकों ने वस्तुतः अपने शत्रु के साथ खुद को जोड़ लिया है, जिससे उन्होंने अपने ही लोगों के साथ विश्वासघात किया है और कुकी-ज़ो समुदाय द्वारा झेले गए अपार दर्द और बलिदान की अनदेखी की है।'

संगठन ने कुकी-ज़ो लोगों से अपील की कि वे तब तक इन विधायकों से कोई सहयोग या संबंध न रखें, जब तक वे मणिपुर सरकार में भागीदारी से पीछे नहीं हटते और खुद को कुकी-ज़ो लोगों की सामूहिक स्थिति के साथ फिर से नहीं जोड़ लेते. अन्य संगठनों, जैसे कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन और कुकी वीमेन ऑर्गनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स ने चूड़ाचांदपुर जिले में 24 घंटे के बंद और शुक्रवार को एक बड़े विरोध मार्च का आह्वान किया. अखबार के अनुसार, गुरुवार शाम चूड़ाचांदपुर कस्बे में स्थिति और बिगड़ गई, जब प्रदर्शनकारियों ने हिंसा का रास्ता अपना लिया. एक अधिकारी ने कहा, 'शुरुआत में समूह टायर जला रहे थे. बाद में यह पुलिस और वहां मौजूद सुरक्षा बलों के साथ झड़प में बदल गया, जिसमें उन पर पथराव भी किया गया.' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात 8:30 बजे तक स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी।

चूड़ाचांदपुर जिले में 24 घंटे के बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक प्रमुख राजमार्ग को जाम कर दिया और एक वाहन को नुकसान पहुंचाया. प्रदर्शनकारियों ने चूड़ाचांदपुर के रास्ते इंफाल को मिजोरम की राजधानी आइजोल से जोड़ने वाले राजमार्ग को जाम कर दिया. व्यापारिक प्रतिष्ठान और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे, जबकि वाहनों की आवाजाही केवल आपात और आवश्यक सेवाओं तक सीमित रही. सरकार का समर्थन करने वाले किपगेन और दो अन्य विधायकों - लल्लियांग मंग खौते और न्गुरसांगलूर सनाते- के आवासों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई. कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन ने इन तीनों विधायकों पर कुकी-ज़ो समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया. संगठन ने समुदाय के बाकी सात विधायकों की सराहना की, जिन्होंने नई सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया. ज्ञात हो कि लगातार जारी जातीय हिंसा को देखते हुए 13 फरवरी 2025 को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया था. इस संघर्ष में अब तक 270 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं. कुकी-जो नागरिक समाज संगठन और सरकार के साथ 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशंस' (एसओओ) समझौते में शामिल विद्रोही समूह कुकी-जो क्षेत्रों के लिए विधानसभा सहित एक केंद्र शासित प्रदेश की मांग कर रहे हैं. अलग प्रशासन की मांग सबसे पहले 2023 में कुकी-जो विधायकों ने उठाई थी।

## सुप्रीम कोर्ट का जन सुराज की याचिका सुनने से इनकार, कहा- जनता ने नकारा तो कोर्ट चले आए

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली–** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (6 फरवरी) को राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर द्वारा स्थापित जन सुराज पार्टी की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती दी गई थी. मालूम हो कि जन सुराज ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि सरकार ने वोटरों को लुभाने के लिए कल्याणकारी योजना का गलत इस्तेमाल किया है. पार्टी ने चुनाव के दौरान अवैध प्रक्रियाओं का हवाला देते हुए और नए सिरे से चुनाव कराने की मांग की थी. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, इस संबंध में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव हारने के बाद न्यायिक मंच का सहारा लेने की कोशिश करने पर पार्टी को फटकार लगाई. उल्लेखनीय है कि बिहार में प्रशांत किशोर की पार्टी ने 2025 के चुनावों में 243 विधानसभा सीटों में से 242 पर चुनाव लड़ा था, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रही थी।



सुनवाई के दौरान अदालत ने पूछा, 'आपकी पार्टी को कितने वोट मिले? जब जनता नकार देती है, तो आप लोकप्रियता पाने के लिए अदालत का सहारा लेते हैं.' कोर्ट ने साफ किया कि किसी राजनीतिक दल के कहने पर पूरे राज्य का चुनाव रद्द करने का आदेश नहीं दिया जा सकता. इसके लिए हर उम्मीदवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के ठोस और अलग आरोप होने चाहिए. हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि क्योंकि ये मसला एक राज्य से जुड़ा है इसलिए इस मामले पर फैसला करने के लिए उच्च न्यायालय ही उपयुक्त मंच है।

जन सुराज पार्टी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत मतदाताओं को भुगतान किया गया था, उसकी घोषणा चुनाव से ठीक पहले की गई थी और भुगतान आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान किए गए थे. इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'हम मुफ्त सुविधाओं के मुद्दे पर विचार करेंगे. लेकिन हमें सत्यनिष्ठा भी देखनी होगी... हम केवल चुनाव हार चुकी पार्टी के कहने पर ऐसा नहीं कर सकते. सत्ता में आने पर आप भी ठीक यही करेंगे.' याचिकाकर्ता ने अंततः याचिका वापस ले ली।

गौरतलब है कि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमें आचार संहिता लागू होने के दौरान महिलाओं को सीधे 10,000 रुपये हस्तांतरित करने पर सवाल उठाया गया था. इस याचिका में कहा गया था कि 25 से 35 लाख महिला मतदाताओं को सीधे पैसे दिया जाना चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करता है. इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 112, 202 और 324 का उल्लंघन बताया गया था. इसके अलावा दोनों चरणों के मतदान के दौरान स्वयं सहायता समूह जीविका से जुड़ी लगभग 1.8 लाख महिला लाभार्थियों की मतदान केंद्रों पर तैनाती को भी अवैध और अनुचित बताया गया था।

## योगी सरकार ने 16.35 लाख निराश्रित गोवंश को दिया संरक्षण, गो-तस्करी पर लगी लगाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने गोवंश संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। योगी सरकार ने अब तक देश में सबसे अधिक रिकॉर्ड 16.35 लाख निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया है। इससे पहले किसी भी राज्य में गोवंश संरक्षण को लेकर इतनी व्यापक, संगठित और प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद से अब तक प्रदेशभर में 7500 से अधिक गोआश्रय स्थलों का निर्माण कराया गया। जहां निराश्रित गोवंश के लिए चारा, पानी, इलाज और देखभाल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। यही नहीं, सरकार ने हर जिले में गो संरक्षण समितियों का गठन करते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इसका नोडल अधिकारी बनाया, जिससे निगरानी और जवाबदेही मजबूत हुई।

**पशुपालकों को मिला सीधा लाभ**

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना और पोषण मिशन के अंतर्गत अब तक 1,13,534 पशुपालकों को 1,81,339 गोवंश उपलब्ध कराए गए, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और पशुपालकों की आय में वृद्धि हुई। गोवंश संरक्षण को आजीविका से जोड़कर योगी सरकार ने इसे आर्थिक



सशक्तिकरण का माध्यम भी बनाया है।

**गो तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई**

सीएम योगी के नेतृत्व में गो तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। बड़े पैमाने पर गो तस्करों की गिरफ्तारी, वाहनों की जब्ती और नेटवर्क तोड़ने की कार्रवाई से प्रदेश में गोतस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ। इससे न केवल गोवंश सुरक्षित हुआ, बल्कि कानून-व्यवस्था भी सुदृढ़ हुई। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि धरती, कृषि, प्रकृति और मानव जीवन सभी के लिए गोमाता सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं। प्रदेश में गोसेवा और संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

**उत्तर प्रदेश आज गोवंश संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा**

योगी सरकार ने गोवंश संरक्षण को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और मानवीय दायित्व के रूप में आगे बढ़ाया। परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज गोवंश संरक्षण का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरा है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 122 जोड़े बने हमसफर



**देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत उत्सव लॉन, मेन रोड सलेमपुर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 122 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 114 हिन्दू एवं 8 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। समारोह की मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (ग्राम्य विकास, समग्र विकास एवं ग्रामीण अभियंत्रण) विजयलक्ष्मी गौतम रहीं। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप जिलाधिकारी सलेमपुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े एक लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में, 25 हजार रुपये उपहार सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन व्यय के रूप में शामिल हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यूपी में 'रक्षक' बने 'भक्षक', एक बार फिर सस्पेंड हुए U P पुलिस के इनते पुलिसकर्मी, SSP ने गिराई गाज; रूह कंपा देगा पूरा मामला ....




मथुरा जिले के फरह थाना क्षेत्र में मोहपाश (हनीट्रैप) में फंसाकर जबरन वसूली के एक मामले में संलिप्तता के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता आगरा के किसान जगदीश हैं, जिन्होंने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी और अच्छी खासी रकम प्राप्त की थी। एसएसपी के अनुसार, गांव के प्रधान और कुख्यात बदमाश खूबी राम ने मोहपाश के जरिए किसान से जबरन वसूली करने की साजिश रची थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें एक कमरे में बुलाया गया, जहां एक महिला के साथ वीडियो रिकॉर्ड किया गया। एसएसपी ने बताया कि तत्कालीन ओएल पुलिस चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक कपिल और कांस्टेबल राकेश जगदीश को पुलिस चौकी ले गए और वहां बैठा दिया। उनकी कार कथित तौर पर प्रधान के घर पर खड़ी की गई थी। रिफाइनरी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिल कुमार कपरवान ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जबरन एक लाख रुपये देने के लिए मजबूर किया गया और आरोपियों द्वारा उसकी कार को अपने कब्जे में रखने के बाद ही उसे छोड़ा गया। आरोप था कि शेष राशि का भुगतान होने पर कार वापस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद ग्राम प्रधान, आरोपी महिला, तत्कालीन पुलिस चौकी प्रभारी और एक कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। श्लोक कुमार ने कहा, ''दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं।'' पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## मध्य प्रदेशः सरकारी कार्यक्रम में शामिल न होने पर मंत्री ने दी लाड़ली बहन योजना से नाम 'काटने' की धमकी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली–** मध्य प्रदेश के राजस्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता करण सिंह वर्मा ने गुरुवार (5 फरवरी) को सीहोर ज़िले में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान बैठक में अनुपस्थित रहने वाली 'लाड़ली बहनों' के नाम लाभार्थियों की सूची से हटाने की धमकी देकर विवाद खड़ा कर दिया. सीहोर ज़िले की इछावर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धामंदा गांव में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान वर्मा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के चलते दिल्ली से हर घर तक गेहूं भेजा जा रहा है और लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1,500 रुपये सीधे खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को 'कभी एक पैसा भी नहीं दिया.' बैठक का एक कथित वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वर्मा ने आगे कहा कि धामंदा गांव में 894 लाड़ली बहनों को हर महीने 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है, इसके बावजूद सरकारी कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति बेहद कम रहती है।

एक उप-स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन से जुड़े इस कार्यक्रम में उन्होंने सवाल किया,





'894 में से कितनी लाड़ली बहनें इस कार्यक्रम में मौजूद हैं?' इसके बाद उन्होंने कहा कि वह मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) से कहेंगे कि गांव की सभी लाभार्थियों को बुलाया जाए और जो नहीं आएंगी, उनके नाम सूची से हटा दिए जाएं. उन्होंने कहा, 'मैं सीईओ मैडम से कहूंगा कि एक दिन सभी को बुलाएं. अगर वे नहीं आती हैं, तो उनके नाम काट दिए जाएंगे. हम यहां से रिपोर्ट भेज देंगे.' वर्मा ने आरोप लगाया, 'कांग्रेस ने कभी किसी बहन को एक पैसा भी दिया? लेकिन आपके कल्याण के लिए जो किया जा रहा है, उस पर आप ध्यान ही नहीं दे रही हैं.' कांग्रेस नेता भूपेंद्र गुप्ता अगम ने उनके इस बयान पर सत्तारूढ़ भाजपा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियां एक खतरनाक सोच को दर्शाती हैं. उन्होंने एक्स पर पोस्ट करके कहा, 'यह मध्य प्रदेश के मंत्री हैं.. करण सिंह जी, यह टैक्स देने वालों का पैसा है, आपके मामा का नहीं. आपने 'लाड़ली' योजना का इस्तेमाल वोट मांगने के लिए किया और अब उन्हीं को धमका रहे हैं? कुछ तो शर्म कीजिए.' इससे पहले दिसंबर में राज्य के एक अन्य मंत्री विजय शाह भी इसी तरह के विवाद में घिर चुके हैं. उन्होंने कहा था कि लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों को मुख्यमंत्री का 'सम्मान' करना चाहिए क्योंकि इस योजना के तहत करोड़ों रुपये बांटे जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि ऐसा न करने वालों के आवेदन रोके जा सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने यह चेतावनी भी दी थी कि आधार लिंकिंग में गड़बड़ी के चलते भुगतान अपने आप रुक सकता है. रतलाम में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक के दौरान दिए गए इन बयानों को व्यापक रूप से दबाव बनाने और धमकी देने वाला माना गया था।

## एक पल में उजड़ गया परिवारः कानपुर देहात में रामगंगा नहर में गिरी कार, दो भाइयों समेत तीन की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात में बड़ा हादसा हुआ। रसूलाबाद के ओरिया गांव के पास अनियंत्रित स्विफ्ट कार रामगंगा नहर में गिर गई। हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक को ग्रामीणों ने समय रहते बचा लिया। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार गोंडा के बहराइच रोड निवासी टेंट हाउस संचालक 55 वर्षीय राजेश अपने 45 वर्षीय भाई राधेश, भतीजा अभिषेक और एक कार चालक के साथ कार बुक कर रसूलाबाद क्षेत्र के अकोढ़िया गांव आए थे। वे अपनी ममेरी बहन के यहां आयोजित मुंडन



कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी लोग शाम को वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार ओरिया गांव के पास रामगंगा नहर पुल से पहले पहुंची, अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सीधे नहर में जा गिरी। कार गिरते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद राजेश के भतीजे अभिषेक को नहर से बाहर निकाल लिया, लेकिन राजेश, उनके भाई राधेश और कार चालक को नहीं बचाया जा सका। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से शवों को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार चालक का नाम और पता अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, जिसकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि घायल अभिषेक की हालत खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है। हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## शिक्षकों की कमाई गायब; सदन में घोटाले का आरोप, मंत्री बोले-एक महीने में सुधरेगी ईपीएफ गड़बड़ी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पटना।** राज्य के कई जिलों में सरकारी स्कूलों के शिक्षकों एवं कर्मियों की ईपीएफ राशि उनके खाते में जमा नहीं की गई है, जबकि उनके वेतनमद से इसकी कटौती हो गई है। विधानपरिषद में इस अल्पसूचित प्रश्न पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने नियमन दिया कि शिक्षा मंत्री चलते सत्र में यह बताएं कि इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है। विधानपरिषद में जीवन कुमार, डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव और प्रो. संजय कुमार सिंह ने यह प्रश्न उठाया था। संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह ईपीएफ घोटाला है। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने जवाब देते हुए माना कि कई जिलों में ईपीएफ राशि के भुगतान में समस्या है। इसे एक माह में सुधार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेतिया, मुजफ्फरपुर, किशनगंज में गड़बड़ी करने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई की गई है। वहीं अब्दुलबारी सिद्दीकी ने नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति में फर्जीवाड़े से जुड़ा प्रश्न उठाया और पूछा कि इसमें नियुक्त करने वाले पदाधिकारियों पर क्या कार्रवाई हुई है। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि कार्रवाई हुई है। वह इसका विस्तृत जवाब 20 फरवरी को



उपलब्ध करा देंगे।

**चार सालों में 312 प्रखंडों में खुलेंगे डिग्री कालेज : मंत्री**

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि राज्य के 312 प्रखंड ऐसे हैं, जहां डिग्री कॉलेज की व्यवस्था नहीं है। अगले चार सालों में सरकार इसकी व्यवस्था करेगी। जब तक डिग्री कॉलेज की जमीन नहीं बन जाती, वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है। वैकल्पिक जगह मिलते ही कई प्रखंडों में अगले सत्र से पढ़ाई भी शुरू कराने का प्रस्ताव है। डॉ. अजय कुमार सिंह ने सहरसा के रमेश झा महिला कॉलेज में आडिटोरियम की कमी का सवाल पूछा, इसपर मंत्री ने कहा कि एक सप्ताह में इंजीनियर की टीम निरीक्षण करेगी।

**100 प्रतिशत संतुष्टि हो यह मुश्किल है : मंत्री**

विधानपरिषद में जीवन कुमार ने प्रधानाध्यापकों के अपने जिले से 100-500 किमी दूर स्कूलों में पदस्थापित करने और इसके कारण आ रही दिक्कतों को लेकर ध्यानाकर्षण लाया। इस पर शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक शिक्षकों की तुलना में प्रधानाध्यापकों की संख्या कम है। फिर भी यथासंभव कोशिश की जाएगी। पहले भी प्रधानाध्यापकों का तबादला हुआ है। सौ प्रतिशत संतुष्टि हो जाए, यह मुश्किल है, 70 प्रतिशत संतुष्टि का स्तर है। नीरज कुमार ने पटना विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति कोष का लाभ छात्रों को न मिल पाने का मामला उठाया। इस पर मंत्री ने कहा कि पटना विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति से जवाब मांगा गया है। समय पर जवाब न देने पर संबंधित पर कार्रवाई के लिए भी पत्र लिखा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीमावर्ती गांवों में आयोजित हुआ निशुल्क चिकित्सा शिविर



#### हजारों मरीज ने लिया चिकित्सा लाभ

**बलरामपुर-** गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा.06, नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित शुक्रवार को प्रथम दिन जनपद के पचपेड़वा, गैसडी, तुलसीपुर, शिवपुरा विकास खंड के सीमावर्ती 34 गांवों में सुबह 10 बजे से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें,लखनऊ मेडिकल कॉलेज, पीजीआई,राममनोहर लोहिया अस्पताल आदि से कुशल चिकित्सक ने शिविर में उपस्थित होकर मरीजों को दवा देकर इलाज किया और परामर्श दिया।पचपेड़वा विकास खंड के बैरिहवा गांव में टीकाराम चौधरी के आवास के बाहर डॉक्टर विनोद शुक्ला,डॉक्टर निखिल,डॉक्टर शिवानी, डॉक्टर श्रेया ने 200 से अधिक मरीजों को जांच कर दवाई दिया।गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ सेवा यात्रा के जिला संयोजक रामकृपाल ने सभी स्वास्थ शिविर में पहुंचकर समुचित व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। डॉक्टर विनोद ने बताया कि ज्यादातर मरीज ज्वाइंट पैन और खुजली के मिले, महिलाए और बच्चो ने भी शिविर में पहुंच कर दवा लिया।

### भारत-नेपाल सीमा पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित:बलरामपुर में विधायक ने किया शुभारंभ, ग्रामीणों को मिला स्वास्थ्य लाभ




**बलरामपुर ।** हरैया सतघरवाः भारत-नेपाल सीमावर्ती गांवों में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सीमा जागरण मंच ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने इस शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर चौधरीडीह, विनोहनी कला और रत्नवा ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विधायक कैलाश नाथ शुक्ल ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों में ऐसे शिविर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंदों को तत्काल राहत प्रदान करते हैं। उन्होंने इसे समाज के प्रति सामूहिक दायित्व का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, उमाकांत त्रिपाठी, धर्मेंद्र उपाध्याय सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। केजीएमयू लखनऊ और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया।

### वरदान फाउंडेशन व बीएचईएल ने निकाली यातायात जागरूकता रैली



**कानपुर।** वरदान फाउंडेशन एवं बी.एच.ई.एल. के नेतृत्व में एक यातायात जागरुकता रैली का आयोजन पनकी तापीय विद्युत विस्तार परियोजना परिसर से छठ पूजा घाट, पनकी नहर तक किया गया। रैली के दौरान टीएसआई मजीद खान द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजनमानस को जागरुक किया व बिना हेलमेट वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति प्रेरित किया गया। रैली के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) की विशेष भागीदारी रही। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## कांग्रेस अमेठी में फिर रच रही लोकतंत्र से खिलवाड़ की साजिश मतदाता सूची में धांधली बर्दाश्त नहीं-सुधांशु शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी ने कांग्रेस पार्टी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान खुलेआम धांधली, फर्जी नाम जुड़वाने और दलित-पिछड़ा-सामान्य वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इसी के विरोध में भाजपा के एक विशाल प्रतिनिधिमंडल ने गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि 'अमेठी में कांग्रेस का इतिहास लोकतंत्र को कुचलने, बूथ कैप्चरिंग कराने और फर्जी मतदान के सहारे चुनाव जीतने का रहा है। कांग्रेस को जनता पर भरोसा नहीं, इसलिए वह हर चुनाव में वोट चोरी का रास्ता अपनाती है। 'उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता यह नहीं भूली है कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जगदीशपुर विधानसभा के ग्राम थौरी और गौरीगंज विधानसभा के गुर्जर टोला में जबरन फर्जी मतदान कराकर चुनाव को प्रभावित किया गया था। आज वही कांग्रेस एक बार फिर मतदाता सूची में हेराफेरी कर लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है।सुधांशु शुक्ला ने आरोप लगाया कि वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण



अभियान में कांग्रेस सुनियोजित साजिश के तहत फर्जी नाम जुड़वा रही है और भाजपा समर्थक, दलित, पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग के वास्तविक मतदाताओं के नाम कटवाने का षड्यंत्र रच रही है।उन्होंने 4 फरवरी 2026 की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि ग्राम ठेंगहा, तहसील अमेठी, बूथ संख्या 207 व 208 पर पुनरीक्षण अभियान के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव राकेश कुमार मौर्य एवं उनकी पत्नी (जो किसी अन्य बूथ की BLO हैं) ने कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने, फॉर्म भरने से रोकने और माहौल खराब करने की कोशिश की। विरोध होने पर वे वहां से भाग खड़े हुए।इसके बाद कांग्रेस जिला सचिव द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष को बदनाम करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की नीयत से एक पूरी तरह मनगढ़ंत, झूठा और दुर्भावनापूर्ण प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी अमेठी को दिया गया, जो यह साबित करता है कि कांग्रेस अब प्रशासन को गुमराह कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने दो टूक शब्दों में कहा कि 'कांग्रेस की यह साजिश अब ज्यादा दिन नहीं चलेगी। अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो भाजपा सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र की रक्षा करेगी। 'भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी अमेठी से मांग की कि कांग्रेस के झूठे आरोपों और मतदाता सूची में धांधली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया को बचाया जा सके।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी, उमाशंकर पांडे, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, प्रवीण सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विषुव मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, उमेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, मनोज जायसवाल, जिला कार्यालय मंत्री अरुण मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष द्विवेदी,अमरेन्द्र सिंह पिण्टू,अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जालौन में कॉलेज की क्लर्क ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगा दी जान, इस वजह से रहती थी परेशान

**रामपुरा(जालौन)।** शहर के मुहल्ला राजेंद्र नगर निवासी 27 वर्षीय रेनू पत्नी प्रवीण कुमार वर्मा मुख्यालय से 70 किमी दूर जगम्मनपुर स्थित पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय में क्लर्क पद पर तैनात थी। उसके पति भी इसी विद्यालय में अध्यापक हैं। इस कारण वह दोनों हास्टल के कमरा में 20 में रहते थे। कुछ दिन से पति उरई स्थित आवास पर पुत्र कुबेर के साथ आया। परिवार में शादी होने के कारण उसकी तैयारी कर रहा था। गुरुवार की रात प्रवीण ने पत्नी रेनू का फोन लगाया फोन रिसीव न होने पर उसने हास्टल में रहने वाले छात्र आकाश को फोन लगाकर कहा कि वह रेनू से बात करा दे। जब छात्र उनके कमरे में पहुंचा तो रेनू फंदे पर लटकी मिली। सूचना के बाद पहुंचे प्रवीण ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति प्रवीण कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले कानपुर में पत्नी का एक्सीडेंट हो गया था जिस कारण वह दिमागी रूप से परेशानी थी और उसका इलाज भी चल रहा था। थाना प्रभारी रजत कुमार सिंह ने कहा कि महिला के खुदकुशी करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

## नवागंतुक एसपी सरवणन टी. ने संभाला अमेठी का कार्यभार

● पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौरीगंज, अमेठी।** जनपद अमेठी में नवागंतुक पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के आगमन पर पुलिस महकमे में नई ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत एसपी सरवणन टी. ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार संभाला और तत्पश्चात जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं।पुलिस कार्यालय गौरीगंज में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और



किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी सरवणन टी. ने अधिकारियों व कर्मचारियों को जनता से संवेदनशील व्यवहार रखने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध नियंत्रण के लिए सक्रियता से कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी, जिससे जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था और मजबूत हो सके।नवागत पुलिस अधीक्षक के सख्त व संवेदनशील तेवरों से आमजन में न्याय की उम्मीद जगी है, वहीं पुलिस विभाग में भी कार्यसंस्कृति को और प्रभावी बनाने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है।

## सोनभद्र पुलिस का मानवीय चेहरा दो पुलिसकर्मी कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)।** जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक (SP) अभिषेक वर्मा ने गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले दो पुलिसकर्मियों को कॉप ऑफ द मंथ के प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों ने गुमशुदगी और अपहरण के दो अलग-अलग जटिल मामलों में कड़ी मेहनत और सूझबूझ का परिचय दिया।मुख्य आरक्षी धनन्जय यादव (PNO-112320531) इन्होंने धारा 363 भादवि के तहत दर्ज एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 वर्षीय अपहृता को बिहार के औरंगाबाद (ग्राम दाउदनगर) से सकुशल बरामद किया।आरक्षी अनुराग शुक्ला (PNO-192500975) इन्होंने थाना रॉबर्ट्सगंज में पंजीकृत अपहरण के एक मामले में तत्परता दिखाते हुए 17 वर्षीय अपहृता को ग्राम गोदापुर, नेवादा से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया।पुलिस अधीक्षक ने दोनों पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि लापता व्यक्तियों, विशेषकर नाबालिग बालक-बालिकाओं की बरामदगी पुलिस की प्राथमिकता है। इन पुलिसकर्मियों द्वारा किया गया प्रयास जनहित, मानवता और जिम्मेदार पुलिसिंग का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। ऐसे सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे न केवल विभाग में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, बल्कि आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ होता है। अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र मुख्य आरक्षी धनन्जय यादव 112320531 नाबालिग अपहृता की सकुशल बरामदगी (बिहार से) आरक्षी अनुराग शुक्ला 192500975 नाबालिग अपहृता की बरामदगी एवं परिजनों को सुपुर्दगी इस सम्मान के बाद पुलिस विभाग के अन्य कर्मियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। एसपी सोनभद्र की इस कॉप ऑफ द मंथ पहल की जनपद के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी प्रशंसा की है, क्योंकि यह पुलिस को अपनी ड्यूटी के प्रति अधिक संवेदनशील और सक्रिय बनाता है।

## नाली पर अवैध कब्जे से जलनिकासी बाधित

●मोहल्लेवासियों ने डीएम से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला रावतयाना चौकबाग, वार्ड संख्या 14 में जल निकासी की गंभीर समस्या सामने आई है। नाली पर अवैध कब्जे के कारण सड़क पर पानी भरने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मोहल्लेवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि मोहल्ले में लगभग 20 वर्ष पुरानी सार्वजनिक नाली स्थित है, जिस पर दो व्यक्तियों द्वारा अवैध



रूप से कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि नाली को दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया है, जिससे नाली का पानी सड़क पर बहने लगता है। इससे न केवल आवागमन बाधित होता है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों एवं स्कूली बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। रात के समय सड़क पर भरे पानी के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभागीय अधिकारियों को पहले ही इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रार्थना पत्र में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि मौके पर जांच कराकर अवैध कब्जा हटवाया जाए और नाली की साफ-सफाई एवं मरम्मत कराकर जलनिकासी की व्यवस्था सुचारु की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की अपील की है, जिससे क्षेत्र में जनजीवन सामान्य हो सके। ज्ञापन देते समय अंकित, जयराम, रमेशप्रसाद, जयराम, मुन्नालाल, धर्मवीर सिंह, हाकिम सिंह, भोगीराम आदि मौजूद रहे।

## जौनपुर में विदेश भेजने के बहाने 1.21 लाख ठगी का आरोप, सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गौराबादशाहपुर (जौनपुर)।** थाना पुलिस ने मलेशिया में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.21 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपित गाजीपुर जिला निवासी दो सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की। थाना क्षेत्र के कुकुहां गांव निवासी निसार अहमद ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। आरोप लगाया कि गाजीपुर के मरदह थाना क्षेत्र के बेदौली गांव निवासी सगे भाइयों उदयभान राजभर व चंद्रभान राजभर ने उसे मलेशिया में नौकरी दिलाने का झांसा देकर किस्तों में कुल 1,21,000 रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद आरोपितों ने उसे कूटरचित फर्जी वीजा व पासपोर्ट दे दिया। ठगी का पता चलने पर 10 सितंबर 2025 को रुपये वापस मांगने पर दोनों भाइयों ने उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट की। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाने में शिकायत किए जाने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने कहा न्यायालय के आदेश के अनुपालन के क्रम में दोनों आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बस्ती में ट्रेन के सामने कूदकर 65 वर्षीय वृद्ध ने दी जान, बभनान में मचा हड़कंप

**बभनान, बस्ती।** ट्रेन के सामने कूद कर एक 65 वर्षीय वृद्ध ने जान दे दी। ट्रेन ड्राइवर ने घटना की सूचना मेमो देकर स्टेशन मास्टर को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया है। शुक्रवार को गोंडा से चलकर गोरखपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन बभनान रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। अभी वह रेलवे गेट संख्या 221 के आगे पहुंची थी की ट्रेन को आते देख वृद्ध व्यक्ति ट्रेन के सामने कूद गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद थोड़े ही देर में यह बात चारों तरफ फैल गई और वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर शव की पहचान करने में जुटी थी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने शव की पहचान भागेलू कनौजिया पुत्र काशी कनौजिया ,निवासी वार्ड नंबर तीन पटेल नगर, नगर पंचायत बभनान थाना गौर के रूप में कर लिया। बाद में दिवंगत के स्वजन को घटना की सूचना दी गई। चौकी इंचार्ज बभनान अजय कनौजिया ने बताया कि ट्रेन के ड्राइवर ने बताया है कि दिवंगत ट्रेन के सामने कूद कर जान दी है ।शव को कब्जे में ले लिया गया है ।अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सीएमओ ने ग्राम पंचायत कटिया के पुरवा झुन्झुनिया का किया दौरा

●स्वास्थ्य योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया के पुरवा झुन्झुनिया का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत को परखा। सीएमओ ने बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना एवं आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामीणों से प्राप्त की। ग्रामीणों ने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं के



प्रति जागरूक किया जाता है, वहीं एएनएम द्वारा समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण किया जाता है।

ग्रामीणों ने यह भी अवगत कराया कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। इस पर सीएमओ ने संतोष व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाया जाए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी राजेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आईपीएस चारू निगम ने संभाला सुल्तानपुर का कार्यभार

●पहली बार तब चर्चा में आईं जब गोरखपुर में बीजेपी विधायक से हुई थी तीखी बहस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर –** नवागत पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। बुधवार रात शासन द्वारा जारी आईपीएस तबादलों में उन्हें गाजियाबाद पीएसी से सुल्तानपुर भेजा गया है। इससे पहले यहां एसपी रहे कुंवर अनुपम सिंह का स्थानांतरण जौनपुर कर दिया गया है। आईपीएस चारू निगम पहली बार 2017 में गोरखपुर में बतौर एएसपी तैनात रहते हुए चर्चा में आई थीं। उस समय शराब की एक दुकान बंद कराने को लेकर उनकी तत्कालीन बीजेपी विधायक डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल से तीखी बहस हुई थी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें विधायक चारू निगम को डांटते हुए दिख रहे थे। इस मामले को लेकर विधायक को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था, जबकि आम जनता ने चारू निगम का समर्थन किया था। गोरखपुर में एक अन्य घटना ने भी चारू निगम को लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया था। मझगांवा गांव की आरती को मेडिकल कॉलेज के गायनी विभाग में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया।

आरती की तीमारदारी के लिए उनकी ननद सुमन अपने आठ महीने के बेटे राजीव के साथ आई थीं। अगली सुबह बच्चा राजीव मेडिकल कॉलेज से गायब हो गया। एएसपी चारू निगम के नेतृत्व में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 36 घंटे के भीतर बच्चे राजीव को खोज निकाला और उसे चुराने वाली महिला तबस्सुम को भी गिरफ्तार कर लिया था। चारू निगम मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की निवासी हैं। उनका परिवार पहले आगरा में रहता था, लेकिन उनके पिता एमएस निगम को दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी (DDA) में नौकरी मिलने के बाद पूरा परिवार दिल्ली स्थानांतरित हो गया। इसी कारण चारू की प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली में हुई। उन्होंने गणित और कंप्यूटिंग में बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद चारू ने नौकरी करने के बजाय सिविल सेवा में जाने का फैसला किया। उनके पिता भी चाहते थे कि वह आईएएस या आईपीएस अधिकारी बनें और उन्होंने अपनी बेटी को इसमें पूरा सहयोग दिया। उन्होंने वर्ष 2010 में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दी थी, हालांकि उनका अंतिम चयन 2013 में हुआ।

## 16 से 27 फरवरी तक चलेगा विशेष एमआर अभियान

●खसरा-रूबेला उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में खसरा और रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों के उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 से 27 फरवरी तक विशेष एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने खसरा और रूबेला जैसी जानलेवा बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान के नए चरण की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य 5 से 10 वर्ष तक के सभी बच्चों को लक्षित करते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है, ताकि आने वाले समय में इन बीमारियों का पूर्ण उन्मूलन किया जा सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. शिवप्रकाश ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा त्रि-स्तरीय रणनीति अपनाई गई है। इसके तहत स्कूलों में विशेष टीकाकरण सत्र, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम व जिला स्तर पर सघन निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। टीकाकरण के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने के लिए सामुदायिक नेताओं और धार्मिक गुरुओं को भी इस अभियान से जोड़ा गया है।

अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को इस जीवनरक्षक टीके की दूसरी खुराक अवश्य दिलवाएं, भले ही पहले टीकाकरण हो चुका हो, क्योंकि अतिरिक्त खुराक बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाती है। अभियान के अंतर्गत रियल-टाइम डेटा के आधार पर टीकाकरण की निगरानी की जाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय डैशबोर्ड और रिपोर्टिंग सिस्टम को सक्रिय किया गया है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। खसरा रोग के बारे में जानकारी देते हुए पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि खसरा एक अत्यंत संक्रामक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से श्वसन प्रणाली को प्रभावित करती है। इसके शुरुआती लक्षणों में तेज बुखार, खांसी, बहती नाक और आंखों में लालिमा शामिल है। कुछ दिनों बाद मुंह के अंदर छोटे सफेद धब्बे (कॉप्लिक स्पॉट) दिखाई देते हैं और फिर चेहरे से शुरू होकर पूरे शरीर पर लाल चकत्ते फैल जाते हैं। यह बीमारी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से निकलने वाली हवा की बूंदों के माध्यम से फैलती है। वहीं रूबेला रोग भी एक संक्रामक वायरल बीमारी है, जिसके लक्षण बच्चों और वयस्कों में सामान्यतः हल्के होते हैं, जैसे हल्का बुखार, गुलाबी दाने, नाक बहना और गर्दन के पीछे ग्रंथियों में सूजन। लेकिन यह बीमारी गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकती है, क्योंकि इससे नवजात शिशु में जन्मजात विकृतियां हो सकती हैं। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान की सफलता के लिए आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समय पर टीकाकरण ही इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को निर्धारित तिथियों में टीका लगवाने का आग्रह किया।

## ललितपुर शहर में भूमि विवाद अपील लंबित रहते बिक्री पर रोक, आदेश उल्लंघन की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद ललितपुर के ग्राम हद बाहर, नगर पालिका क्षेत्र स्थित विवादित कृषि भूमि को लेकर चल रहे लंबे राजस्व विवाद में न्यायालय अपर आयुक्त, झांसी मंडल द्वारा महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। अपील संख्या 2556/2025 (शशिशंकर चौबे बनाम हरनाम सिंह आदि) में न्यायालय ने 07 जनवरी 2026 को विवादित आराजी के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यह अपील उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 207 के अंतर्गत दाखिल की गई है। प्रकरण में आरोप है कि विवादित भूमि में शामिल सह-खातेदार प्रभावशाली एवं भू-माफिया किस्म के व्यक्ति हैं, जिन्हें अपील की जानकारी होने के बावजूद वे भूमि का अवैध रूप से विक्रय कर




सकते हैं। ऐसी स्थिति में न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवमानना की आशंका जताई गई है।

**भूमि का विस्तृत विवरण**

शिकायतकर्ता शशिशंकर चौबे, निवासी मोहल्ला तालाबपुरा, तहसील एवं जनपद ललितपुर द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार विवादित भूमि कई खातों एवं आराजियों में दर्ज है, जिनका कुल रकवा लगभग 13 बीघा से अधिक बताया गया है। यह भूमि नगर पालिका ललितपुर की सीमा में स्थित है तथा कृषि योग्य बताई गई है।

**पूर्व वाद और आदेश**

प्रकरण में पहले उप जिलाधिकारी (प्रथम), ललितपुर के न्यायालय में धारा 116 के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसे 17 नवम्बर 2025 को पोषणीयता के अभाव में निरस्त कर दिया गया। साथ ही उस वाद में पूर्व में पारित भूमि विक्रय रोक संबंधी आदेशों को भी समाप्त कर दिया गया था। इसके पश्चात पीडित द्वारा उक्त आदेश के विरुद्ध झांसी मंडल में अपील दाखिल की गई, जिस पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने 07 जनवरी 2026 को महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया।

**आदेश के अनुपालन की मांग**

शिकायतकर्ता ने तहसीलदार ललितपुर को प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि अपर आयुक्त, झांसी मंडल द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विवादित भूमि का क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा अभिलेखों में रोक/स्टे दर्ज किया जाए, जिससे न्यायालय की गरिमा बनी रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विराम खंड-5 के मतदान बूथ 408 की समीक्षा बैठक



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज पूर्वाह्न विराम खंड-5 स्थित 5/ 371 पर नीरज सिंह ने मतदान बूथ संख्या 408 की समीक्षा बैठक पार्षद अरुण तिवारी, अध्यक्ष, जनकल्याण उपसमिति विराम खंड-5, डा. भरत राज सिंह, बूथ समिति के सदस्यों, बीएलओ श्रीमती सुलोचना तथा क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों के साथ संपन्न की। इस अवसर पर नीरज सिंह ने लखनऊ में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रस्तावित निवेश की विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आग्रह किया कि बूथ स्तरीय समिति की सक्रियता सकारात्मक सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से निरंतर बढ़ती रहनी चाहिए। बीएलओ श्रीमती सुलोचना ने बूथ संख्या 408 के एसआईआर से संबंधित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट नीरज सिंह के समक्ष प्रस्तुत की। विराम खंड-5 गोमती नगर जनकल्याण उपसमिति के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह ने भी एसआईआर विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में सर्वश्री एस.एस. ओझा, दया शंकर तिवारी, शैलेन्द्र नाथ टण्डन, नर्बदा श्रीवास्तव, कुमकुम जैतली, शैलजा सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, जी.एस. भल्ला, डॉ. राम प्रताप शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, के.के. जायसवाल, विजय कुमार भुर्जी, विनय, अतुल जौहरी, प्रवीण खंडेलवाल, कर्नल संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन श्री राकेश जैतली ने किया।

### डॉ. जितेंद्र ने चौथी बार पास की नेट परीक्षा



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के साकेत नगर मोहल्ला निवासी डॉ. जितेंद्र कुमार निर्मल ने योग विषय से चौथी बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। डॉ. जितेंद्र बीएएमएस और एमडी हैं। वह कोतवाली के सामने अपना निजी क्लीनिक संचालित करते हैं। व्यस्त चिकित्सा सेवा के बावजूद उन्होंने पढ़ाई का रास्ता नहीं छोड़ा। नियमित अध्ययन ने उन्हें बार बार सफलता दिलाई। डॉ. जितेंद्र ने बताया कि योग उनके लिए केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन का मार्ग है। कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास से उन्होंने चार बार नेट परीक्षा पास की। वर्तमान में वह मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय से योग विषय में पीएचडी कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर डॉ. जेपी सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. सशेंद्र, कोतवाल शिवशंकर सिंह, पत्नी ज्योति भारती, अर्चना, साधना, उत्सवी सहित अनेक लोगों ने खुशी व्यक्त की।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर अगवा करने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफतार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के रेवती खुर्द सीताराम का पुरवा गांव निवासी नीरज कुमार लोधी ने क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर रह रही नाबालिग किशोरी को 31 जनवरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी के लापता होने पर उसकी बुआ की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म से संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। शुक्रवार को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफतार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## आवारा सांड के हमले से किसान हुआ घायल खेत जाते समय किया हमला, पेट फटने से गंभीर हालत लखनऊ रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गौरा में गुरुवार शाम खेत जा रहे एक बुजुर्ग किसान पर आवारा सांड ने अचानक हमला कर दिया। सांड के हमले में 54 वर्षीय किसान रामदीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि सांड के सींग लगने से किसान का पेट फट गया। जिससे मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई घायल किसान को परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार रामदीन गुरुवार शाम अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पड़ोस से गुजरते समय वहां मौजूद एक आवारा सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। सांड ने रामदीन को पटक-पटक कर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह सांड को भगाकर किसान को बचाया ग्रामीणों का कहना है कि यही सांड पिछले कई दिनों से इलाके में आतंक का कारण बना हुआ था। तीन दिन पहले ग्रामीणों ने उसे पकड़कर एक पेड़ से बांध दिया था, लेकिन बाद में किसी कारणवश वह फिर से खुल गया। इसके बाद से सांड खुलेआम गांव और खेतों के आसपास घूम रहा था जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है इधर जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार रामदीन की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवरा गौवंशो से निजात दिलाने की मांग की है!!

## बोलेरो सवार युवकों ने दूल्हे के बड़े भाई को जमकर पीटा

मांगलिक कार्यक्रम में दहशत फैला दी बोलेरो सवार युवक

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के चकमनिया गांव में शादी समारोह के दौरान बोलेरो सवार युवकों ने अगवानी के दौरान दूल्हे के बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना से बारातियों में दहशत फैल गई। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पडेरा गांव निवासी राहुल पुत्र बनवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की रात बारात लेकर चकमानिया गांव पहुंचा था। अगवानी के दौरान एक युवक अपने सात आठ अज्ञात साथियों के साथ वहां आया और अचानक उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर आरोपी धमकाते हुए बोलेरो वाहन से मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने एक युवक को नामजद करते हुए उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद विवाह समारोह में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर बनाए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांग पत्र तहसीलदार बिसवां को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां सीतापुर।** ठंड अपने अंतिम पड़ाव पर है, कुछ समय मे गर्मी की शुरुआत होगी गर्मी के दिनों मे आम आदमी के लिए स्वास्थ्य बड़ा मुद्दा तहसील क्षेत्र मे रहा है। स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय मांग पत्र नागरिक अधिकार संगठन की जिला संयोजक कमरुन निशा की अगुवाई मे उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला की गैरमौजूदगी मे तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी को सौपा गया। मांगपत्र मे कमरुन निशा ने कहा कस्बे का एकमात्र गया प्रसाद मेहरोत्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे प्रतिदिन लगभग 600 से 700 मरीजों की ओपीड़ी मे चिकित्साधिकारियों के द्वारा मरीज देखे जाते है गर्मियों के दिनों मे यह संख्या और बढ़ेगी जिसके चलते भारी दबाव का स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर हो सकता है। उन्होने कहा केंद्र मे तीस बेड है, बेड़ो की संख्या 60 हो, गर्भवती महिलाओ को दी जा रही अल्ट्रासाउंड की सुविधा सभी महिलाओ एवं पुरुषों को सुलभ कराने व स्वास्थ्य केंद्र मे पैथालोजी लैब छोटे जगह मे होने मे संचालित होने पर स्वास्थ्य कर्मियों एवं मरीजों को दुशवारी का हवाला देते हुए होती है बड़ी जगह मे संचालन की व्यवस्था कराये जाने की बात कही गई है। वही प्रतिदिन आने वाले मरीजों की भीड़ को देखते हुए चिकित्साधिकारियों एवं स्टाप मे बढ़ोत्तरी एवं केंद्र परिसर के अंदर जर्जर भवन को नस्ट कर नये भवन का निर्माण कराये जाने की मांगे प्रमुख रूप से की गई है। इस मौके पर मदन गुप्ता,अधिवक्ता, कमरुन निशा, हरीशंकर गुप्ता,अख्तर अली,विश्राम लाल गौतम, दयाराम गौतम आदि मौजूद रहे।

## सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**लखनऊ।** सूचना विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 को सूचना निदेशालय के सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशक सूचना श्री विशाल सिंह ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक सूचना विशाल सिंह ने कहा कि सूचना विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे प्रदेश सरकार की नीतियों, निर्णयों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा विभाग की गरिमा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संघ प्रशासन और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाता है। सकारात्मक संवाद और सहयोग से ही विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में कपिल कुमार सिंह को अध्यक्ष, निखिल मिश्रा एवं शशांक शेखर शुक्ल को उपाध्यक्ष, राज कुमार को महामंत्री, बृज मोहन पाण्डेय को संयुक्त मंत्री, शुभम चौहान को संगठन मंत्री, शिव शंकर पाण्डेय को प्रचार मंत्री, मो. सलीम अंसारी को कोषाध्यक्ष, उमेश कुमार को ऑडिटर तथा आनन्जय, राजेश कुमार भारती, पंकज यादव, प्रवीन दुबे, राशि सक्सेना एवं पंकज पाल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया।इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से प्रमोद कुमार एवं शोभा चौधरी को सलाहकार सदस्य नामित किया गया।

चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी अमित यादव एवं सह निर्वाचन अधिकारी अमित शुक्ला की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराई गई।इस अवसर पर अपर निदेशक सूचना अरविन्द कुमार मिश्र, वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, जितेन्द्र प्रताप सिंह, चन्द्र विजय वर्मा, संजय कुमार सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विभाग एवं कर्मचारियों के हित में कार्य करने, समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## खाकी को दागदार कर रहे सालों से हल्के में तैनात आरक्षी...खूबसूरती में कोतवाली

● गत 20 रोज में डलमऊ कोतवाली की पलटी काया ,बाउंड्री वॉल बनकर तैयार स्वच्छता पर विशेष ध्यान!

तस्कर ,चोर पर शिकंजा लेकिन हल्के में पैर पसारे आरक्षीयो का इकबाल न्याय से ज्यादा आय का जरिया!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली।** कोतवाली डलमऊ की काया पलट कर गई है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि कोतवाली पर आने वाले फरियादी व आम नागरिक भी प्रभारी राघवन सिंह की इस पहल की सराहना कर रहा है राघवन सिंह को डलमऊ कोतवाली की कमान संभाले करीब एक महीना होने को है और डलमऊ कोतवाली की पुलिसिया पद्धति और खूबसूरती में निखार और व्यवस्थाओं में सुधार से आमजन व पुलिस कर्मियों को एक बेहतर संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है प्रभारी राघवन सिंह के पदभार संभालने के बाद कोतवाली की चारदीवारी का सौंद्रीकरण और स्वच्छता प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम के साथ साथ चोरी की घटनाओं का अनावरण व गांजा तस्करी में गिरफ्तारी तथा यातायात नियमों का शक्ति से पालन कराने हेतु मात्र 20 से 22 दिनों के अंदर 300 से ज्यादा चालान डलमऊ पुलिस के कार्य शैली और प्रभारी निरीक्षक की नेतृत्व क्षमता की सराहना होना लाजिम है किंतु दूसरी पृष्ठभूमि पर गौर फरमाया जाए तो डलमऊ कोतवाली के विभिन्न हल्का क्षेत्रों में सालों से तैनात आरक्षी इस समय चर्चाओं के दौर से गुजर रहे हैं इन सिपाहियों को क्षेत्र के लोग वसूलबाज सिपाही कहते हैं तो गैर कानूनी कार्य करने वाले लोग इन सिपाहियों को मस्त बता रहे हैं क्योंकि बरसों से एक ही हल्का क्षेत्र में तैनात इन सिपाहीयों की पहचान इतनी मुकम्मल सी है की हर कोई इनको अपना खासम खास बता रहा और इस बात का फायदा पैर जमाएं सिपाही पूरी सादगी से उठा रहे हैं मिट्टीखनन, हरे पेड़ों की कटाई बगैर जारी परमिट के कट जा रहे जिसके एवज में इन सिपाहियों के द्वारा रकम वसूली जाती है और इस बात की खबर कोतवाली में कानों कान किसी और को नहीं होती क्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाद विवाद के निस्तारण से पहले जेबो का वजन बढ़ाने की कवायद इन सिपाहियों के द्वारा शुरू कर दी जाती है जिसमें वह सफल भी हो जाते हैं इस वजह से की पक्ष विपक्ष की पैरवी हेतु वही खासम खास बताने वाले लोग लग जाते हैं जो सिपाहियों का जेब का वजन तो बढ़ाते ही है और खुद भी मालामाल हो रहे कुल मिलाकर सिपाहियों के लिए एक ही हल्के में बरसों से तैनाती अब भाग्यशाली साबित हो रही सूत्र बताते हैं कि कोई भी प्रकरण अगर कोतवाली तक पहुंचा और बाद में पक्ष- विपक्ष के द्वारा आपसी सहमति पर सुलह नामा की स्थिति में भी सिपाहियों के द्वारा खाऊ कमाऊ नीत अपनाई जाती है देखने वाला विषय होगा फौरन कार्यवाही को अमल में लाने वाले वर्तमान प्रभारी की दृष्टि से ऐसे सिपाही कब तक ओझल रहते हैं क्योंकि उनके कार्य क्षेत्र में बदलाव की सख्त ज़रूरत है जो खाकी को दागदार कर रहे हैं हालांकि प्रभारी राघवन के कामकाज के तौर तरीका स्पष्ट करता है कि कर्तव्य निष्ठा से कार्य के साथ दैनिक जीवन में सकारात्मक सोच का होना जरूरी है सरकारी भवन व संपत्तियों की सार -संभाल के साथ उसका सौन्दर्य और समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी देना है।

## एसपी ने दो थानाध्यक्षों को पद से हटाया लचर कार्यशैली पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में पुलिस महकमे में एक बार फिर बड़ा फेरबदल किया गया है। एसपी अंकुर अग्रवाल ने देर शाम तीन इंस्पेक्टर और दो सब इंस्पेक्टरों के तबादले कर दिए। अचानक किए गए इन तबादलों से विभाग में हलचल मच गई है। खास तौर पर दो थानों के प्रभारी निरीक्षकों से चार्ज छिनने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। एसपी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सदरपुर और रामकोट थानों के प्रभारी निरीक्षकों को उनके पद से हटाते हुए अपराध शाखा भेज दिया गया है। सदरपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार को अपराध शाखा में संबद्ध किया गया है। वहीं रामकोट थाने के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार पटेल से भी रामकोट थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी छीन ली गई है और उन्हें भी अपराध शाखा भेज दिया गया है। इन बदलावों के तहत सदरपुर थाने की कमान अब इंस्पेक्टर मुकेश वर्मा को सौंपी गई है। वहीं रामकोट थाने के नए थानाध्यक्ष के रूप में सब इंस्पेक्टर पीयूष सिंह को तैनात किया गया है। पीयूष सिंह इससे पहले रामपुरकलां थाने में तैनात थे उनके स्थान पर रामपुरकलां थाने की जिम्मेदारी सब इंस्पेक्टर लल्ला गोस्वामी को सौंपी गई है जिन्हें नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। सब इंस्पेक्टर लल्ला गोस्वामी अभी तक हरगांव कस्बा चौकी प्रभारी थे। बताया जा रहा है कि कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने तथा थानों की कार्यप्रणाली में सुधार के उद्देश्य से यह तबादले किए गए हैं एसपी अंकुर अग्रवाल लगातार पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए सक्रिय नजर आ रहे हैं और बीते कुछ समय में कई स्तर पर प्रशासनिक बदलाव कर चुके हैं इन तबादलों के बाद संबंधित थानों में नई तैनाती के साथ कामकाज शुरू हो गया है। पुलिस महकमे में इसे नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बताया जा रहा है, हालांकि चार्ज छिनने को लेकर अंदरखाने कई तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं!!


## बोलेरो सवार युवकों ने दूल्हे के बड़े भाई को जमकर पीटा

मांगलिक कार्यक्रम में दहशत फैला दी बोलेरो सवार युवक

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के चकमनिया गांव में शादी समारोह के दौरान बोलेरो सवार युवकों ने अगवानी के दौरान दूल्हे के बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना से बारातियों में दहशत फैल गई। पीड़ित युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पडेरा गांव निवासी राहुल पुत्र बनवारी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बुधवार की रात बारात लेकर चकमानिया गांव पहुंचा था। अगवानी के दौरान एक युवक अपने सात आठ अज्ञात साथियों के साथ वहां आया और अचानक उसके साथ मारपीट करने लगा। विरोध करने पर आरोपी धमकाते हुए बोलेरो वाहन से मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने एक युवक को नामजद करते हुए उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद विवाह समारोह में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


## तीसरी शादी करते समय दूसरी पत्नी ने पति को दबोचा पहली पत्नी से तलाक़, दूसरी पत्नी ने दहेज़ विवाद का चल रहा मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के महोली थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न और वैवाहिक धोखाधड़ी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां पहली पत्नी से तलाक और दूसरी पत्नी से जुड़े दहेज उत्पीड़न का मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद एक युवक तीसरी शादी रचाने पहुंच गया। ऐन वक्त पर दूसरी पत्नी की सूचना पर पुलिस ने पत्नी के साथ गेस्ट हाउस में छापा मारकर आरोपी पति को रंगे हाथों दबोच लिया। महोली के रहने वाले विपिन की पहली शादी हरदोई की रहने वाली नीतू से हुई थी। दूसरी शादी मछरेहटा थाना क्षेत्र के हीरापुर गंज निवासी अनुपम से हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद दोनों का तलाक हो गया। पीड़िता अनुपम का आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद ससुराल पक्ष ने चार लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी और उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा परिजनों के मुताबिक विवाह में खर्च के बावजूद बेटी को ससुराल में सम्मान नहीं मिला हालात इतने खराब हो गए कि विवाह के महज दस दिन बाद ही पीड़िता को मायके लौटना पड़ा वर्ष 2021 से दहेज उत्पीड़न और उत्पीड़न से जुड़ा मामला न्यायालय में लंबित है। इसी बीच 5 फरवरी को पीड़िता को सूचना मिली कि उसका पति महोली थाना क्षेत्र स्थित संस्कार गेस्ट हाउस में तीसरी शादी करने की तैयारी कर रहा है सूचना मिलते ही पीड़िता ने महोली थाने में पहुंचकर संयुक्त टीम ने तत्काल गेस्ट हाउस में छापा मारा, जहां आरोपी शादी की रस्मों में व्यस्त मिला पुलिस ने मौके से ही उसे हिरासत में लेकर मछरेहटा थाने पहुंचा दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि यदि वह समय पर न पहुंचती तो आरोपी तीसरी शादी कर लेता उसने कहा कि न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद पति द्वारा कानून की खुलेआम अनदेखी की जा रही है पुलिस का कहना है कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही कार्रवाई की जाएगी!!

## नरकंकाल का होगा डीएनए टेस्ट 15 दिन से लापता था युवक, भाई ने की शिनाख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** के मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के फुलरूआ गांव में 15 दिन से लापता युवक का खेत में नर कंकाल मिलने के मामले में अब पुलिस डीएनए जांच के जरिए आधिकारिक पहचान कराने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डीएनए सैंपल की जांच से मौत से जुड़े कई अहम राज सामने आ सकते हैं। परिजनों द्वारा किसी भी तरह के आरोप से इंकार किए जाने के बाद यह मामला और रहस्यमय हो गया है। गौरतलब है कि बीते दो दिन पूर्व बुधवार को ग्रामीणों ने खेत में कंकालनुमा शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही मिश्रिख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की शव पूरी तरह कंकाल में तब्दील हो चुका था, जिससे पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था। हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर पड़े कपड़ों के आधार पर परिजनों ने मृतक की पहचान 32 वर्षीय श्याम किशोर उर्फ श्यामू कौशल पुत्र कौशल किशोर, निवासी फुलरूआ गांव के रूप में की थी। मृतक की पहचान उसके भाई पंकज ने की थी। परिजनों ने बताया कि श्याम किशोर 17 जनवरी को घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी शव मिलने के बाद भी परिजनों ने किसी प्रकार की आशंका या आरोप लगाने से साफ इंकार कर दिया, जिससे पुलिस की जांच और गहरी हो गई है रहस्य से पर्दा उठाने के लिए पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। टीम द्वारा आसपास के खेतों में भी मानव अवशेष, कपड़े या अन्य सुरागों की तलाश की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह ने बताया कि डीएनए जांच से बहुत कुछ स्पष्ट हो जाएगा उन्होंने कहा कि परिजनों द्वारा आरोप न लगाए जाने के बावजूद मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है डीएनए जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

## पुलिस ने चाइनीज मांझे के खिलाफ़ की छापेमारी दो दुकानों से भारी मात्रा में मांझा बरामद, एक दुकानदार हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के कजियारे इलाके में छापेमारी कर भारी मात्रा में प्लास्टिक युक्त चाइनीज मांझा बरामद किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से इलाके के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। यह छापेमारी क्षेत्राधिकारी नगर विनायक गोपाल भोसले के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने पतंग और मांझा बेचने वाली दुकानों की गहन तलाशी ली, जिसमें प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का बड़ा जखीरा बरामद हुआ कार्रवाई के दौरान एक दुकानदार को हिरासत में लिया गया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है कि यह मांझा कहां से लाया गया था और किन-किन स्थानों पर इसकी सप्लाई की जा रही थी पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, क्योंकि इससे आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं। यह मांझा बेहद धारदार होता है, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और पक्षियों को गंभीर चोटें आ चुकी हैं। इसी को देखते हुए जिले में इसके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी के दौरान सदर बाजार चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी और बस स्टॉप चौकी प्रभारी प्रिंस सोनकर सहित पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा पुलिस ने दुकानों की जांच के साथ-साथ दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी कि यदि भविष्य में प्रतिबंधित मांझा बेचते हुए पाए गए तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी सीओ सिटी विनायक गोपाल भोसले ने बताया चाइनीज मांझा बेचने, रखने और इस्तेमाल करने पर सख्त प्रतिबंध है। जिलेभर में लगातार अभियान चलाकर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे पतंग उड़ाने में सुरक्षित सूती धागे या प्लास्टिक रील ही प्रयोग करें और कहीं भी चाइनीज मांझा बिकता दिखे तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें!!

## किसान की झोपड़ी में आग लगने से सामान जलकर राख




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव में बृहस्पतिवार की देर रात एक किसान की झोपड़ी में आग लग गई। आग से झोपड़ी में रखा करीब 80 हजार रुपये कीमत का सामान जलकर नष्ट हो गया। अग्निकांड में पीड़ित किसान को भारी नुकसान हुआ है। गांव निवासी रजनू गौड़ पुत्र मतई ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव से दूर स्थित एक तालाब के किनारे वह मछली पालन के लिए झोपड़ी बनाकर रहता था। उसी झोपड़ी में मछली पकड़ने का जाल, भूसा, रजाई, गद्दे, अनाज और चारपाई रखी थी। शाम वह गांव में एक निमंत्रण में शामिल होने चला गया। रात करीब 11 बजे जब वह वापस लौटा तो उसकी झोपड़ी में आग लगी हुई थी। देखते ही देखते पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित के मुताबिक झोपड़ी में रखा 60 हजार रुपये का मछली पकड़ने का जाल भी आग की चपेट में आ गया। घटना में उसका 80 हजार का नुकसान हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है।

# कब्र के नारे, मोदी के मारे: विरोधियों की छुट्टी

**[ नफरत के ज्वालामुखी पर विकास की बारिश ]**

**[ सदन में गरजती सच्चाई: मोदी ने नफरत की हवा निकाल दी ]**

5 फरवरी 2026 को राज्यसभा में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया, तो सदन में अचानक एक गहरा सन्नाटा छा गया। शोर-शराबे के बीच उनके भाषण ने विपक्ष पर तीखा हमला किया। यह भाषण केवल जवाब नहीं था, यह इतिहास की आँख में आँख डालने जैसा था, छुपी नफरत का बेनकाब सामना। 'मोहब्बत की दुकान' के मोहक शब्दों के पीछे छुपा जहर और 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' की कड़वी चेतावनी सीधे लोकतंत्र पर वार कर रही थी। मोदी ने मुखौटे को चीरते हुए स्पष्ट संदेश दिया–शब्द, कर्म और नीयत कभी छिप नहीं सकते। विपक्ष की ताकत और आक्रोश उस क्षण थम गए, और सदन ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना।

राजनीति में नारे अक्सर हथियार बन जाते हैं, पर कभी-कभी वे जहरीले बनकर लोकतंत्र की धमनियों में उतरते हैं। राहुल गांधी ने लगातार 'मोहब्बत की दुकान' का नारा दोहराया। मोदी ने सीधे सवाल उठाया–यह कैसी मोहब्बत है जो मौत और खतरों का संदेश देती है? यह व्यक्तिगत विरोध नहीं, यह संवैधानिक और राष्ट्रीय अपमान है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि पिछले पच्चीस वर्षों में कितनी गालियाँ झेली, फिर भी विकास की गति रुकी नहीं। 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही सरकार की असली शक्ति है, न कि किसी परिवार का रिमोट। यह तीखा संदेश सदन में गूंज गया और विपक्ष की आक्रोशित मुद्रा पर सन्नाटा छा गया। कांग्रेस के लिए मानना कठिन था कि एक चायवाले का बेटा देश का प्रधानमंत्री बन गया। मोदी ने कहा–वे मान बैठे थे कि प्रधानमंत्री पद उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। जब जनता ने वह अधिकार छीन लिया, तो नफरत की आग भड़क उठी। 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' केवल नारा नहीं, यह उनके गहरे मन का सपना था। लोकतंत्र की बात करने वाले भी कभी-कभी मौत के नारे लगाते हैं। पीएम ने चेतावनी दी–इतिहास की कब्र उन्हीं के इंतजार में है। जनता सब देख रही है, समझ रही है। सदन में वॉकआउट हुआ, पर सच गूंजता रहा और हवा में लटक गया।

मोदी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ गिनाईं–आर्टिकल 370 हटाया, पूर्वोत्तर से आतंकवाद मिटाया, पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की, नक्सलवाद पर प्रहार किया। यही वजह थी कि नफरत और कब्र के नारे उठे। उन्होंने स्पष्ट कहा–कितने भी नारे लगाओ, मेरी कब्र नहीं खोदी जा सकती। माँ-बहनों का आशीर्वाद मेरी सबसे मज़बूत ढाल है। गरीबों को घर, शौचालय, बिजली, गैस और जल जीवन मिशन मिला। 25 करोड़ लोग गरीबी की जकड़न से मुक्त हुए। कांग्रेस ने परिवार के लिए देश को दांव पर लगाया, मैं जनता के लिए जीवन समर्पित कर रहा हूँ। फर्क इतना साफ था कि बहस का कोई स्थान नहीं बचा। प्रधानमंत्री ने भाषण में देश की आर्थिक उड़ान को भी बखूबी रेखांकित किया। स्वतंत्रता के समय छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर ग्यारहवें स्थान पर पहुंची भारत, आज फिर से तीसरे नंबर की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 'फ्रेजाइल फाइव' से 'विकसित भारत' की राह पर, उच्च विकास दर और कम मुद्रास्फीति के साथ दुनिया भारत की ओर आकर्षित हो रही है। यूरोपीय संघ (27 देशों के साथ 'मदर ऑफ ऑल डील्स') और अमेरिका जैसे बड़े समझौते, भविष्य-तैयार व्यापार सौदे–ये सब वैश्विक विश्वास की निशानी हैं। मोदी ने कहा–ये उपलब्धियां विपक्ष की नजर में नहीं आतीं, इसलिए वे नफरत के नारे लगाते हैं। लेकिन 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद, गरीबों-युवाओं की ताकत ही असली ढाल है। कांग्रेस ने देश को लूटा, मैंने जनता को सशक्त बनाया। यह फर्क इतना स्पष्ट है कि कोई बहस बाकी नहीं बचती। सदन में उनकी बातें विकास की नई गूंज बन गई।

यह हमला केवल कांग्रेस पर नहीं, पूरे विपक्ष पर था। मोदी ने कहा–'मोहब्बत की दुकान' में आग लगी है, इसलिए कब्र के नारे उठते हैं। वे हार से जलते हैं। चुनाव हारने पर नफरत दोगुनी हो जाती है। जनता समझदार है, 140 करोड़ लोग मेरे साथ खड़े हैं। उनकी सरकार रिमोट से नहीं, जन-विश्वास से चलती है। मोदी ने मुस्कान के साथ कहा–रोज़ गालियाँ सुनता हूँ, पर स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। यह केवल हास्य नहीं था, यह अटूट आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचायक था। सदन में तालियों की गड़गड़ाहट गूँज उठी। विपक्ष चुप था; बहस का कोई अवसर नहीं बचा।

पीएम ने स्पष्ट संदेश दिया–नफरत से कुछ नहीं बनता। अगर 'मोहब्बत की दुकान' कब्र खोदने वाली बन जाए, तो वह दुकान बंद होनी चाहिए। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है, न कि नफरत। जो लोग 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' कहते हैं, वे खुद समय की कब्र में समा जाएंगे। जनता ने अपना निर्णय सुना दिया है। यह भाषण विपक्ष पर तीखा हमला और सरकार की उपलब्धियों का बयान था। मोदी ने साबित कर दिया–शब्द भी क्रांति ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, लेकिन उनकी गूँज हवा में गूँजती रही और लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई।

हर शब्द में तीव्रता थी, हर वाक्य में दृढ़ प्रतिबद्धता। यह केवल राजनीतिक हमला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना को जगाने का साहसिक प्रयास था। विपक्ष के नारे और झूठ कभी छिप नहीं सकते। मोदी ने साबित किया कि जनता के विश्वास और कामकाज का सामना किसी नफरत से नहीं किया जा सकता। यह भाषण इतिहास में दर्ज होगा, क्योंकि इसमें केवल जवाब नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संदेश था। विकास और एकता की राह में नफरत की आग को बुझाने का प्रतीक बन गया। सदन से बाहर लोग सोच में डूबे थे, हर मन में सवाल उठ रहा था–क्या लोकतंत्र की सुरक्षा इतनी मजबूत है? मोदी ने साबित किया कि लोकतंत्र केवल संविधान में नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और नेताओं की जिम्मेदारी में जीवित रहता है। 'मोहब्बत की दुकान' और 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे इतिहास में चेतावनी बनकर हमेशा गूंजेंगे। यह भाषण वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश बन गया–नफरत से कुछ नहीं बनता। देश विकास, एकता और प्रगति चाहता है। जो लोग प्रधानमंत्री की कब्र की कामना करते हैं, वे समय की कब्र में समा जाएँगे। जनता ने अपना फैसला सुना दिया है। मोदी ने साबित किया कि शब्द भी परिवर्तन ला सकते हैं। सदन खाली हुआ, पर उनकी गूँज लोकतंत्र की चेतना में अमिट छाप छोड़ गई।

**प्रो. आरके जैन**

# तेल के इर्द-गिर्द घूमता वैश्विक जगत

**तेल, राजनीति का नया उपकरण।**

विश्व की राजनीति का पूरा का पूरा चक्र आज प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से तेल और ऊर्जा संसाधनों के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दे रहा है। जहाँ किसी देश का लोकतंत्र, मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय नियम कानून केवल कागज में दिखाई देने लगे हैं। अमेरिका के चलते जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत चरितार्थ कर रही है। तेल और ऊर्जा संसाधन अब वास्तविक प्रेरक शक्ति,भू-राजनीतिक हित तथा ऊर्जा सुरक्षा बन गई है।

अमेरिका द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सैन्य तथा कूटनीतिक हस्तक्षेप को जब तेल भंडारों, आपूर्ति मार्गों और रणनीतिक नियंत्रण के संदर्भ में जोड़ा जाता है तब यह स्पष्ट है कि ऊर्जा संसाधनों पर प्रभुत्व वैश्विक नेतृत्व का केंद्रीय उपकरण बन गया है, यही कारण है कि रूस से तेल खरीदने के प्रश्न पर भारत जैसे संप्रभु देश पर दबाव, प्रतिबंधों की धमकी और नैतिक उपदेशों की बौछार देखने को मिली, जबकि वही देश अपने हित में नियमों की व्याख्या बदलने से नहीं हिचकते; मध्य-पूर्व लंबे समय से इस राजनीति का केंद्र रहा है जहाँ तेल के साथ-साथ अब परमाणु ऊर्जा भी शक्ति संतुलन का निर्णायक कारण बन चुकी है। ईरान द्वारा परमाणु संधियों को लेकर अपनाया गया सतर्क या असहमति वाले रुख ने उसे वैश्विक दबावों के केंद्र बना दिया है और संभावित टकराव की आशंकाएँ इसी भय से उपज की परिणति हैं कि कहीं ऊर्जा और परमाणु क्षमता का संतुलन एकतरफा न हो जाए। यूरोप से एशिया तक बड़े देश तेल आयात-निर्यात, पाइपलाइन, समुद्री मार्गों और परमाणु ईंधन की आपूर्ति को लेकर जिस तरह से खेमे में लंम्बन्ध हो रहे हैं, उससे यह प्रतीत होता है कि वैश्वीकरण के युग में भी संसाधनों की राजनीति पहले से अधिक क्लिष्ट हो गई है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता अब केवल आर्थिक लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न बन चुकी है । यही कारण है कि विश्व की अधिकांश नीतियाँ नैतिकता से अधिक बैरल, रिएक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं की भाषा में लिखी जा रही जहाँ युद्ध की आहट भी अक्सर शांति के नारों के बीच सुनाई देती है। वैश्विक राजनीति और व्यापार का आधुनिक ताना-बाना भारत, चीन, रूस, ईरान और खाड़ी देशों के ऊर्जा-केंद्रित संबंधों से और अधिक स्पष्ट हो जाता है, जहाँ तेल, गैस और परमाणु ईंधन केवल वस्तुएँ नहीं बल्कि रणनीतिक शक्ति के उपकरण बन चुके हैं। हालिया वर्षों के व्यापारिक रुझान बताते हैं कि भारत ने अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रूस से कच्चे तेल का आयात बढ़ाया, जिससे उसे अपेक्षाकृत सस्ती ऊर्जा मिली और घरेलू अर्थव्यवस्था को संबल मिला, जबकि यही कदम पश्चिमी देशों को असहज करता रहा, दूसरी ओर चीन ने रूस और ईरान दोनों के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा और अवसंरचना समझौतों के माध्यम से अपने उद्योग और आपूर्ति शृंखलाओं को सुरक्षित किया है। जिससे वह वैश्विक विनिर्माण में अपनी बढ़त बनाए रख सके, रूस जो प्रतिबंधों के बीच नए बाज़ार तलाश रहा है, एशिया विशेषकर भारत और चीन को ऊर्जा निर्यात कर अपने व्यापार संतुलन को संभाल रहा है।

वहीं ईरान अपने तेल, गैस और परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को राष्ट्रीय संप्रभुता से जोड़कर और खाड़ी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा तथा सहयोग–दोनों के बीच संतुलन साधे हुए है। खाड़ी देश, जिनकी पूरी अर्थव्यवस्थाएँ ही तेल-गैस निर्यात पर टिकी हैं, अब व्यापार विविधीकरण, पेट्रोकेमिकल्स, हरित ऊर्जा और एशिया-केंद्रित बाज़ारों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं जहाँ भारत और चीन उनके सबसे बड़े ग्राहक बनते जा रहे हैं। इन नए व्यापारिक आंकड़ों और प्रवृत्तियों से यह स्पष्ट होता है कि वैश्विक व्यवसाय अब केवल मुक्त बाज़ार का खेल नहीं रहा बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, मुद्रा लेन-देन, समुद्री मार्गों और राजनीतिक गठबंधनों से गहराई से जुड़ चुका है, और इसी कारण विश्व की बड़ी शक्तियाँ व्यापार समझौतों को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही हैं। जहाँ तेल और परमाणु ऊर्जा आने वाले दशकों की राजनीति और अर्थव्यवस्था दोनों की दिशा तय करते दिखाई दे रहे हैं।

**संजीव ठाकुर**

# कुर्सी कथनी और करनी के बीच का फर्क जब सत्ता गई तो नैतिकता की याद आई

राजस्थान विधानसभा में हालिया बहस केवल शब्दों की टकराहट नहीं थीए बल्कि वह उस राजनीतिक प्रवृत्ति का आईना थी। जिसमें सत्ता में रहते हुए विवेक मौन रहता है और सत्ता जाते ही उपदेशों की बाढ़ आ जाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वक्तव्य इसी पृष्ठभूमि में सामने आएए जहां उन्होंने किसी एक व्यक्ति से अधिक उस मानसिकता पर प्रहार किया जो कुर्सी छिनते ही खुद को नैतिकता का ठेकेदार घोषित कर देती है। यह बहस हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या राजनीति में नैतिकता केवल रिटायरमेंट के बाद की योजना बनकर रह गई है।

कांग्रेस की राजनीति लंबे समय से कथनी और करनी के अंतर से जूझती रही है। सत्ता में रहते हुए जिन मुद्दों पर आंखें मूंद ली गईए वही मुद्दे आज विपक्ष में बैठकर सबसे बड़े हथियार बना लिए गए हैं। मुख्यमंत्री का यह कहना कि श्ईमानदारी कोई रिटायरमेंट के बाद की योजना नहीं होतीश् केवल एक व्यंग्य नहींए बल्कि बीते वर्षों की राजनीतिक कार्यशैली पर सीधा सवाल है। जब परीक्षाओं के प्रश्न जेबों में उतर रहे थेए जब मेहनती युवा दर.दर भटक रहे थेए तब नैतिकता की किताबें कहां थींए यह सवाल आज भी अनुत्तरित है।

कांग्रेस शासन के दौरान पेपर लीक जैसे मामलों ने युवाओं के भविष्य पर गहरा आघात किया। प्रतियोगी परीक्षाएं भरोसे की जगह भय का कारण बन गई। लेकिन उस समय न तो युवाओं की याद आई और न ही सिस्टम को सुधारने की इच्छाशक्ति दिखाई दी। आज वही लोगए जिनकी नाक के नीचे यह सब हुआए भ्रष्टाचार और युवाओं के भविष्य की दुहाई देते नजर आते हैं। यह दोहरा चरित्र ही वह कारण हैए जिस पर मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि पहले घी पी लिया और अब उपदेश दिए जा रहे हैं।

राजनीति में स्मृति बहुत चयनात्मक होती है। कांग्रेस नेताओं को आज युवाओं की पीड़ा याद आ रही हैए लेकिन सत्ता में रहते हुए वे सत्ता.संतुलनए रिश्तेदारों की सिफारिशों और राजनीतिक जोड़.तोड़ में व्यस्त थे। एक हाथ में हुकुम और दूसरे हाथ में सिफारिश का वह दौर आज भी लोगों को याद है। यही वजह है कि आज जब वे नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं तो वह खोखला प्रतीत होता है। जनता ने भी अब इस प्रवृत्ति को पहचान लिया है।

मुख्यमंत्री द्वारा खेजड़ी संरक्षण कानून की घोषणा इस बात का उदाहरण है कि वर्तमान सरकार केवल आरोप.प्रत्यारोप तक सीमित नहीं रहना चाहतीए बल्कि ठोस निर्णयों के साथ आगे बढ़ रही है। खेजड़ीए जो राजस्थान का कल्पवृक्ष हैए उसके संरक्षण के लिए कानून बनाना केवल पर्यावरणीय पहल नहींए बल्कि सांस्कृतिक जिम्मेदारी भी है। यह उस शासन शैली को दर्शाता है जिसमें बातें कम और काम ज्यादा करने का प्रयास दिखता है। इसके विपरीतए कांग्रेस शासन में योजनाएं अक्सर घोषणाओं तक सिमट कर रह गई।

जल जीवन मिशन हो या अन्य विकास योजनाएंए कांग्रेस सरकार पर कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के आरोप केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं हैंए बल्कि उनके ही कार्यकाल के आंकड़े इसकी गवाही देते हैं। आठ.आठ महीनों तक मंत्री जेल में रहेए लेकिन जिम्मेदारी तय करने के बजाय सब कुछ परिस्थितियों पर डाल दिया गया। आज जब कार्रवाई हो रही है तो विपक्ष इसे प्रतिशोध की राजनीति बताने में जुटा है। सवाल यह है कि यदि सब कुछ इतना ही साफ था तो जांच से डर क्यों।

कांग्रेस की एक और बड़ी कमजोरी रही है उसका तात्कालिक राजनीति पर केंद्रित दृष्टिकोण। जाते.जाते जिले बनानाए प्रशासनिक ढांचे से ज्यादा चुनावी गणित को साधने का प्रयास था। विकास की दीर्घकालिक सोच के बजाय तात्कालिक लाभ की राजनीति ने प्रदेश को कई बार असंतुलन की स्थिति में ला खड़ा किया। यही कारण है कि आज भी कई क्षेत्रों में प्रशासनिक अव्यवस्था देखने को मिलती है।

विपक्ष की भूमिका लोकतंत्र में बेहद महत्वपूर्ण होती हैए लेकिन जब विपक्ष केवल शोर और कटाक्ष तक सीमित रह जाए तो उसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। सदन में बार.बार टोकनाए नए विधायकों को बोलने का अवसर न देना और हर मुद्दे को राजनीतिक चश्मे से देखनाए यह सब उस राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाता है जिससे कांग्रेस अब तक उबर नहीं पाई है।

मुख्यमंत्री का यह कहना कि उन्हें पक्ष या विपक्ष का कोई भी विधायक फोन करेए उसे जवाब मिलेगाए शासन की जवाबदेही की भावना को दर्शाता है। यह उस दौर से अलग है जब सत्ता के गलियारों तक पहुंच केवल चंद लोगों की बपौती हुआ करती थी। आज यदि कोई समस्या है तो उसका समाधान करने की बात की जा रही हैए न कि उसे फाइलों में दबाने की।

कांग्रेस को यदि वास्तव में आत्ममंथन करना है तो उसे पहले अपने अतीत की गलतियों को स्वीकार करना होगा। झूठ और आधे सच के सहारे राजनीति ज्यादा दिन नहीं चलती। जनता अब सवाल पूछती है और जवाब भी चाहती है। केवल भाषणों से भरोसा नहीं बनताए उसके लिए आचरण भी वैसा ही होना चाहिए। युवाओं को भाषण नहींए निष्पक्ष अवसर चाहिए और यह बात वही लोग बेहतर समझ सकते हैं जिन्होंने अपने भविष्य को अनिश्चितता में झुलसते देखा है।

राजस्थान की राजनीति आज एक ऐसे मोड़ पर है जहां शब्दों से ज्यादा कर्म की कसौटी है। कांग्रेस यदि केवल कटाक्ष और आरोपों तक सीमित रहेगी तो उसका राजनीतिक भविष्य और सिमटता जाएगा। समय की मांग है कि वह कम झूठ बोलेए कम दिखावा करे और आत्मावलोकन के साथ आगे बढ़े। क्योंकि राजनीति में जनता की स्मृति भले ही कभी.कभी धुंधली हो जाएए लेकिन अनुभव कभी झूठ नहीं बोलता।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## बोफोर्स से ट्रेड डील तक का सफ़र और बदलते भारत में कांग्रेस की ठहरी हुई सोच

संसद के उच्च सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक घंटे अड़तीस मिनट का भाषण केवल एक राजनीतिक जवाब नहीं था, बल्कि वह पिछले सात दशकों की राजनीतिक संस्कृति और बीते ग्यारह वर्षों में बदले भारत के आत्मविश्वास का आईना था। विपक्ष के शोर, नारेबाज़ी और वॉकआउट के बीच दिया गया यह उद्बोधन इस सवाल को फिर से केंद्र में ले आया कि देश आज किस दिशा में खड़ा है और कौन-सी सोच उसे आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री का 'बोफोर्स डील से ट्रेड डील तक' का कथन दरअसल एक पूरे युगांतरण का प्रतीक है, जिसमें भारत ने घोटालों, नीतिगत जड़ता और वैश्विक अविश्वास के दौर से निकलकर आत्मनिर्भरता, वैश्विक साझेदारी और आर्थिक महत्वाकांक्षा की राह पकड़ी है।

कांग्रेस की राजनीति लंबे समय से सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानती रही है। आज़ादी के बाद दशकों तक केंद्र और अनेक राज्यों में शासन करने के बावजूद कांग्रेस देश को वह निर्णायक नेतृत्व नहीं दे पाई, जिसकी ज़रूरत थी। बोफोर्स घोटाला केवल एक रक्षा सौदे का मामला नहीं था, बल्कि वह उस मानसिकता का प्रतीक था जिसमें सत्ता, परिवार और हितों की गठजोड़ ने राष्ट्रीय हितों को पीछे छोड़ दिया। उसी दौर में भारत वैश्विक मंच पर एक ऐसा देश था, जिससे समझौते करने में दुनिया हिचकती थी और जिसकी अर्थव्यवस्था सहायता और कर्ज़ पर टिकी मानी जाती थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में ठीक ही कहा कि कांग्रेस, टीएमसी या डीएमके जैसी पार्टियां दशकों तक सत्ता में रहीं, फिर भी देश उन्हें किस उपलब्धि से याद करता है, यह प्रश्न आज भी अनुत्तरित है। इसके उलट, बीते ग्यारह वर्षों में भारत की तस्वीर बदली है। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ चुका है, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उसकी भूमिका मज़बूत हुई है और बड़े-बड़े देश भारत के साथ व्यापार समझौतों के लिए उत्सुक हैं। यूरोपीय यूनियन से लेकर अमेरिका तक के साथ हो रही ट्रेड डील्स इस बदले हुए भरोसे का प्रमाण हैं।

कांग्रेस की समस्या केवल नीतियों तक सीमित नहीं है, उसकी भाषा और संस्कार भी सवालों के घेरे में हैं। 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे न केवल राजनीतिक असहमति की मर्यादा को तोड़ते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान करते हैं। प्रधानमंत्री ने सही पूछा कि यह कैसी 'मोहब्बत की दुकान' है, जिसमें किसी निर्वाचित प्रधानमंत्री की कब्र खोदने की बात की जाती है। यह भाषा बताती है कि कांग्रेस आज भी नकारात्मकता और व्यक्तिगत द्वेष की राजनीति में उलझी हुई है, जबकि देश सकारात्मक एजेंडे और भविष्य की बात करना चाहता है।

कांग्रेस के 'युवराज' द्वारा एक सिख सांसद को गद्दार कहने का उल्लेख भी इसी मानसिकता की ओर इशारा करता है। यह केवल एक व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं, बल्कि पूरे सिख समुदाय और उनके गुरुओं का अपमान है। जिस पार्टी ने लंबे समय तक खुद को समावेशिता और सेक्युलरिज़्म का ठेकेदार बताया, वही आज पहचान की राजनीति और विभाजनकारी बयानबाज़ी में फंसी दिखती है। प्रधानमंत्री का यह कहना कि यह सिखों और गुरुओं का अपमान है, केवल राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है।

विकसित भारत की कल्पना करने वाली सरकार और कांग्रेस की सोच में मूलभूत अंतर है। मोदी सरकार मानती है कि 140 करोड़ भारतीय समस्याएं नहीं, बल्कि संभावनाएं हैं। इसके विपरीत, नेहरू-इंदिरा काल की वह सोच थी जिसमें जनसंख्या को समस्या के रूप में देखा जाता था। यह दृष्टिकोण ही नीति निर्माण को दिशा देता है। जब नेतृत्व जनता पर भरोसा करता है, तो परिणाम जनभागीदारी, स्टार्टअप संस्कृति, डिजिटल क्रांति और बुनियादी ढांचे के तेज़ विकास के रूप में सामने आते हैं।

अनुच्छेद 370 का हटाया जाना भी इसी निर्णायक नेतृत्व का उदाहरण है। दशकों तक जिसे असंभव बताया गया, उसे राजनीतिक इच्छाशक्ति ने संभव कर दिखाया। यह केवल एक संवैधानिक कदम नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि भारत अब साहसिक फैसलों से नहीं हिचकता। कांग्रेस इसे आज भी अपने पुराने चश्मे से देखती है, क्योंकि वह बदलाव की राजनीति को स्वीकार नहीं कर पाई है।

ट्रेड डील के संदर्भ में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत-अमेरिका संबंध एक नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। आयात शुल्क में कटौती, संयुक्त बयान और संभावित हस्ताक्षर केवल आर्थिक आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस भरोसे का संकेत हैं जो दुनिया आज भारत पर कर रही है। कभी जिस भारत को समझौतों की मेज़ पर जगह पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, आज वही भारत शर्तें तय करने की स्थिति में है।

कांग्रेस की विडंबना यह है कि वह इस बदलाव को स्वीकार करने के बजाय उसे नकारने में ऊर्जा खर्च कर रही है। प्रधानमंत्री की कुर्सी को अपनी जागीर मानने वाली मानसिकता आज भी उसे परेशान करती है। उसे यह सवाल कचोटता है कि एक साधारण पृष्ठभूमि से आया व्यक्ति देश का नेतृत्व कैसे कर सकता है। यही असहजता उसकी बयानबाज़ी में झलकती है, चाहे वह 'कब्र' जैसे शब्द हों या व्यक्तिगत आरोप।

आज का भारत भावनाओं से नहीं, तथ्यों और परिणामों से बात करता है। ग्यारह वर्षों में सड़कों, रेल, डिजिटल भुगतान, रक्षा उत्पादन, अंतरिक्ष और कूटनीति में जो बदलाव आए हैं, वे किसी प्रचार का नहीं, बल्कि नीतिगत निरंतरता और कर्मनिष्ठा का परिणाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी का विश्वसत्ता की ओर भारत को ले जाने का लक्ष्य केवल सपना नहीं, बल्कि स्पष्ट रोडमैप पर आधारित है।

अंततः यह बहस केवल मोदी बनाम कांग्रेस की नहीं है, बल्कि पुरानी और नई सोच की है। एक ओर वह राजनीति है जो अतीत के घोटालों, परिवारवाद और नकारात्मक नारों से बाहर नहीं निकल पा रही, और दूसरी ओर वह नेतृत्व है जो आत्मविश्वास, सत्यनिष्ठा और परिश्रम के बल पर भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता है। बोफोर्स से ट्रेड डील तक का यह सफ़र बताता है कि देश ने रास्ता चुन लिया है। अब सवाल यह है कि कांग्रेस कब अपने भीतर झांककर यह समझेगी कि भारत बदल चुका है, और राजनीति को भी बदलना होगा।

**कांतिलाल मांडोत**

# मोबाइल गेम्स का शिकार बनीं तीन मासूम जिंदगियां

गाजियाबाद जिले की एक बहुमंजिला आवासीय सोसायटी में घटित घटना ने पूरे समाज को भीतर तक हिला दिया। तीन नाबालिग बहनों का एक साथ जीवन समाप्त कर लेना केवल एक परिवार का निजी दुख नहीं हैए बल्कि यह उस दौर की भयावह तस्वीर है जिसमें तकनीकए अकेलापन और भावनात्मक दूरी बच्चों की दुनिया पर हावी होती जा रही है। यह घटना उस चुप्पी की गवाही हैए जो मोबाइल की चमक में दबती चली गई और अंततः तीन मासूम जिंदगियों को निगल गई। लोनी क्षेत्र की जिस सोसायटी में यह हादसा हुआए वहां सब कुछ सामान्य प्रतीत होता था। एक साधारण परिवारए माता.पिता अपने काम में व्यस्तए बच्चे पढ़ाई में लगे हुए। लेकिन भीतर ही भीतर एक ऐसी दुनिया पनप रही थीए जिसके बारे में किसी को ठीक से अंदाजा नहीं था। तीनों बहनें उम्र के उस पड़ाव पर थींए जहां भावनाएं बहुत तीव्र होती हैं और समझ अभी अधूरी। बड़ी बहन किशोरावस्था में प्रवेश कर चुकी थीए छोटी दोनों बहनें भी उसी रास्ते पर थीं। इसी उम्र में सहाराए संवाद और समझ की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

रात के सन्नाटे में जब तीनों ने एक साथ ऊंचाई से छलांग लगाईए तब किसी ने नहीं सोचा था कि सुबह ऐसा दृश्य देखने को मिलेगा। पुलिस और अस्पताल की औपचारिकताओं के बीच जब उनके कमरे की तलाशी ली गईए तब कुछ पन्नों में दर्ज शब्दों ने सबको स्तब्ध कर दिया। एक छोटा सा पत्र और एक विस्तृत डायरीए जिसमें डरए अकेलापनए अपराधबोध और भावनात्मक टूटन साफदिखाई देती है। माता.पिता से क्षमा मांगते हुए लिखा गया वह संदेश किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक झकझोर देने के लिए पर्याप्त है।

डायरी के पन्नों में बार.बार एक ही भाव उभर कर आता है कि वे खुद को बेहद अकेला महसूस कर रही थीं। उन्हें ऐसा लगने लगा था कि उनसे उनकी दुनिया छीन ली गई है। वह दुनिया जो धीरे.धीरे उनके लिए वास्तविक जीवन से अधिक महत्वपूर्ण हो गई थी। महामारी के दौरान जब स्कूल बंद हुएए खेल के मैदान सूने पड़े और मित्रों से मिलना बंद हो गयाए तब मोबाइल और परदे ने उनकी दुनिया पर कब्जा कर लिया। शुरुआत में यह केवल समय बिताने का साधन थाए लेकिन धीरे.धीरे वही उनका भावनात्मक सहारा बन गया। डायरी में विदेशी धारावाहिकोंए संगीत और कल्पनात्मक खेलों का उल्लेख मिलता है। इन माध्यमों में उन्होंने एक ऐसा संसार देखाए जहां रिश्ते सरल थेए भावनाएं साफथीं और हर दुख का समाधान किसी न किसी रूप में मौजूद था। धीरे.धीरे वे उसी दुनिया से जुड़ती चली गईं और वास्तविक जीवन उन्हें कठोरए बेरंग और अकेला लगने लगा। माता.पिता की डांटए पढ़ाई का दबाव और सीमाएं उन्हें उस काल्पनिक संसार से दूर ले जाने वाली बाधाएं प्रतीत होने लगीं।

जब परिवार ने यह महसूस किया कि बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल में जा रहा है और पढ़ाई व स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा हैए तब स्वाभाविक रूप से उन्होंने रोक लगाने की कोशिश की। लेकिन यह रोक संवाद से नहींए बल्कि अचानक नियंत्रण के रूप में आई। बच्चों के लिए यह केवल एक उपकरण छीने जाने की बात नहीं थीए बल्कि उनके लिए वह सहाराए वह दुनिया और वह भावनात्मक जुड़ाव छिन जाने जैसा थाए जिसे वे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पा रही थीं। यहां सबसे बड़ा सवाल यह नहीं है कि मोबाइल या विदेशी संस्कृति अच्छी है या बुरी। सवाल यह है कि जब कोई बच्चा किसी चीज से इतना गहराई से जुड़ जाए कि उसके बिना जीवन अर्थहीन लगने लगेए तब क्या हम उसे समय रहते समझ पाते हैं। माता.पिता अपने अनुभव से बच्चों को मजबूत समझ लेते हैंए लेकिन बदलते समय में बच्चों की मानसिक दुनिया कहीं अधिक जटिल हो चुकी है। महामारी ने बच्चों से केवल स्कूल और खेल ही नहीं छीनेए बल्कि उनसे सामाजिक संवाद भी छीन लिया। लंबे समय तक घरों में बंद रहनाए डर का माहौल और अनिश्चित भविष्य ने कई बच्चों के भीतर चिंता और अवसाद को जन्म दिया। मोबाइल और परदा उनके लिए एकमात्र खिड़की बन गयाए जिससे वे बाहर की दुनिया देख सकते थे। लेकिन वही खिड़की धीरे.धीरे दीवार बन गई। इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने बताया कि तीनों बहनें बहुत शांत स्वभाव की थीं। वे ज्यादा बाहर नहीं निकलती थीं और अक्सर कमरे में ही रहती थीं। यह चुप्पी ही सबसे बड़ा संकेत थीए जिसे समाज और परिवार दोनों ने सामान्य मान लिया। हम अक्सर बच्चों की चुप्पी को अनुशासन समझ लेते हैंए जबकि कई बार वह भीतर के तूफान की निशानी होती है। माता.पिता का दुख शब्दों से परे है। मां का यह कहना कि बच्चियां उनकी सहेलियां थींए बहनें नहींए इस बात को दर्शाता है कि रिश्ता प्रेम से भरा थाए लेकिन शायद संवाद की एक कड़ी कहीं कमजोर रह गई। पिता का यह स्वीकार करना कि उन्होंने बच्चों के भले के लिए सख्ती कीए लेकिन उनकी मानसिक स्थिति नहीं समझ पाएए आज के हर अभिभावक के लिए आत्ममंथन का विषय है।

यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारा समाज बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को उतनी गंभीरता से लेता हैए जितनी शारीरिक स्वास्थ्य को। हम बुखारए चोट और बीमारी पर तुरंत प्रतिक्रिया करते हैंए लेकिन अकेलापनए भय और अवसाद को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। बच्चों की दुनिया बदल चुकी हैए लेकिन हमारी समझ अभी भी पुरानी है।

समाधान केवल प्रतिबंध लगाने में नहीं है। समाधान संवाद में हैए समय देने में है और बच्चों की दुनिया को समझने की कोशिश में है। अगर बच्चा किसी कल्पनात्मक संसार से जुड़ा हैए तो उसे तुरंत तोड़ने के बजाय यह समझना जरूरी है कि वह वहां क्यों सुकून महसूस कर रहा है। खेलए किताबेंए कलाए परिवार के साथ समय और खुले मन से बातचीत बच्चों को वास्तविक दुनिया से जोड़ने के मजबूत साधन हो सकते हैं। यह भी आवश्यक है कि विद्यालयों और समाज में मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात हो। बच्चों को यह सिखाया जाए कि दुखए निराशा और अकेलापन असामान्य नहीं हैं और इनके लिए सहायता लेना कमजोरी नहीं है। माता.पिता को भी यह समझना होगा कि हर पीढ़ी की चुनौतियां अलग होती हैं और आज के बच्चे जिस दबाव में जी रहे हैंए उसे पुराने अनुभवों से पूरी तरह नहीं समझा जा सकता। गाजियाबाद की यह घटना एक चेतावनी है। यह हमें बता रही है कि अगर हम समय रहते नहीं जागेए तो तकनीक और भावनात्मक दूरी मिलकर और भी कई बचपन निगल सकती हैं। तीन बहनों का चला जाना एक ऐसा खालीपन छोड़ गया हैए जिसे कोई भर नहीं सकता। लेकिन अगर इस दुख से हम कुछ सीख सकें और आने वाले बच्चों को बेहतर समझए बेहतर संवाद और बेहतर सहारा दे सकेंए तो शायद किसी और घर में ऐसी सुबह न आए। यह केवल शोक का समय नहीं हैए यह आत्ममंथन का समय है। बच्चों को बचाने की जिम्मेदारी केवल परिवार की नहींए पूरे समाज की है। अगर हम उन्हें सुनेंगेए समझेंगे और उनके साथ खड़े होंगेए तभी यह भरोसा जिंदा रह पाएगा कि भविष्य सुरक्षित है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## एमएसएमई उद्यमियों के लिए 7 फरवरी को विशेष शिविर

**देवरिया।** एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने और 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जिला स्तरीय विशेष एमएसएमई शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक आर.एस. प्रेम ने बताया कि यह शिविर 7 फरवरी को सायं 3 बजे होटल गोल्डन लारेल, स्टेशन के सामने, देवरिया में आयोजित होगा। शिविर में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े विभिन्न वर्गों को बैंकिंग सुविधाओं और ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने उद्यमियों, व्यापारियों एवं इच्छुक लाभार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

## भारत विभाजन के विरोधी थे बादशाह खान - चंद्रभूषण

**देवरिया।** भारत रत्न, सीमांत गांधी एवं सरहदी गांधी के नाम से प्रसिद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि बादशाह खान अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने धर्म के आधार पर हुए भारत विभाजन का सख्त विरोध किया था। उन्होंने बताया कि खान अब्दुल गफ्फार खान ने अपना युवावस्था का अधिकांश समय अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए तथा जीवन के कुल 27 वर्ष जेल में बिताए। आज़ादी के बाद विभाजन को लेकर उनकी पीड़ा उनके ऐतिहासिक कथन 'हमें भेड़ियों के आगे फेंक दिया गया' में झलकती है। कार्यक्रम में उपस्थित सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सीमांत गांधी को नमन करते हुए उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्रवादी विचारों को याद किया।

## दहेज में 2 लाख रुपए की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**सहजनवां - गोरखपुर-** गीडा थाना क्षेत्र के तेनुहारी निवासी लक्ष्मीना पुत्री नेबुलाल निषाद की शादी गीडा थाना क्षेत्र के अहिरौली पटखौली निवासी श्याम सुंदर पुत्र बुद्धिराम के साथ 10 दिसंबर 2023 को हुई थी। शादी में 3 लाख रुपया,जेवरात,और अन्य सामान दिया गया था। विदाई के बाद ससुराल पहुंची तो पति और ससुराल के लोग दहेज में 2 लाख रुपए की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे। और मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति श्याम सुंदर तथा ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## आज विधायक करेंगे सड़क चौड़ीकरण का भूमि पूजन

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां तहसील क्षेत्र के सीमावर्ती गांव भगवानपुर मदरी से लक्ष्मीपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत रामनगर तिराहे तक करीब 22 किमी पक्की सड़क के चौड़ीकरण व मरम्मत कार्य के लिए आज नौतनवां विधायक ऋषि त्रिपाठी भूमि पूजन करेंगे। यह भूमि पूजन कार्यक्रम परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहानी चौराहे पर आयोजित किया गया है। उक्त पक्की सड़क की लम्बाई लगभग 22 किलोमीटर तथा चौड़ाई साढ़े पांच मीटर है जिसकी चौड़ीकरण व मरम्मत की लागत लगभग 55 करोड़ रुपए है। इसकी जानकारी नौतनवां ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने दिया है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित पंचायत भवन में शनिवार को ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सूगर, बीपी, दर्द, बुखार, गढ़िया का दर्द समेत अन्य बिमारियों का जांच कुशल चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस दौरान क्षेत्र के करीब 150 लोगों का स्वास्थ्य परिक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस दौरान चिकित्सक टीम में डॉ सोनल गुप्ता, अंकित जायसवाल, अमित झां समेत अन्य मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त का कलेक्ट्रेट पर सख्त प्रशासनिक निरीक्षण, एक-एक फाइल खोलकर परखी व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पर्यटन भवन स्थित कलेक्ट्रेट परिसर उस समय पूरी तरह प्रशासनिक हलचल का केंद्र बन गया, जब मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने जिले के सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय का सघन और औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यप्रणाली की कसौटी साबित हुआ, जहां विभाग-दर-विभाग एक-एक फाइल खोलकर गहन जांच की गई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट संदेश दिया कि अब कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम दिखने चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर आयुक्त जय प्रकाश, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहदेव मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीत कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा तथा सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को साथ लेकर भूलेख, पीएफ-एनपीएस, कृषि बीमा भुगतान शाखा, शस्त्र अनुभाग, नजारत, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, निर्वाचन अभिलेखागार, कोषागार समन्वय, खाद्य एवं रसद, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्थापना, प्रोटोकॉल तथा शिकायत प्रकोष्ठ/जनसुनवाई शाखा का विस्तार से निरीक्षण किया।

पीएफ और एनपीएस फाइलों की जांच के दौरान मंडलायुक्त ने कर्मचारियों के हित को सर्वोपरि बताते हुए निर्देश दिए कि तकनीकी खामियों या लापरवाही के कारण किसी भी कर्मचारी का आर्थिक नुकसान नहीं होना चाहिए। लंबित प्रकरणों की सूची बनाकर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। कृषि बीमा भुगतान की प्रक्रिया पर विशेष जोर देते हुए मंडलायुक्त ने भूलेख शाखा से जानकारी लेकर स्वयं सत्यापन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि भूमि अभिलेख पूरी तरह अद्यतन और शुद्ध हों, ताकि पात्र किसान लाभ से वंचित न रहें और अपात्र को भुगतान न मिले। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रस्ताव भेजने में किसी भी स्तर पर देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शस्त्र अनुभाग में लाइसेंस से जुड़ी फाइलों की जांच करते हुए उन्होंने शासनादेश के सख्त अनुपालन के निर्देश दिए। वहीं नजारत शाखा में वित्तीय अभिलेखों की समीक्षा कर पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर दिया। शिकायत प्रकोष्ठ में जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने स्पष्ट कहा कि कलेक्ट्रेट प्रशासन की रीढ़ है और यहां किसी भी तरह की लापरवाही, टालमटोल या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। इस सघन निरीक्षण से अधिकारियों-कर्मचारियों में स्पष्ट संदेश गया कि अब जवाबदेही तय होगी और परिणाम आधारित प्रशासन ही प्राथमिकता ।

# खजनी ब्लॉक में कृमि मुक्ति व एमआर टीकाकरण को लेकर व्यापक तैयारी, शिक्षकों व आंगनवाड़ी कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र खजनी पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी कृमि मुक्ति अभियान एवं एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जे. अहमद तथा के.एम. अंसारी (BCPM) की उपस्थिति में सभी स्कूलों के नोडल अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कृमि मुक्ति अभियान 10 फरवरी 2026 को संचालित किया जाएगा, जबकि मॉप-अप (उप राउंड) 13 फरवरी 2026 को होगा। इस अभियान के अंतर्गत 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोरों को Albendazole की दवा खिलाई जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा बनता है, जिससे एनीमिया, कमजोरी और पढ़ाई में पिछड़ापन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए इस अभियान की शत-प्रतिशत सफलता अत्यंत आवश्यक है।

इसी क्रम में जानकारी दी गई कि 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक एमआर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी बच्चों को एएनएम द्वारा एमआर टीका लगाकर आच्छादित किया जाएगा। यह टीका खसरा और रूबेला जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण सत्र में नोडल शिक्षकों और आंगनवाड़ी कर्मियों को दवा खिलाने की सही विधि, बच्चों की आयु के अनुसार खुराक, संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी, अभिभावकों को जागरूक करने के तरीके तथा रिपोर्टिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रहे, इसके लिए घर-घर संपर्क एवं स्कूल-स्तर पर समन्वय बनाए रखा जाए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ समाज की नींव है, और इन अभियानों की सफलता में शिक्षक एवं आंगनवाड़ी कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों से अभियान को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई।

# गोरखपुर में सनसनीखेज सड़क हादसा, पूर्व विधायक के नाम दर्ज फॉर्च्यूनर से युवक की मौत

**●दो साल के मासूम के सिर से उठा पिता का साया, वाहन चालक फरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। चिलुआताल थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मामला तब और संवेदनशील हो गया जब दुर्घटना में शामिल फॉर्च्यूनर वाहन का पंजीकरण नौतनवा के पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी के नाम दर्ज पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान ज्ञानदीप त्रिपाठी (27 वर्ष), पुत्र सुरेश त्रिपाठी, निवासी राजेंद्र नगर भाट्टी विहार कॉलोनी, थाना गोरखनाथ के रूप में हुई है। ज्ञानदीप गुरुवार दोपहर करीब दो बजे अपने घर से मोहरीपुर के रास्ते बस्ती की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह चिलुआताल थाना क्षेत्र के मजगावा व जगतबेला के पास पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार संख्या UP 56 AA 9999 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल युवक को 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हालत गंभीर होने पर युवक को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी देर रात मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद फॉर्च्यूनर कार की तस्वीरें खींच ली थीं। जांच में सामने आया कि जिस वाहन से हादसा हुआ, वह नौतनवा के पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी के नाम से पंजीकृत है। इस खुलासे के बाद पूरे मामले ने राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ लिया है।

मृतक ज्ञानदीप पेशे से शादी-विवाह समारोह में कैमरा चलाने का कार्य करता था। उसके परिवार में पत्नी और करीब दो साल का मासूम बच्चा है। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने चिलुआताल थाने में तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने के साथ-साथ दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग निष्पक्ष जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## गबन व गो-तस्करी मामलों में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**गबन की गई ट्रक व सरिया बिक्री से प्राप्त 4.75 लाख रुपये बरामद**

**तीन गो वंशीय के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार**

**देवरिया।** जनपद में अपराध नियंत्रण अभियान के तहत पुलिस को दो अहम सफलताएँ मिली हैं। थाना मईल व बरहज पुलिस की संयुक्त टीम ने गबन के मामले में वांछित अभियुक्त अजय यादव को गिरफ्तार करते हुए गबन की गई ट्रक व सरिया बिक्री से प्राप्त 4.75 लाख रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने खलासी के साथ मिलकर पटना से लदी सरिया को श्रावस्ती में बेच दिया था। इस संबंध में थाना मईल पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं, थाना श्रीरामपुर पुलिस ने गो-तस्करी के एक मामले में महिन्द्रा बोलेरो पिकप वाहन पर लदे तीन गोवंशीय पशुओं के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने वाहन को सीज कर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## जीपीएस इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव, टॉपर को किया गया सम्मानित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अशोक श्रीवास्तव

**मनकापुर गोण्डा-** शुक्रवार को जीपीएस इंटर कॉलेज गौरा चौकी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कक्षा 11 और 12 के प्रथम द्वितीय और तृतीय छात्र छात्रोंओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया द्य वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कई गणमान्य व्यक्तियों को भी अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य कॉलेज का वार्षिकोत्सव शैक्षणिक वर्ष की उपलब्धियों, प्रतिभाओं और सामुदायिक भावना का एक बड़ा उत्सव मनाया गया जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, भाषण और रंगारंग प्रस्तुतियाँ की गई । इस अवसर पर छात्रों ने पढ़ाई से परे नृत्य, गायन व कला दिखाने और एकता व नेतृत्व कौशल विकसित करने सहित कई कार्यक्रम किए । छोटे-छोटे बच्चों ने कृष्ण और सुदामा का पाठ खेला तथा नन्हीं बच्चियों के फिल्मी गानों पर नृत्य करने सहित कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक राहुल शुक्ला, अतुल शुक्ला, विक्की मिश्रा, पत्रकार रंजीत शुक्ला, जित्येन्द्र पाण्डेय, मोहम्मद खालिद, सपा प्रदेश सचिव रईस अहमद, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टॉफ एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान तेज, किसानों में बढ़ी जागरूकता



**गोण्डा ।** विकास खंड रूपईडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवतहा में फार्मर रजिस्ट्रेशन अभियान को गति दी जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी रमेश मिश्रा द्वारा गांव के किसान भाइयों को जागरूक करते हुए उनका पंजीकरण कराया जा रहा है। इस दौरान किसानों को फार्मर रजिस्ट्रेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि पंजीकरण के माध्यम से कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान, फसल बीमा, बीज एवं खाद वितरण जैसी सुविधाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सकेगा। श्री मिश्रा ने किसानों से अपील की कि वे समय रहते अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएं, जिससे भविष्य में किसी योजना का लाभ लेने में कोई बाधा न आए। पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान से किसानों में उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में किसान पंजीकरण के लिए आगे आ रहे हैं।

# आईजीएल में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां गोरखपुर-** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल के कुशल नेतृत्व व् मार्गदर्शन में आईजीएल परिसर में ग्रीनलैंड हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, गोरखपुर के सहयोग से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 300 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवा वितरण का लाभ लिया। शिविर में जनरल फिजिशियन, महिला रोग विशेषज्ञ, आईवीएफ विशेषज्ञ तथा ईएनटी विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को परामर्श दिया गया। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जाँचें भी की गई। आईजीएल के कर्मयोगियों के परिवार के 70 वर्ष से ऊपर के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर सहायक आबकारी आयुक्त संतोष कुमार, प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय, हेड एचआर व् एडमिन दशरथ मिश्र तथा ग्रीनलैंड हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. भास्कर गुप्ता, डॉ. माया राम, डॉ. गौरव शुक्ल, डॉ. अरशद जिया और डॉ. निशा ने संयुक्त रूप से किया। चिकित्सा शिविर का संचालन एवं अध्यक्षता उप प्रबंधक प्रशासन अखिलेश कुमार शुक्ल ने किया। इस दौरान डॉ. कमलेश सिंह, सब्बीर अहमद, ग्रीनलैंड हॉस्पिटल के मार्केटिंग मैनेजर नवीन चौरसिया व् अखिलेश शुक्ल का विशेष योगदान रहा। सहायक आबकारी आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि आईजीएल कम्पनी द्वारा समय समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन करना प्रसंशनीय है।

# गंडक पुल की मांग, नेताओं की खामोशी

**●स्थिति बिल्कुल साफ़ और गंभीर है—यह नीति, नियत और प्रतिनिधित्व तीनों पर सवाल खड़ा करती है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कुशीनगर।** विकास की किसी भी परियोजना की असली कसौटी उसकी नियत और जनोपयोगिता होती है, लेकिन जटहाँ-बगहा पुल का मामला आज इससे कहीं आगे निकल चुका है। यह अब केवल एक पुल नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र की कार्यशैली, NHAI की मंशा और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही का सवाल बन गया है। सन् 2023 में जब VTR विभाग ने NHAI को स्पष्ट नोटिस दिया कि आपकी शर्तों की अवधि समाप्त हो चुकी है और अब आप अपना वैकल्पिक मार्ग तलाशें, तब NHAI और संबंधित मंत्रालय अचानक सक्रिय हुए। इसके बाद जटहाँ-बगहा पुल निर्माण की मांग जटहाँ और बगहा क्षेत्र से ज़ोर पकड़ने लगी। जनता ने आवाज़ उठाई, प्रतिनिधियों से उम्मीद की गई, लेकिन NHAI पर न तो जनदबाव का असर पड़ा और न ही राजनीतिक पहल का। जनप्रतिनिधियों ने सदन में मुद्दा उठाया, केंद्रीय मंत्रियों तक बात पहुँची, फिर भी परिणाम शून्य रहा। इसके उलट NHAI ने अपनी योजना के अनुसार यूपी / बिहार 8 किलोमीटर की फासले को 20 किलोमीटर की लम्बी रेखा में बदलकर ऐसा भ्रम पैदा किया मानो समाधान मिल गया हो। यह कदम वस्तुतः जनता को 'ठंडा' करने की रणनीति प्रतीत होता है।

अब जो जानकारी सामने आ रही है, वह और भी चिंताजनक है। बताया जा रहा है कि NHAI द्वारा स्वीकृत बगहा-बेलवनिया परियोजना को जानबूझकर कम उपयोगी दिखाया गया, केवल बाइक-कार मार्ग बताकर एक महंगी और अव्यवहारिक योजना का स्वरूप दिया गया, ताकि उसे चुपचाप ठंडे बस्ते में डाला जा सके। यदि यह सच है, तो यह न केवल क्षेत्र के साथ अन्याय है, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों और जनभावनाओं के साथ छल भी है। इसी संभावित निरस्तीकरण से आहत होकर अब समिति द्वारा धरना प्रदर्शन मशाल जुलूस आदि रूपों में आंदोलन का रास्ता अपनाया गया है। यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल के खिलाफ नहीं, बल्कि विकास के अधिकार के लिए है। सबसे बड़ा और अहम सवाल यहाँ राजनीतिक चुप्पी को लेकर है। आज उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह और एक लोकसभा सांसद विजय कुमार दुबे जी बीजेपी के हैं, लेकिन दोनों की चुप्पी खटकती है। वहीं चंपारण जिले से माननीय राज्यसभा सांसद एवं केंद्रीय खनन राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे बीजेपी से हैं। जदयू सांसद सुनील कुमार जी अकेले इस मुद्दे पर संघर्ष करते दिख रहे हैं, जबकि उन्हें अपनी ही गठबंधन की भाजपा नेतृत्व से कोई ठोस समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। तो फिर जनता क्या माने? क्या यह परियोजना वास्तव में तकनीकी कारणों से रुकी है, या फिर राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव और प्रशासनिक टालमटोल की भेंट चढ़ रही है।

**अब निर्णय जनता के विवेक पर**

विकास मांगने वाली जनता को यह सोचना होगा कि उनकी आवाज़ कौन सुन रहा है, कौन चुप है, और कौन केवल रेखाएँ खींचकर समय काट रहा है। क्योंकि पुल केवल नदी नहीं जोड़ता– वह नियत और नेतृत्व को भी जोड़ता या तोड़ता है।

# स्वच्छता अभियान के दावों के बीच विद्यालय के मुख्य द्वार पर कूड़े का अंबार, कार्रवाई के आश्वासन के बाद भी नहीं बदली स्थिति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**गोण्डा ।** विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत छितौनी के कस्बा आर्य नगर में संचालित स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार पर कस्बा आर्य नगर से निकलने वाला कचरा डंप किए जाने से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। विद्यालय की दीवार से सटे स्थान पर कूड़े का बड़ा ढेर लगा है, जिससे उठती दुर्गंध के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार नियमित रूप से कस्बे का कचरा विद्यालय के मुख्य द्वार के समीप फेंका जा रहा है। कूड़े में आवारा पशु मुंह मारते दिखाई देते हैं, जिससे संक्रमण फैलने की आशंका बनी रहती है। विद्यालय जैसे संवेदनशील स्थान के पास गंदगी का यह आलम अभिभावकों में चिंता का विषय बना हुआ है।

विद्यालय प्रबंधक सुधाकर पांडेय ने बताया कि इस संबंध में ब्लॉक स्तर से लेकर जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों एवं जिला अधिकारी को कई बार पत्र लिखकर कूड़ा हटवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।इस संबंध में एसडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि ग्राम प्रधान से वार्ता हो चुकी है और शीघ्र ही जेसीबी मशीन लगवाकर कूड़े को हटवा दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विद्यालय परिसर के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी। अब देखना यह है कि आश्वासन कब जमीनी हकीकत में बदलता है और बच्चों को स्वच्छ वातावरण मिल पाता है या नहीं।

# एंड्रॉइड फोन खरीद में अनियमितता के आरोप, समाजसेवी ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**●आरोप है कि कम कीमत एवं निम्न गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए, जबकि बिल-वाउचर में अधिक मूल्य अंकित कर धनराशि का आहरण कर लिया गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह की कई ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों को उपलब्ध कराए गए एंड्रॉइड फोन की खरीद प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। शासन द्वारा पंचायत सहायकों को डिजिटल कार्यों के संचालन हेतु एंड्रॉइड फोन उपलब्ध कराने के लिए धनराशि ग्राम पंचायतों को आवंटित की गई थी, जिससे पंचायत स्तर पर ऑनलाइन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत टडवागुलाम, अनेगी, कल्यानपुर, उसरैना, खरगूपुर इमलिया, तेदुवा चौखड़िया, बेलवाकर्मडीह, पचरन, मिश्रौलिया, विरमापुर, खनवापुर सहित ब्लॉक के अन्य ग्राम पंचायतों में खरीद प्रक्रिया में अनियमितता किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। आरोप है कि कम कीमत एवं निम्न गुणवत्ता के मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए, जबकि बिल-वाउचर में अधिक मूल्य अंकित कर धनराशि का आहरण कर लिया गया।इस संबंध में रघु बाबा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सरकारी धन के उपयोग में किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है तो उसकी पारदर्शी जांच होना आवश्यक है।उधर, संबंधित खंड विकास अधिकारी अभय कुमार से संपर्क किए जाने पर इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका। क्षेत्र में इस प्रकरण को लेकर चर्चा तेज है और अब सबकी निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के.पी. सिंह द्वारा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा ।** विकास खंड रूपईडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत लोनावादरगाह में संचालित विकास कार्यों का अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी के.पी. सिंह द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि शासन की योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत में कराए जा रहे कार्यों का नियमित भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, ताकि पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानक के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराए जाएं।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने दोहराया कि ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना शासन की प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बुलडोजर देख लोगो ने खुद हटाए अतिक्रमण कांशीराम कॉलोनी में आवास मिलने के बाद भी सड़क पर था कब्ज़ा



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर जिले में सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए सड़क किनारे बनी झोपड़ पट्टियों पर कार्रवाई की है। जिलाधिकारी राजा गणपति के निर्देश पर शुक्रवार को प्रशासनिक और पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अवैध झोपड़ियों को खाली कराया गया। यह कार्रवाई शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थलों पर की गई, जिससे अतिक्रमण के कारण हो रही समस्याओं से राहत मिल सके जिला कारागार के समीप सड़क किनारे रखी गई अस्थायी झोपड़ियों और राजकीय इंटर कॉलेज से चुंगी सड़क मार्ग के किनारे बनी झोपड़ पट्टियों को हटाया गया। प्रशासन का कहना है कि इन स्थानों पर लंबे समय से सार्वजनिक भूमि पर कब्जा किया गया था जिससे यातायात व्यवस्था और आमजन को परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे और तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने बताया कि झोपड़ियों में रह रहे लोगों को पहले ही कांशीराम कॉलोनी में आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं, इसके बावजूद उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था बार-बार चेतावनी के बाद भी जब अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा। कुल मिलाकर 12 से अधिक अवैध झोपड़ियों को हटाया गया कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए झोपड़ियों में रह रहे लोगों को स्वयं अपना सामान निकालने और स्थान खाली करने का अवसर दिया। अधिकांश लोगों ने बिना किसी विरोध के अपनी झोपड़ियां खाली कर दीं पूरे अभियान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। तहसीलदार ने बताया कि यह कार्रवाई केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक कदम है!!

### संसद में गतिरोध बरकरार, दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित



विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार व्यवधान उत्पन्न करने के कारण लोकसभा को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। इससे पहले, अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी और तख्तियां प्रदर्शित करने के लिए सांसदों को फटकार लगाते हुए कहा कि बजट सत्र में अब तक सदन के कुल 19 घंटे और 13 मिनट बर्बाद हो चुके हैं। सदन सोमवार (9 फरवरी, 2026) को सुबह 11 बजे पुनः बैठेगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा, जिसके बाद संसद 9 मार्च तक अवकाश पर रहेगी।

### नीट अभ्यर्थी की मौत के मामले में तथ्यों को छिपा रही बिहार सरकार: राबड़ी देवी



बिहार में विधानपरिषद की सदस्य और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की नेता राबड़ी देवी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की एक अभ्यर्थी की मौत के मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस पर तथ्यों को ''छिपाने'' का आरोप लगाया। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी बजट सत्र के तीसरे दिन विधानपरिषद के बाहर विपक्षी सदस्यों द्वारा किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं।

# यदि मामले की जांच टीम करे निष्पक्ष जांच तो होगा घोटाले का पर्दाफाश

**●किसने की फर्जी एम .बी. और किसने दिखाया अधूरे कार्यो को पूर्ण बड़ा सबाल**

**बगैर कार्य शुरू हुए किस अधिकारी के आदेश निकाला गया मजदूरो की मजदूरी का पैसा-यक्ष प्रश्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी में हमेशा सुर्खियों. में रहने वाले ब्लॉक विजुआ की दर्जनों ग्राम पंचायतों में भारी गोलमाल और फर्जीवाड़ा किए जाने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। इसी क्रम में मैं आपको भ्रस्टाचार की एक बानगी दिखाने के लिए ग्राम पंचायत जहानपूर ले चल रहा हूं।सूत्र बताते हैं कि ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार और कमिशन खोरी के चलते मनरेगा से सभी कार्य ठेकेदारी प्रथा से कराए जाने की चर्चा आम हो रही है।यहां कमिशन खोरी का आलम यह रहा है कि जमकर मानकों की अनदेखी करते हुए मानकों के विपरित काम कराया गया है द्य ग्रामीणों की माने तो जहानपुर और ग्राम पंचायत बस्तौली में आधा अधूरा काम कराकर काग़ज़ों पर कार्य पूर्ण दिखा कर भारी भरकम भुगतान निकाला गया है।इस खेल में टी. ए.और जे.ई की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।बताया गया है कि प्रधान और पंचायत सचिव के साथ अन्य जिम्मेदारो की मिलीभगत से काग़ज़ों पर कार्य पूर्ण दिखा कर लाखों का बजट डकार लिया गया और खंड विकास अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी। रोजगार सेवक और पंचायत सचिव की काली करतूत पर गौर करें तो श्री राम के घर से रावन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आर सी 3128005079/ आर सी/ 9584862550236495237 में बिल संख्या 144 दिनांक 09/ 04/ 2025 को 252 रुपया और 02/ 05/ 2025 को बिल बाउचर 175 में 6552 रुपया कुल 6804.00 मजदूरी का निकाला गया।जबकि यह काम शुरु ही नहीं हुआ।तो फिर किसने की एम बी और किसने पास किया बिल बाउचर यक्ष प्रश्न बना हुआ है। एक विभागीय सूत्र ने नाम का खुलासा न करने की शर्त पर बताया है कि ब्लॉक बीजूआ की दर्जनों ग्राम पंचायतों में लगवाई गई ठेकेदारी प्रथा से इंटर लॉकिंग में नीचे रोड़ा नहीं डाला गया है यदि कहीं पर पड़ा भी है तो पुरानी निकली ईट का रोड़ा डालकर खेल किया गया है। एजिंग में दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग कर प्रथम श्रेणी की ईटा का भुगतान निकाला गया। एजिंग में मानकों के अनुसार 3 रद्दड्ड। लगने चाहिए लकिन यहां पर भी मानकों को ताक पर रख कर काम कराया गया। इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग एट लगवाने में भी खेल किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है सूत्र बताते हैं मानक के अनुसार 80 एमएम की इंटरलॉकिंग हिट लगनी चाहिए लेकिन बिजुआ की अधिकांश ग्राम पंचायत में 75 म एच लगवा कर मानक का खुला मजाक उड़ाया गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकांश काम अपूर्ण होने के बाद भी जीता और प्रधान पंचायत सचिव द्वारा मिली भगत करके आधे अधूरे कामों को पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाला जाता रहा है और सारा खेल अरसे से ब्लॉक में जगह खंड विकास अधिकारी के संरक्षण में चलने के आरोप लगाया जा रहे हैं एक विभागीय विशेष सूत्र द्वारा दी गई जानकारी को सत्य माने तो यदि लंबाई चौड़ाई रोड और एजिंग सहित माप पुस्तिका व मास्टर रोल की ही कर ली जाए जांच तो एक बड़े भ्रष्टाचार और घोटाले का होगा पर्दाफाश तथा फर्जी बी और मां कोशिका में मैप अंकन करने वाले जी दिए की तरह होगी जवाब दे ही और हम ग्राम प्रधान पंचायत सचिव तथा फर्जी हाजिरी लगाने वाले रोजगार सेवक पर भी आएगी जांच की जांच काम शुरू ही नहीं हुआ और बी बिल वाउचर बनाकर निकल गया भुगतान वहीं फर्जी हाजी लगाकर 6800 4 मजदूरी भुगतान का हो गया बंदर बात अब देखना यह है की द्ध कहां तक निष्पक्ष रूप से की जाती है यह तो समय ही बताएगा फिलहाल यह तय कि यदि मामले की हुई निष्पक्ष तथ्यों पर आधारित जांच तो ग्राम पंचायत सचिव सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की भी तय होगी जवाब देही ।अब देखना है कि कहां तक निष्पक्ष जांच का दायरा होता है यह तो समय ही बतायेगा।

# कांग्रेस भवन पर प्रेस वार्ता का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर,खीरी।** दिनांक 6 फरवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के आवाहन कर जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी के तत्व प्रधान में कांग्रेस भवन पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। उक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस प्रमोद जयंत मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों वंचितों और शोषितों के अधिकारों की रक्षा की है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद प्रदेश में लगातार दलितों पर हो रहे हमले इस अन्याय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी दलितों के साथ है। साथ ही जयंती में दलितों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया वर्तमान भाजपा सरकार हमेशा से ही दलितों का शोषण किया है द्य सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण महापुरुषों के सम्मान के लिए कांग्रेस ने हमेशा कार्य किया है। बीजेपी नेहाल देश का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया है द्य आज देश में महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है सरकार सिर्फ सिर्फ सभी जातियों को बांटने का कार्य कर रही जनता को इसी में उलझाए रखना उनकी फितरत में है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश कुमार आर्य ने कहा कि अब वह वक्त आ गया है कि हम सभी लोगों को एकजुट होकर दलित वंचित शोषित लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना होगा। कांग्रेसी ही दलितों की सच्ची हितैषी पार्टी है द्य कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में दलितों के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए हैं समानता का अवसर दिया।

जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग त्रस्त है उनकी नीतियां जनविरोधी हैं द्य हम सभी को एकजुट होकर पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करनी है। जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग रामजीवन राज ने अपने संबोधन में कहा कि दलितों वंचितों की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस ही लड़ती है जल्द ही पार्टी की विचारधारा नीतियों को लेकर दलितों के बीच जाएंगे द्य रात्रि प्रवास भी किया जाएगा संगठन से जोड़ने का कार्य किया जायेगा जल्द ही पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। उक्त प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से उपस्थित मोहन चंद्र उप्रेती, सत्ती सरन गौतम, वरुण चौधरी, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, अब्दुल रहीम , सुमित उपाध्याय, शिवम राज आदि। तदोपरांत जिला अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक भी की गइ। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित शिवम राज महासचिव पप्पू राज अवधेश कुमार कनौजिया उमाशंकर राज एडवोकेट लखीमपुर ब्लाक अध्यक्ष सुंदरलाल राज मनोज कुमार शबनम खान अनुराग राज अभिषेक राज मोहित राज पवन कुमार अमित कुमार आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूजीसी बिल-2026 को लागू करने की मांग, अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नीमगांव खीरी।** विकासखंड मितौली तहसील परिसर में आज अधिवक्ताओं ने यूजीसी बिल-2026 के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाए गए इस बिल को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी मितौली, मधुसूदन गुप्ता के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं का कहना है कि यह बिल उच्च शिक्षा में समानता लाने और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (GC) को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। बहुजनों की बुलंद आवाज माने जाने वाले सचिन सिंह नितिन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से एडवोकेट बलराम पाल, एडवोकेट अखिलेश शक्ति,एडवोकेट सोहन लाल वर्मा, एडवोकेट नीरज गौतम, एडवोकेट हेमनाथ गौतम, एडवोकेट सौरभ शर्मा, एडवोकेट संदीप राठौर, एडवोकेट योगेंद्र सिंह कनौजिया, एडवोकेट चन्द्रभाल, एडवोकेट अरविंद कुमार, एडवोकेट रत्नेश कुमार, एडवोकेट पुनेश राज, महामंत्री एडवोकेट पी.के. नीरज, एडवोकेट कृष्णा कांत राठौर, एडवोकेट दिनेश यादव, शिवम शर्मा, एडवोकेट केवल गौतम, एडवोकेट शरद यादव, एडवोकेट मोहम्मद रजा जैदी, एडवोकेट पप्पू सिंह चौहान, एडवोकेट अनूप कुमार, एडवोकेट मनोज, शिव शंकर राज, एडवोकेट संतोष कुमार राज, एडवोकेट वीरेंद्र, पुत्तू लाल गौतम, पंकज राज, धीरज यादव, एडवोकेट रोहित कुमार और चंद वर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में अपनी सहमति जताई।

## योगी आदित्यनाथ का हरिद्वार से बड़ा बयान- उत्तर प्रदेश में न दंगे, न कर्फ्यू; अर्थव्यवस्था में बना मिसाल



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को हरिद्वार में सप्त सरोवर रोड स्थित भारत माता मंदिर के पास सप्तऋषि आश्रम मैदान में आयोजित संत सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि हाल के वर्षों में राज्य ने काफी सुधार किया है, अब राज्य में कोई दंगा या कर्फ्यू नहीं है, और यह भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी कमजोर राज्य रहा उत्तर प्रदेश आज भारत की अर्थव्यवस्था में एक नई उपलब्धि बन रहा है और प्रगति के नए पथ पर अग्रसर है। न कर्फ्यू है, न दंगे, उत्तर प्रदेश में अब सब कुछ ठीक है।

## बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े वृद्ध महिला के कानों से कुंडल लूटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**क्यों लड़िया थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला के कानों से कुंडल लौटकर दो बाइक सवार बदमाश फरार हो गए यह घटना क्यों लड़िया के गांव केला डाडी के महिपाल की मां के साथ घटना घटित हुई है वह आज दिन के 11:30 बजे करीब अपने घर से कूड़ा डालने नहर के पास सड़क पर आई थी परंतु वह कूड़ा डालकर अपने घर वापस लौट रही थी इसी दौरान दो बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने आकर उनके आगे बाइक लगाकर रोक लिया एक ने 60 वर्षीय महिला माया देवी के कानों से सोने के कुंडल लूट लिए और दोनों घटनास्थल से फरार हो गए । माया देवी की चीज उपहार पर तमाम लोग एकत्रित हो गए बदमाशों को पकड़ने का भी प्रयास किया गया परंतु वे तब तक फरार हो गए घटना की तहरीर माया देवी के पुत्र महिपाल ने क्यों लड़िया पुलिस को दी है परंतु प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने बताया घटना को अंजाम देने वालों के लिए पुलिस टीम में भेज दी गई है शीघ्र ही लुटेरों को पड़कर कार्यवाही की जाएगी।

## सरकारी जगह से कब्जा हटवाने में सरकारी अमला हुआ नाकाम

**बरेली/** नवाबगंज तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत मेथी नवदिया में सड़क की जगह पर अवैध कब्जा होने की पुष्टि होने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा सका है इस मामले की शिकायत शिशुपाल सिंह पुत्र बुद्ध सिंह निवासी पुरैनिया ने तहसील से लेकर जिले तक जिले से लेकर मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत की गई जिस पर तहसीलदार नवाबगंज द्वारा अपनी जांच आख्या एसडीएम नवाबगंज गाटा संख्या 563 का रकबा 0.3320 हेक्टर अभिलेखों में सड़क दर्ज है। परंतु इस जगह पर अरविंद कुमार उर्फ़ डब्ल्यू का पक्का अवैध कब्जा है जिस पर पाक की दुकान बनी हुई हैं जो किराए पर चलाई जा रही है इसे हटाने के लिए प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग बरेली को पत्र संख्या 2351/एस टी दिनांक 13/11/2025 कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था किंतु प्रकरण में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई इस पर एसडीएम नवाबगंज द्वारा 10 दिसंबर 2025 को पुनः सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा गया फिर भी सरकारी जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया है इसी तरह तहसील क्षेत्र में ऐसे अनेकों मामले हैं जिम कब्जा हटवाने में तहसील प्रशासन ना काम है।

## सिंगहा कला के प्राचीन शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकली भव्य कलश यात्रा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** ग्राम पंचायत सिंगहा कला के प्राचीन श्री सिद्ध बाबा शिव मंदिर में अटूट श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर में शिवलिंग खंडित होने के पश्चात, विधिवत पुनः प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के संकल्प के साथ शुक्रवार को क्षेत्र में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पंचायत का माहौल भक्तिमय रहा। शुक्रवार को कलश यात्रा का शुभारंभ श्री सिद्ध बाबा मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुआ। यात्रा के दौरान पूरा गांव 'हर-हर महादेव' और 'जय भोलेनाथ' के जयकारों से गुंजायमान रहा। पीले और केसरिया वस्त्रों में सजी सैकड़ों महिलाओं और कन्याओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर गांव की परिक्रमा की। ढोल-नगाड़ों और भक्ति भजनों की धुनों ने वातावरण को पूरी तरह शिवमय बना दिया। ?ग्रामीणों के अनुसार, यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। शिवलिंग के खंडित होने से भक्त काफी समय से चिंतित थे, जिसके बाद सर्वसम्मति से आचार्य प्रयागदत्त शास्त्री ने शास्त्रोक्त विधि द्वारा नई प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्य शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ कराया। इस दौरान श्री सिद्ध बाबा मंदिर अध्यक्ष लव कुमार दीक्षित, ग्राम पंचायत सिंगहा कला प्रधानप्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित, प्रधान प्रत्याशी वीरेंद्र निषाद, एडो.रजनीश जायसवाल सहित ग्राम के सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## नोटिस के बाद भी कार्रवाई शून्य, अतिक्रमण पर सवालों के घेरे में है नगर पालिका की सख्ती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोला गोकर्णनाथ,खीरी।** नगर पालिका परिषद द्वारा छोटी काशी कॉरिडोर के मुख्य द्वार के सामने बने तीन मंजिला भवन पर सख्त रुख दिखाते हुए भवन स्वामी को नोटिस जारी किया गया था और तीन दिन में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था, लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी न तो संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और न ही पालिका स्तर से कोई ठोस कार्रवाई होती दिखाई दे रही है। इससे नगर पालिका की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि स्टेशन रोड स्थित छोटी काशी कॉरिडोर के मुख्य द्वार से सटे भवन के निर्माण को लेकर शनिवार के अंक में समाचार प्रकाशित होने के बाद पालिका अध्यक्ष के निर्देश पर भवन स्वामी संजय शर्मा को तीन कार्यदिवस के भीतर कागजात प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में स्पष्ट किया गया था कि बिना नक्शा पास कराए और निर्धारित ऊंचाई से अधिक निर्माण डीएम व शासन के निर्देशों के विपरीत है, जो उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं पालिका उपविधियों का उल्लंघन है। हालांकि निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद न तो भवन स्वामी ने कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए और न ही नगर पालिका द्वारा आगे की कार्रवाई की गई। इससे यह सवाल उठने लगा है कि क्या नोटिस सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं। इसी तरह का मामला लखीमपुर रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर अतिक्रमण का भी सामने आ चुका है। उस मामले में भी नगर पालिका ने नोटिस जारी किया था, लेकिन कुछ समय बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया और आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि नगर पालिका समय रहते ऐसे मामलों में निर्णायक कदम नहीं उठाती तो अवैध निर्माण और अतिक्रमण को बढ़ावा मिलेगा। लोगों ने मांग की है कि छोटी काशी कॉरिडोर जैसे ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाले क्षेत्र में नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और नोटिस के बाद कार्रवाई भी दिखाई दे। अब देखना यह है कि नगर पालिका परिषद इस मामले में आगे क्या रुख अपनाती है या फिर यह कार्रवाई भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगी।

## आखिर जांच करने से क्यों बचते नजर आ रहे हैं जिम्मेदार

**● नल रिबोर और स्ट्रीट लाइट के नाम लाखों का घोटाला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड पसगवा की ग्राम पंचायत गणेशापुर में नल रिबोर और मरम्मत एवं स्ट्रीट लाइट के नाम पर भारी गोलमाल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है सूत्र बताते हैं किशासन द्वारा चलाई जा रही विकास कार्य योजना का विकास खंड पसगवां की अधिकतर ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही क्रियान्वयन हो रहा है परंतु वास्तविकता में ग्राम पंचायतों के कुछ मंदों में विकास कोसो नदारद है तथा इन मंदो में जबरदस्त घोटाला हुआ है। विकास खंड पसगवां की कई ग्राम पंचायतों में हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर व स्ट्रीट लाइट के नाम पर जमकर घोटाला किया गया तथा ये घोटाला अब तक किया जा रहा है। कई योजनाओं में क्रमबद्ध तरीके से योजना बनाकर भ्रष्टाचार अब तक किया जा रहा है। पसगवां ब्लाक की ग्राम पंचायत गनेशापुर मे जनता के पैसे को पंचायत सचिव प्रधान डकार कर मालामाल हो रहे गांव का विकास करने के लिये सरकार द्वारा तरह तरह की योजना चलाई जाती परंतु ये विकास कार्य सिर्फ कागजों पर किए जा रहे और खातों में जमा राशि निकालकर ग्राम प्रधानों एवं सचिवों द्वारा खुद का विकास किया जा रहा है। सरकार तथा शासन के आदेशों पर पानी फेर रहे है जिम्मेदारो को न तो उच्चधिकारियों का डर है न सरकार का अपने कार्यकाल के अंतिम चरण में चल रही ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं सचिव खाते खाली करने में लगे है। ग्राम पंचायत गनेशापुर मे हैन्ड पम्प मरम्मत व रिबोर कार्य करने के नाम पर वर्ष 2021 से 2022 तक निकाली गई धनराशि क्रमशः 200000/ हैन्डपम्पमरम्मतकार्य, 100000/ हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य, 90000/ हैन्ड पम्प मरम्मत कार्य 257000/ हैन्ड पम्प रिबोर कार्य, 200000/ हैन्ड पम्प मरम्मत, 200000/ हैन्ड पम्प रिबोर कार्य, कुल धनराशि 1047000 होती है।

**फिर स्ट्रीट लाइट मरम्मत के नाम पर निकाली गई धनराशि-** 60000/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य,186500/ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य, कुल धनराशि 4, 33000 निकाली गई।उक्त सारी जानकारी पोर्टल के माध्यम से हुई है उक्त के विषय में जब सचिव से जानकारी चाही गई तो सचिव सच्चाई बताने से बच रहे है। गणेशापुर के ग्रामीणों ने बताया कि कोई कार्यवाही नहीं होगी सब आपस में मिले हुए है। ये दोनों विकास कार्य प्रधान प्रतिनिधि व सचिव ने मिलकर कागजों पर ही करवा दिया गया है।

## भदपुरा क्षेत्र पंचायत की बैठक में पहुंचे विधायक एक करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/**विकासखंड भदपुरा की क्षेत्र पंचायत की बैठक में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर एमपी आर्य पहुंचे बैठक में एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के प्रस्ताव पारित किए गए ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक का शुभारंभ यहां की ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार की अध्यक्षता में 12:20 पर प्रारंभ हुई बैठक के प्रारंभ में गत बैठक की कार्यवाही को सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव ने पड़ कर सुनाया। इसको बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने धुनी मत से पारित कर दिया इसके बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई कृषि विभाग की तरफ से भानु प्रताप ने कृषि से संबंधित जानकारी बैठक में उपस्थित सदस्य गणों को दी यहीं पर मनरेगा से संबंधित एपीओ सुमित कुमार विस्तार पूर्वक जानकारी दी और बताया गया अब इस योजना का नाम बदलकर जी राम जी कर दिया गया है इसमें कार्य करने के लिए दो महीने रोक रहेगी बाकी 10 महीने कार्य किया जा सकेगा ।

यहीं पर बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर कंचन गंगवार ने विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए बताया तभी क्षेत्र पंचायत सदस्य यज्ञदेव मैं सवाल खड़ा कर दिया और कहा मोहम्मदपुर के केंद्र को एक माह का खाद्यान्न उपलब्ध नहीं हुआ है इस पर उन्होंने तंज करते हुए कहा कार्य कतरी से कहें भाई अपना रजिस्टर लेकर आए और हमारे रजिस्टर से मिलान करें तभी स्पष्ट हो जाएगा। सहकारिता विभाग के अपर मुख्य अधिकारी ने सभी गोदाम पर खाद होने की जानकारी दी इस पर प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार ने सोसाइटियों पर हो रही धांधली का मामला उठाया जिसमें किसानों द्वारा एक बोरा उड़िया लेने के बाद उनके नाम से कई कई बोरा यूरिया काट दी गई जिसके कारण उन्हें अब संकट का सामना झेलना पड़ रहा है और वह खाद नहीं दुकानदारों को बेच दी जाती है इस पर उन्होंने जांच करने का आश्वासन दिया क्यों लड़िया के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मूगीश स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की साथ ही उन्होंने बताया। 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को स्कूल में टीमों के द्वारा जाकर दवाई खिलाई जाएगी इस पर विधायक डॉक्टर आर्य सभी को अवगत कराया यह दवाई सभी लोग खाएं इससे अन्य कोई बीमारियों के भी खतरे नहीं रहते हैं फाइलेरिया हाथी पांव जैसी बीमारियां इस दवा के खाने से उत्पन्न नहीं होगी और इसके खाने से कोई भी स्वास्थ्य को नुकसान भी नहीं होगा पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने पशुपालन विभाग से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई जिस पर कई बिंदुओं पर चर्चा होती रही सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण द्वारा गरीब कन्याओं को मुख्यमंत्री कन्या योजना के तहत विभाग करने पर 100000 की धनराशि शासन से प्राप्त होने की जानकारी दी गई जिसमें 60000 कन्या के खाते में एवं 25000 के उपहार 15000 भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं में व्यय किए जाने की जानकारी दी। ऐसा ई आर में बेस्ट होने के कारण पूर्ति निरीक्षक एवं खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित नहींहुए 3 घंटे तक चली इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई एक करोड़ से अधिक धनराशि के विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पारित किए गए बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार ने की और संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव ने किया। यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य खंड विकास अधिकारी रमाशंकर पटेल भाजपा सुंदरी मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार प्रधान बलराम सिंह त्रिवेंद्र कुमार गंगाराम मोहम्मद रफी अहमद वेदपाल सिंह कनौजिया रामचंद्र गंगवार सत्यपाल कश्यप लालाराम कश्यप समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई, विजय मिश्रा के सहयोगियों की अवैध संपत्ति जब्त



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की 'संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार' नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए माफिया गैंग लीडर विजय मिश्रा के सहयोगियों की अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत एक आयसर ट्रैक्टर व बुलेट मोटरसाइकिल को जब्त किया गया, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 4,06,728 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में, जिलाधिकारी के आदेश पर थाना कोइरौना पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार जब्त संपत्ति अभियुक्त चंदन तिवारी एवं गोपाल कृष्ण तिवारी उर्फ बुल्ले द्वारा अपराध से अर्जित धन से खरीदी गई थी। अभियुक्त चंदन तिवारी के विरुद्ध हत्या, गैंगस्टर व आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

### स्मार्ट ऐप से उपभोक्ताओं को मिलेगी बिजली खपत पर पूरी जानकारी



**भदोही।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर की रीडिंग, डिमांड, बकाया बिल देख सकते हैं और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। ऐप से घर बैठे लोड घटाने-बढ़ाने, प्रीपेड रिचार्ज तथा दैनिक बिजली खपत की निगरानी की सुविधा भी उपलब्ध है। ऐप को डाउनलोड कर मोबाइल नंबर से ओटीपी के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। अधिशाषी अभियंता विद्युत ने बताया कि नेगेटिव बैलेंस होने पर समय से भुगतान न करने पर अस्थायी कनेक्शन विच्छेदन की संभावना रहती है, जबकि समय से भुगतान करने पर 2 प्रतिशत छूट का लाभ भी दिया जा रहा है। 'राष्ट्र हित में बिजली बचाएं' का संदेश देते हुए उपभोक्ताओं से ऐप का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील की गई है।

### न्याय पंचायत महुआपुर में प्राथमिक शिक्षक संघ सुरियावां इकाई का गठन, हुआ सम्मान समारोह

**भदोही।** सुरियावां विकास खण्ड के न्याय पंचायत महुआपुर में संजय कुमार प्रधानाध्यापक/शिक्षक संकुल के सौजन्य से प्राथमिक शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई सुरियावां के गठन एवं चयन के उपरांत स्वागत-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारियों का शिक्षकों द्वारा पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन शिक्षक समाज की एकता, सम्मान एवं संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक है। महामंत्री जितेंद्र कुमार ने आश्वस्त किया कि संघ सदैव शिक्षकों के अधिकार व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी विनय शंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# नशामुक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत चलचित्र एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी शाखा चुनार के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त विषय पर चल-चित्र, नुक्कड़ नाटक एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि युवा जागरूकता फैलाकर,नशे से दूर रहने का संदेश देकर एवं सकारात्मक जीवन अपना कर दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकते हैं।प्रजापिता ब्रह्मकुमारी चुनार की बहन तारा जी के नेतृत्व में पूरी टीम ने महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को शांति शिक्षा एवं एकांत ध्यान योग द्वारा नशा सहित अन्य सामाजिक बुराईयों पर विजय प्राप्त करने का मंत्र दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. वकार रजा ने कहा कि नशामुक्ति अभियान समाज के स्वास्थ्य,नैतिकता एवं भविष्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर कुंभकर्ण की झांकी,नुक्कड़ नाटक एवं चल चित्र के प्रदर्शन द्वारा नशा के विभिन्न उत्पादों शराब,गुटका , सिगरेट, ड्रग्स के शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को दिखाया गया।इस अवसर पर नशा मुक्ति हेतु शपथ ली गई। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर डॉ चंदन शाहू,डॉ रजनीश,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ संकटा प्रसाद सोनकर,डॉ दीप नारायण,डॉअवधेश सिंह यादव,डॉ अरविंद कुमार,डॉ शेफालिका राय,डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ नलिनी सिंह, डॉ अदिती सिंह,डॉ शिव कुमार, डॉ रमेश चंद्र,डॉ अमित यादव, डॉ शिखा तिवारी,डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ विद्या सिंह,डॉ गुरु प्रसाद,धर्मेंद्र कुमार सिंह, रामकेश सोनकर ,रामानंद पुजारी,कुर्बान सहित छात्र- छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## उप निदेशक कृषि ने सीखड़ गौ आश्रय केन्द्र का निरीक्षण किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर ।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को क्षेत्र में स्थित सीखड़ गौ आश्रय केन्द्र का उप निदेशक कृषि विकेश पटेल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय केन्द्र में 274 गौ मौजूद मिली।उप निदेशक कृषि ने मौके पर उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम प्रधान से गौ आश्रय केन्द्र में पशुओं के लिए खड़ंजा तथा टीन सेड लगवाने के लिए कहा, जिससे पशुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। तथा उन्होंने ने उनके चारे,राशन,खली चुनी की समुचित व्यवस्था बनाएं रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि छुट्टा पशुओं को चिंहित कर उन्हें गौ आश्रय केन्द्र में रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला परिसर में चारदीवारी, विद्युतीकरण, पानी,सी सी टीबी सुचारू रूप से संचालित पायें गए। उन्होंने ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से परिसर में एकत्रित गोबर को नीलाम कर परिसर की साफ सफाई कराने को कहा।उप कृषि निदेशक ने बताया कि सीखड़ गौ आश्रय केन्द्र सीखड़ का निरीक्षण किया गया, जहां सब कुछ संतोष जनक पाया गया,जो थोड़ी बहुत कमियां थीं उसे तत्काल दूर कराने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी उमेश यादव, ग्राम प्रधान पति चन्द्र वलि यादव,ए डी ओ एजी रोहित सिंह मौजूद रहे।

# सोने की जंजीर छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के पटेहरा गांव स्थित स्वामी राधे चैतन्य महाविद्यालय में बीते 4 फरवरी को शादी समारोह में शामिल होने गई महिला के गले से सोने की चेन छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।देवहट गांव निवासी सुभाष सोनी की पुत्री कोमल सोनी की शादी अमेठी जनपद में हुई है। बीते चार फरवरी को रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए मायके आई थी। जहां शादी समारोह के दौरान एक युवक झपट्टा मारकर गले से चेन छीनकर भाग निकला था।इस संबंध में महिला के भाई मनीष सोनी निवासी देवहट ने गुरुवार की रात थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एस आई त्रिलोचन प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल बिजेंद्र राय ने तत्परता दिखाते हुए चौबीस घंटे के भीतर आरोपित वकील कोल निवासी पटेहरा को पटेहरा गांव स्थित गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।छिनैती करने वाले युवक ने अपने घर के पास जमीन में सोने की चेन को गाड़ दिया था। युवक ने घर के सामने मिट्टी में छिपाकर रखे सोने की चेन को निकालकर पुलिस को सौंप दिया।इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महिला के गले से सोने की चेन को बरामद करते हुए चेन छीनकर भागने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के तहत भदोही पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**●समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' के अंतर्गत अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालके पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 06.02.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। डायल 112 की पीआरवी 2909 के कर्मचारियों द्वारा तत्परतापूर्वक त्वरित सहायता प्रदान कर सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने, अन्य उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी में तैनात पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अर्दली रूम का आयोजन कर रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# शव को घर के सामने रखकर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र के कछवा थाना अंतर्गत सेमरा खैरा गांव निवासी 19 वर्षीय शिवम पुत्र स्वर्गीय हीरालाल का शव पोस्टमार्टम के बाद देर रात करीब दो बजे घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव को घर के सामने रखकर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास करने लगी, लेकिन परिजन अपनी मांग पर अड़े रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सेमहरा खैरा गांव में कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष अमरजीत चौहान ने परिजनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों ने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर डटे रहे। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी के घर पहुंचकर उसकी तलाश की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। पुलिस आरोपी की बहन को पूछताछ के लिए थाने ले गई। वहीं दोपहर लगभग 12 बजे, पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए मेड़िया घाट लेकर रवाना हुए, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी सदर मुनेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और शीघ्र ही सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में गुरुवार की देर रात कच्चे मकान के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर युवती ने आत्महत्या कर लिया। मड़वा धनावल गांव निवासी संतोष प्रसाद केशरी की 20 वर्षीया पुत्री रागिनी केशरी रात में मां संगीता देवी और छोटे भाई अंकित के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नही खुलने पर भाई अंकित केशरी ने बहन को दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई। भीतर से कोई प्रतिक्रिया नही होने पर भाई ने खपरैल के मकान की छत से कमरे में देखा तो बहन बड़ेर में दुपट्टे से लटकी हुई थी।बहन को फंदे से लटकता देख भाई के होश उड़ गए।घटना की जानकारी मां को दी। मां की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे अगल बगल के लोगो ने किसी तरह दरवाजे को खोलकर भीतर गए। ग्रामीणों ने युवती को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पिता संतोष प्रसाद परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मैहर दर्शन पूजन करने गए थे।मृतका के भाई की सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एस आई मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटना की जांच की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मड़वा धनावल गांव में युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान के भीतर बड़ेर में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी है।घटना की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर लाखों का आभूषण उठा ले गए चोर, पीड़ित ने दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के गलरिया गांव में शुक्रवार दोपहर घर सूना देखकर हौसला बुलंद चोर घर के भीतर आलमारी में रखे लाखों का आभूषण चोरी कर ले गए।घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी ने पुलिस को सूचना दी।गलरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह अपने भतीजे बृजेश प्रताप के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए घर से करीब एक किलोमीटर दूर उनके घर पर परिवार के सभी सदस्यों के साथ गए थे। उसी दौरान चोर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर घुस गए।चोर घर के भीतर रखी आलामारी का लाक तोड़कर उसके भीतर श्रृंगार दान में रखा सोने का मंगलसूत्र,सोने की चेन,कान की बाली और झुमका,सोने की मनचली, चार नग सोने की अंगूठी,चांदी का पायल और बिछिया उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी की पत्नी पूनम सिंह के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंचे एसआइ विनोद कुमार सिंह, रमेश यादव,पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच की। गृहस्वामी प्रमोद कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में कार्यवाहक थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गलरिया गांव में हुई चोरी की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर मिली है चोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य कर विभाग की कार्यप्रणाली और सुविधाओं को लेकर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**●प्रमुख सचिव और कमिश्नर से मिला प्रतिनिधिमंडल; पार्किंग, कैंटीन और जीएसटी पोर्टल की समस्याओं के त्वरित समाधान का मिला आश्वासन ।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को शासन और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर व्यापारियों व अधिवक्ताओं को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों की ओर ध्यान आकर्षित किया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रमुख सचिव राज्य कर (उत्तर प्रदेश शासन) कामिनी रतन चौहान और राज्य कर कमिश्नर नितिन बसंत से मुलाकात की। इस दौरान विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, प्रशासनिक जटिलताओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से राज्य कर भवन में अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अधिवक्ता कक्ष के विस्तार, जर्जर हो चुकी पार्किंग व्यवस्था में सुधार और बंद पड़ी कैंटीन को पुनः शुरू करने जैसी मूलभूत मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को अवगत कराया कि हाल ही में किए गए सेक्टर परिवर्तन के कारण जीएसटी पंजीकरण और पोर्टल के संचालन में कई तकनीकी बाधाएं आ रही हैं, जिससे न केवल काम में विलंब हो रहा है बल्कि व्यापारियों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र और महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने वादों के निस्तारण, अपील प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रशासनिक विसंगतियों को दूर करने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव और कमिश्नर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसोसिएशन के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उम्मीद जताई कि शासन के सकारात्मक रुख से जल्द ही अधिवक्ताओं और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## फरवरी 2026 का निशुल्क राशन वितरण 8 से 26 फरवरी तक

**●जिला पूर्ति अधिकारी ने जारी की सूचना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत माह फरवरी 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निशुल्क वितरण जनपद ललितपुर में 8 से 26 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इस सम्बन्ध में आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन लखनऊ के पत्र अनुसार जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचंद्र मिश्रा द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। डीएसओ ने बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को निर्धारित अवधि में उचित दर दुकानों से खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेंहू एवं 21 किलोग्राम चावल, जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेंहू एवं 3 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न) का निशुल्क वितरण किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्यान्न वितरण ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण द्वारा किया जाएगा। सभी लाभार्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपनी नजदीकी उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर खाद्यान्न प्राप्त करना सुनिश्चित करें। आधार प्रमाणीकरण में असमर्थ लाभार्थियों के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ऐसे उपभोक्ताओं को भी वितरण की अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026 तक निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वितरण अवधि के बाद किसी भी प्रकार की शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा। अतएव सभी पात्र लाभार्थी समय से खाद्यान्न प्राप्त कर लें।

## संक्षिप्त खबरें

### सरायममरेज पुलिस टीम द्वारा आवेदक के खाते से फ्रॉड की गयी धनराशि 6,500/- रूपये कराया गया वापस।



**ब्यूरो प्रयागराज-** सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में दुर्गेश द्विवेदी पुत्र महेन्द्र द्विवेदी निवासी ग्राम मीठूपुर थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज के साइबर फ्रॉड में कटे कुल 6,500/- रूपये को थाना सरायममरेज साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवेदक का फ्रॉड में कटा पूरा पैसा वापस कराया गया । आवेदक दुर्गेश द्विवेदी उपरोक्त द्वारा साइबर फ्रॉड में 6,500 रुपये कटने पर एन0सी0आर0पी0 पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी गयी थी । आवेदक द्वारा थाना सरायममरेज पुलिस व प्रयागराज पुलिस का आभार प्रकट किया गया ।

### बटुक ब्रह्मचारियों का भव्य'यज्ञोपवीत संस्कार';श्री सच्चा बाबा आश्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब।



**नैनी प्रयागराज।** संगम नगरी के अरैल, नैनी स्थित श्री सच्चा बाबा आश्रम के पावन परिसर में शुक्रवार को पूज्यपाद गुरुदेव भगवान संत श्री सच्चा बाबा जी महाराज के दिव्य सानिध्य में एक भव्य 'यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार' समारोह का आयोजन किया गया।इस धार्मिक अनुष्ठान में आश्रम में अध्ययनरत बटुक ब्रह्मचारी बड़ी संख्या में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ धारण कर अपने आध्यात्मिक जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम का आयोजन संत-संघ श्री सच्चा बाबा आश्रम एवं श्री सच्चा अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया आश्रम के महंत एवं संरक्षक स्वामी डॉ चन्द्रदेव जी महाराज ने बटुकों को मंत्र दीक्षा दी एवं बताया की यज्ञोपवीत संस्कार भारतीय संस्कृति के सोलह संस्कारों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है, जो बालक को संयम और ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर करता है एवं महंत जी ने बटुकों को आशीर्वाद देकर गायत्री की उपासना त्रिकाल संध्या करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बटुक ब्रह्मचारी के परिवार जन, आश्रम के अध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज,मंत्री प्रवेश ब्रह्मचारी, डॉ शत्रुघ्न ब्रह्मचारी, प्राचार्य कृष्ण ,अमित ब्रह्मचारी, संत सौरभ महाराज ,आचार्य शंभुनाथ, हरिशंकर,आचार्य वेद प्रकाश जी,आचार्य रमेशचन्द्र जी आदि उपस्थित रहे तत्पश्चात् भंडारा का आयोजन किया गया सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया

### विश्व हिंदू परिषद नेता के निधन पर शोक सभा।



**नैनी ,प्रयागराज।** गुरूवार रात में विश्व हिंदू परिषद के नेता,नैनी बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी,भाजपा से चुनाव लड़ चुके जीतराम अग्रवाल जी का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया।जिससे शुक्रवार को व्यापारी एवं नागरिकों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है । इस मौके पर 2 मिनिट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। कि उनकी आत्मा को शांति मिले।शोक प्रकट करने वाले में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता,पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद अनुप पासी,नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष केशरवानी , मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, दिलीप केसरवानी, राजन शुक्ला, शिव शंकर दीक्षित, नरसिंह, बबलू तिवारी, मुकेश भारतीय,रमेश केसरवानी, संजय गुप्ता (सीमेंट),लाल जी जयसवाल,चंद्रबली जाटव,विनय जयसवाल बाबा, धर्मराज पटेल, बुलबुल राव, विनोद जयसवाल, राजकुमार चौरसिया, मंटू सिंह, देवी लाल, बच्चा जायसवाल, मयंक यादव, राजेश अग्रवाल, रवींद्र अग्रवाल, रामकृष्ण केशरवानी, राधेश्याम गुप्ता, रामगोपाल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल यह जानकारी नैनी व्यापार मंडल महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने दिया।

# विकास भवन में सीडीओ का औचक निरीक्षण: गंदगी पर फटकार, DSWO गैरहाजिर, DO PRD का वेतन रोका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया।** जिले के विकास भवन में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में गंदगी, अव्यवस्था, पुरानी फाइलों का अंबार और कर्मचारियों की अनुपस्थिति सामने आने पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। सीडीओ ने DDO, DPRO, DMWO, कृषि विभाग सहित सभी कार्यालयों की अलमारियों पर क्रम संख्या अंकित करने तथा प्रत्येक अलमारी के बाहर यह स्पष्ट रूप से लिखने के निर्देश दिए कि वह किसकी है और उसमें कौन-कौन सी फाइलें रखी गई हैं। इसके साथ ही सभी पटलों और कर्मचारियों की मेजों पर नेम प्लेट लगाने और उनके कार्यों का विवरण प्रदर्शित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) रमेश कुमार अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इस गंभीर लापरवाही पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए DO PRD का वेतन रोकने के निर्देश दिए। RED कार्यालय के निरीक्षण में प्रधान सहायक के पास बैठने के लिए कुर्सी तक नहीं पाई गई। इस पर सीडीओ ने अधिशासी अभियंता RED को तत्काल कुर्सी और टेबल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कक्ष संख्या तीन के बाहर फैली गंदगी को साफ कराने, पेंट कराने और गमले रखने के आदेश दिए गए। साथ ही पंखों से जाले हटाने, अनुपयोगी कागज नष्ट करने और कक्ष संख्या पांच से खराब कंप्यूटर तुरंत हटाने को कहा गया। विकास भवन के शौचालयों की हालत बेहद खराब मिलने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने नजीर, विकास भवन को तत्काल सफाई कराने, टूटी वेस्ट पाइप बदलने, यूरिनल बदलने और पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला शौचालयों की सफाई और आरओ की सर्विस कराने के भी आदेश दिए गए। कक्ष संख्या 12 और 13 के बीच बने अस्थायी कमरों, छ्रत्र्ष्ठ स्टोर तथा अन्य विभागों में रखे निष्प्रयोज्य सामान को समिति बनाकर नीलाम करने और कमरों को तत्काल खाली कराने के निर्देश दिए गए। DPRO कार्यालय में IGRS कार्य के लिए 'IGRS सेल' का बोर्ड लगाने, सोशल ऑडिट कक्ष में नेम प्लेट लगाने तथा DSWO कंप्यूटर रूम व स्कॉलरशिप रूम के बाहर कर्मचारियों के नाम और कार्य का विवरण लिखवाने को कहा गया। इसके अलावा स्कॉलरशिप रूम, AE MI कार्यालय और कृषि विभाग के कमरों में रोशनी व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। विकास भवन के पिछले गेट पर रखी लावारिस अलमारियों और बक्सों के ताले तुड़वाकर उन्हें हटाने तथा परिसर के बाहर जमी गंदगी साफ कराने की जिम्मेदारी DPRO को सौंपी गई। सीडीओ ओजस्वी राज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सोमवार को पुनः औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि कार्यशैली, साफ-सफाई और कार्यालय व्यवस्था में सुधार न मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले, प्रयागराज के जगत तारन गोल्डन जुबली स्कूल ऑडिटोरियम में क्लास ढ्ढ्ङ्ग से XII तक के स्टूडेंट्स के लिए एक करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज़ किया गया। इस प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स को उनकी पढ़ाई के अहम पड़ाव पर सोच-समझकर एकेडमिक और करियर से जुड़े फैसले लेने में मदद करना था। यह कार्यक्रम सिलेक्शन सेंटर ईस्ट, भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय के तहत पब्लिक रिलेशन्स ऑफिस, प्रयागराज की एक संयुक्त आउटरीच पहल के रूप में आयोजित किया गया था, और इसका आयोजन यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने किया था। इस पहल का मकसद छात्रों को क्लास ङ्ग के बाद सब्जेक्ट चुनने, उच्च शिक्षा के अवसरों, करियर प्लानिंग और ज़रूरी लाइफ स्किल्स के विकास के बारे में व्यवस्थित मार्गदर्शन देना था। छात्रों को संबोधित करते हुए, मेजर जनरल धर्म राज राय ने एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बातचीत की, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में अनुशासन, नेतृत्व, मकसद की स्पष्टता और लचीलेपन के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट लक्ष्य तय करने, अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखने और अपने भविष्य के करियर को आकार देते समय ईमानदारी, जिम्मेदारी और समाज सेवा जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके संबोधन ने छात्रों को तुरंत मिलने वाले अकादमिक नतीजों से आगे सोचने और लंबे समय तक व्यक्तिगत विकास और राष्ट्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोग्राम में CBSE, ICSE और उत्तर प्रदेश बोर्ड से जुड़े अलग-अलग स्कूलों के लगभग 300 स्टूडेंट्स, NCC कैडेट्स और टीचर्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया। जगत तरन गोल्डन जुबली स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सुष्मिता कानूनगो ने इस मौके पर आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और करियर गाइडेंस पहल के लिए अपना समर्थन जताया। इंटरैक्टिव चर्चाओं और गाइडेंस सेशन के ज़रिए, पार्टिसिपेंट्स को अलग-अलग करियर के रास्ते, नए मौकों और करियर चुनने में अपनी दिलचस्पी और काबिलियत को मिलाने की अहमियत के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी गई। फैकल्टी मेंबर्स और ऑर्गनाइज़र्स ने बताया कि ऐसी पहल स्टूडेंट्स में एकेडमिक स्ट्रेस को कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं, खासकर एग्ज़ाम के समय, क्योंकि ये फैसले लेने में क्लैरिटी और कॉन्फिडेंस देती हैं। इस इवेंट में युवा दिमागों को ज़िम्मेदार नागरिकता और प्रोडक्टिव करियर की ओर गाइड करने में जानकारी वाले मेंटरशिप और पॉजिटिव रोल मॉडल्स की भूमिका पर भी ज़ोर दिया गया। आयोजकों ने भाग लेने वाले संस्थानों, शिक्षकों, ह्रष्ट्ट कैडेट्स और छात्रों को उनके एक्टिव भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया, जिससे कार्यक्रम सफल रहा। इस पहल ने इंडियन आर्मी और रक्षा मंत्रालय की, व्यवस्थित आउटरीच प्रयासों के ज़रिए, युवाओं के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और उनके सर्वांगीण विकास में सहायता करने की प्रतिबद्धता को फिर से पक्का किया।क्क्करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम ने स्टूडेंट्स को अपने एकेडमिक और प्रोफेशनल भविष्य की योजना बनाते समय दिशा, प्रेरणा और आत्मविश्वास हासिल करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया, जिससे लंबे समय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सोच-समझकर लिए गए फैसलों और अनुशासित प्रयास के महत्व को बल मिला।

# यूपी बोर्ड की सस्ती पाठ्य पुस्तकें तैयार, अब बाजार में लाई जाएंगी, हाई कोर्ट में याचिका लगने से प्रतीक्षा में विक्रेता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** कक्षा नौ से 12 के 50 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों के लिए यूपी बोर्ड ने अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र के पूर्व पहली बार राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के पाठ्यक्रम पर आधारित पाठ्य पुस्तकें बाजार में उपलब्ध कराने की तैयारी पूरी कर ली है। मुद्रित पाठ्य पुस्तकें अधिकृत विक्रेताओं की दुकानों पर पहुचाने की अनुमति बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने दे दी है। दूसरी तरफ पुस्तक प्रकाशन के लिए हुए टेंडर के विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका लगाए जाने तथा टेंडर कार्यवाही पर अंतिम रूप से रोक लगाए जाने से अधिकृत विक्रेता पुस्तकें नहीं मंगा रहे हैं। वह मामले में नौ फरवरी को होने वाली सुनवाई की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बोर्ड ने 36 विषयों के लिए एनसीईआरटी की 70 पाठ्य पुस्तकों तथा हिंदी, संस्कृत एवं उर्दू विषय की 12 पाठ्यपुस्तकें तीन मुद्रकों से मुद्रित कराई। यह पाठ्य पुस्तकें तैयार हो जाने पर संबंधित मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों को भेजकर प्रकाशित पुस्तकों का परीक्षण कराया। उनकी रिपोर्ट के बाद पुस्तकें अधिकृत विक्रेताओं के यहां उपलब्ध कराने की अनुमति मुद्रकों को दे दी गई। बोर्ड सचिव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि अधिकृत मुद्रकों/पुस्तक विक्रेताओं द्वारा किसी भी दशा में पुस्तकों के साथ गाइड/संदर्भ पुस्तकें क्रय करने के लिए विद्यार्थियों को बाध्य न किया जाए। इसका कुछ विक्रेताओं ने विरोध किया है। कहा है कि वह गाइड एवं संदर्भ पुस्तकें अधिकृत पाठ्यक्रम के अनुरूप सहयोग के लिए विक्रय करते हैं। इसके अलावा टेंडर की शर्तों के कारण टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित प्रकाशक की याचिका पर होई कोर्ट सुनवाई कर रहा है। मामले में नौ फरवरी को पुनः सुनवाई होनी है। ऐसे में अधिकृत पुस्तकों के अधिकृत विक्रेता अब नौ फरवरी को हाई कोर्ट के निर्णय के बाद अधिकृत पुस्तकें मंगाने को लेकर निर्णय करेंगे।

# एमएलए कप 2026: गत चैंपियन चीरा हुई टूर्नामेंट से बाहर

**●ललितपुर एलेवन और आरसीबी ने अपने मैच जीते**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तुवन मंदिर ग्राउंड में चल रहे सदर विधायक कप 2026 में शुक्रवार को हुये मैचों 2 टीमों ने जीत हासिल की है। जिसमें पहला मैच में ललितपुर एलेवन व राज क्रिकेट क्लब चीरा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते राज क्रिकेट क्लब चीरा ने 12 ओवर में 8 विकेट खोकर 112 रन का लक्ष्य रखा। तो वहीं ललितपुर एलेवन ने 11 ओवर में आठ विकेट खोकर जीत हासिल की और पिछले चैंपियन को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दूसरा मैच रॉयल चैंलेज बुंदेलखंड व सिरसी एलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुये सिरसी एलेवन ने 12 ओवर में सात विकेट खोकर 113 रन बनाए। तो वहीं रॉयल चैंलेज बुंदेलखंड ने सिर्फ 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 119 रन ठोककर जीत हासिल की। गेंदबाजी/बल्लेबाजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर नाज अहमद और विवेक यादव को मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा शील्ड व नगद पुरस्कार देकर खिलाडियों को सम्मानित किया। इस दौरान दीपेश राय, अभिषेक सोनी, दीपक चौरसिया, धर्मेन्द्र राजा, दीपक राठौर, मोहन पेंटर, सौरभ नायक, रिक्की कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, अनुराग कंचन, विनोद पाठक, धर्मवीर कुशवाहा पार्षद, करन कुशवाहा पार्षद प्रतिनिधि, राजू कुशवाहा, उदल कुशवाहा, रोशन कुशवाहा, राकेश त्रिवेदी सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

**आज होगी वूमेन क्रिकेट की रोमांचक भिड़ंत**

टूर्नामेंट में मुख्य आकर्षण के तौर पर आज साक्षी बुंदेला के नेतृत्व में ललितपुर क्रिकेट एकेडमी और क्रिस्टी राजा के नेतृत्व में निशि क्रिकेट एकेडमी का मैच सुबह 10 बजे से होगा। आयोजक श्रीकांत कुशवाहा ने बताया कि मैच का उद्देश्य वूमेन क्रिकेट को बढ़ावा देना है ताकि ऐसी प्रतिभाएं निखर के सामने आये, जो राष्ट्रीय पटल पर जनपद का नाम रोशन करें।

# ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज में साइबर जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 साइबर क्राइम द्वारा निर्गत निर्देश के तहत चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-06.02.2026 को थाना शिवकुटी क्षेत्रान्तर्गत ईश्वरशरण डिग्री कॉलेज प्रयागराज में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरुकता अभियान के अन्तर्गत प्रतिभाग किये गये लगभग 400 छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरुक किया गया तथा रोकथाम हेतु आवश्यक सुझाव दिये गये । प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर फ्राड होने के दशा में 1930 पर कॉल एवं www.CyberCrime.gov.in, www.cyberpolice.uppolice.gov.in पर शिकायत दर्ज करने हेतु बताया गया ।

**साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से महत्वपूर्ण अपील-**

1. अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
2. मजबूत पासवर्ड बनायें ।
3. सोशल मीडिया पर पर्सनल जानकारी शेयर न करें।
4. ऑनलाइन स्कीम और लाटरी निकलने जैसे ऑफर पर भरोसा न करें।
5. पब्लिक वाई-फाई का उपयोग न करें।
6. अपने ब्राउजर को अपडेट रखें।
7. सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर w-Step Verification ऑन रखें।
8. अनजान नंबर से आयी हुई कॉल को रिसीव करने से बचे।
9. साइबर अपराध होने पर टोल फ्री नं0-1930 पर डायल करें।

**साइबर जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 घनश्याम यादव, प्रभारी साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज ।
2. उ0नि0 स्वतंत्र कुमार, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज ।
3. का0 सूरज चाहर, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज ।

# आलू को झुलसा रोग से बचाने के लिए करें दवा का छिड़काव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** मौसम में हो रहे लगातार बदलाव और तापमान में गिरावट के कारण इस समय आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग (लेट ब्लाइट) के प्रकोप की आशंका बढ़ गई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सी. एन. राम ने किसानों को सतर्क रहने और समय पर रोग प्रबंधन के उपाय अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि आलू में पछेती झुलसा रोग फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टन्स नामक फफूंद के कारण होता है। यह रोग सबसे पहले पत्तियों के सिरे और किनारों पर छोटे, पानी से भरे धब्बों के रूप में दिखाई देता है, जो बहुत तेजी से फैलते हैं। बाद में ये धब्बे गहरे भूरे या काले रंग के हो जाते हैं। इस रोग की विशेष पहचान यह है कि पत्तियों के किनारे और ऊपरी भाग झुलस जाते हैं। रोग का प्रभाव केवल पत्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शाखाओं और कंदों पर भी देखा जाता है। अधिक नमी और आर्द्रता वाले मौसम में इसका प्रकोप तेजी से बढ़ता है। गंभीर स्थिति में यह रोग एक सप्ताह के भीतर ही पौधों की हरी पत्तियों को झुलसाकर नष्ट कर सकता है। पत्तियों की निचली सतह पर सफेद रंग के धब्बे दिखाई देते हैं, जो बाद में भूरे और काले हो जाते हैं। किसान मैन्कोजेब / प्रोपीनेब / क्लोरोथालोनिल युक्त फफूंदनाशक दवा का0.2-0.25 प्रतिशत घोल (अर्थात 2.0-2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में) प्रति हेक्टेयर की दर से तुरंत छिड़काव करें। साइमोक्सानिल + मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी में) फेनामिडोन + मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर डाइमेथोमॉर्फ + मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर फफूंदनाशक दवाओं का छिड़काव 10 दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है। किसानों को यह विशेष ध्यान रखना चाहिए कि एक ही फफूंदनाशक दवा का बार-बार प्रयोग न करें, ताकि दवा प्रतिरोध की समस्या न उत्पन्न हो।रोग नियंत्रण के साथ-साथ खेतों में उचित जल निकास की व्यवस्था करें और खेतों को खरपतवार रहित रखें। इससे नमी का स्तर नियंत्रित रहेगा और रोग के फैलाव की संभावना कम होगी।

# चाइनीज मांझे को लेकर कुमारगंज पुलिस सतर्क, चलाया सघन चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुमारगंज( अयोध्या ]।** चाइनीज मांझे से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कुमारगंज पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर शुक्रवार को थानाध्यक्ष कुमारगंज संतोष कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में चाइनीज मांझे के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बाजारों में स्थित पतंग व अन्य दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से चाइनीज मांझा न बेचने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि चाइनीज मांझे से आए दिन गंभीर हादसे हो रहे हैं, जिसमें कई लोग घायल हो चुके हैं और जान तक जा चुकी है। शासन द्वारा भी इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यदि चाइनीज मांझे के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो संबंधित के खिलाफ सीधे हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं चौकी चिलबिली प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी ने भी अपने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर दुकानदारों को चाइनीज मांझा न रखने की हिदायत दी। इसके अलावा देवगांव चौकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने भी अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग करते हुए व्यापारियों और आम लोगों को चाइनीज मांझे के खतरों के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में उप निरीक्षक गौरव पांडे, आकिल हुसैन एवं विमल यादव ने भी थाना क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में भ्रमण कर चेकिंग की और दुकानदारों से अपील की कि वे प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न बेचें। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि यदि कोई व्यक्ति चाइनीज मांझा बेचता या उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ विधि के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज में युवती की हत्या कर नहर की पटरी पर फेंकी लाश, शरीर पर चोट के निशान नहीं, कौन थी वह?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** गंगापार के मऊआइमा थाना क्षेत्र के तिलई बाजार के समीप शारदा सहायक नहर की पटरी पर एक युवती की हत्या कर लाश फेंक दी गई। यह स्थान गोवर्धनपुर पुलिया के निकट है। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो भीड़ जुट गई। मऊआइमा पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने जांच की। तमाम प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने दुष्कर्म की भी आशंका जताई है। पुलिस की टीमें मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं।

**शारदा सहायक नहर पटी पर मिला शव**

गोवर्धनपुर पुलिया के पास से शुक्रवार सुबह कुछ ग्रामीण गुजरे तो शारदा सहायक नहर की पटरी पर एक युवती की लाश देखकर हतप्रभ रह गए। खबर आसपास के गांवों में फैली तो पलभर में लोगों की भीड़ जुट गई। उसकी उम्र करीब 22 वर्ष थी। मृतका के शरीर पर जींस का पैंट व कुर्ती थी। पैर में जूते थे। एक हाथ में कलाईनारा तो दूसरे हाथ में घड़ी थी। ग्रामीणों ने युवती की कहीं और हत्याा कर शव को यहां फेंके जाने की संभावना जताई। साथ ही उसके साथ दुष्कर्म की भी आशंका व्यक्त की। थोड़ी देर में मऊआइमा पुलिस भी मौके पर पहुंची।

**फोरेंसिक टीम ने दो घंटे की छानबीन**

एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने फोरेंसिक टीम को बुलाया। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने करीब दो घंटे तक यहां छानबीन की। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले। पुलिस ने मृतका की पहचान के लिए ग्रामीणों की मदद ली, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**शिनाख्त के बाद राजफाश हो सकेगा**

जनपद के सभी थानों के अलावा पड़ोसी जिले प्रतापगढ़ में भी युवती के शव मिलने की जानकारी दी गई। वाट्सएप के माध्यम से मृतका की फोटो भिजवाया गया। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि मृतका की पहचान की कोशिश की जा रही है। शिनाख्त होने के बाद मामले का राजफाश होने में समय नहीं लगेगा।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

गोवर्धनपुर पुलिया की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस टीमें खंगालने में लगी हैं। गुरुवार शाम छह बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक सभी सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि जिस प्रकार लाश को लाकर यहां फेंका गया है, उससे लग रहा है कि इसमें किसी चार पहिया वाहन का उपयोग किया गया था। सीसीटीवी फुटेज से कुछ सुराग मिल सकता है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी मौत के कारण की पुष्टि**

एसीपी फूलपुर विवेक यादव का कहना है कि युवती के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि उसकी हत्या हुई या नहीं। शव की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में दिए कड़े दिशा-निर्देश



**लातेहार, झारखंडः-** जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में 06 फरवरी 2026 को विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना (MUJY) और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (RDSS) के तहत चल रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि योजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्य एजेंसियों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

बैठक के दौरान जिले की वर्तमान विद्युत आपूर्ति स्थिति, बिजली व्यवस्था की मजबूती और विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की गई। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिले में बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बैठक हुआ सम्पन्न

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील परिसर में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बैठक का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम दस फरवरी एवं माप उप राउन्ड तेरह फरवरी और एम आर अभियान सोलह फरवरी से सत्ताईस तक चलेगा। इस बैठक में उप जिलाधिकारी ने बताया कि कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी सरकारी गैर सरकारी निजी एवं मदरसा में बच्चों को 10 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अलमेंडाजोल की 1 गोली दी जाएगी एवं 10 तारीख को जो बच्चे छुट जाएंगे उन्हें 13 तारीख को माप उप राउन्ड में दवा की गोली खिलाई जाएगी। जिसमें क्षेत्र के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने हर बच्चे को कृमि मुक्ति दवा खिलवा कर कृमि से मुक्त हो जाय। साथ ही यह भी बताया कि 10 एवं 13 तारीख को सभी विद्यालय अनिवार्य रूप से खुले रहेंगे एवं शिक्षक सभी बच्चों की उपस्थिति को अनिवार्य रूप से करें । इस तहसील स्तरीय टास्क फोर्स बैठक में बी डी ओ गोला दिवाकर सिंह गोला खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय बाल विकास परियोजना अधिकारी बी सी पी एम पूनम मौर्य फील्ड मानिटर दिनेश यादव प्रतिनिधि उरुवा डेरवा बड़हलगंज उपस्थित रहे। बैठक का संचालन डॉ ए एन ठाकुर चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला द्वारा किया गया।

### यूपी में मीटर में रीडिंग रिस्टोर मिलने पर रीडर की सेवा होगी समाप्त, लगेगा जुर्माना

**अंबेडकरनगर।** गलत बिजली बिल समस्या दूर करने तथा उपभोक्ताओं को बिजली बिल समय पर बिजली बिल मिले। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने सर्किल कार्यालय में मीटर अयोध्या जोनल मैनेजर व सर्किल इंचार्ज तथा रीडर सुपरवाइजर के साथ बैठक किया। मीटर बिलिंग कार्य की समीक्षा किया लापरवाह सुपरवाइजर को फटकार लगाई। मीटर में रीडिंग रिस्टोर मिलने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी व मीटर रीडर की सेवा समाप्ति होगी। कहां के मीटर रीडर लोगों के घरों में जाकर मीटर रीडिंग में व्याप्त गड़बड़ियों की जांच करेंगे। एक तो अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों की जांच होगी। गुणवत्ता पूर्ण मी बिलिंग किया जाए। सुपरवाइजर हर सप्ताह रीडरों के कार्य की समीक्षा करें। कहां गया कि हर माह अभियान चला कर उपभोक्ताओं के घर जाकर समय पर बिजली बिल निकलते रही। क्षेत्र में काफी समय से तमाम उपभोक्ता बिजली बिलों में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे थे। बिलिंग का कार्य मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सेवा प्रदाता मेसर्स इन्वेंटिव सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जाता है। सर्किल इंचार्ज हेमंत कुमार, सुपरवाइजर विवेक कुमार बैठक में उपस्थित रही।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में दिखाया गया परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण, छात्रों में दिखा उत्साह

**●परीक्षा जीवन का अंत नहीं, सही तैयारी से हर छात्र सफल हो सकता है : कैलाश कुमार, प्रधानाचार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के बीच दिखाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने परीक्षा को जीवन का सामान्य हिस्सा बताते हुए बच्चों को तनावमुक्त रहकर पढ़ाई करने, समय का सही प्रबंधन करने और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। बच्चों ने पूरे ध्यान से प्रधानमंत्री की बातें सुनीं और नोट्स भी बनाए। कई छात्रों ने कहा कि उन्हें परीक्षा को लेकर होने वाला डर काफी हद तक कम हुआ है। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों के सवालों का सरल भाषा में उत्तर दिया और कहा कि परीक्षा सफलता की कसौटी जरूर है, लेकिन यह जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। सही दिशा में मेहनत करने से हर छात्र आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का दबाव काफी बढ़ गया है, ऐसे में प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया यह मार्गदर्शन बेहद उपयोगी है। इससे बच्चों को मानसिक मजबूती मिलती है और वे बेहतर तरीके से तैयारी कर पाते हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को समझने का अवसर देते हैं। छात्रों ने कार्यक्रम को रोचक और ज्ञानवर्धक बताया। कई बच्चों ने कहा कि अब वे परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक अवसर के रूप में देखेंगे। इस तरह श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना और सभी को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश मिला।

## देवघर में अंडर-15 जिला कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न, प्रतिभाओं ने दिखाया दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंड :-** बाबू बेदानंद सिंह अखाड़ा, देवघर में देवघर जिला कुश्ती संघ के बैनर तले अंडर-15 (-15) जिला कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन समाजसेवी निलेश कुमार सिंह एवं आजसू जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें मनोरंजन सिंह निलेश, संजय वर्मा, बसंत केसरी, गौतम राय, दीपक कुमार, दशरथ महथा, रौनक सिन्हा, सोनी कुमारी, नम्रता भारती एवं आशीष कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच भवेश प्रसाद यादव, युग विनायक, रोहित कुमार, विवेक कुमार, विश्वजीत कुमार, विक्की कुमार, रिशु कुमार, राकेश कुमार, अंश कुमार वर्मा, युवराज ठाकुर, अनमोल कुमार झा, रिमझिम कुमारी, अनन्या प्रकाश, अंजली कुमारी, मानसी कुमारी एवं प्रिया कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मौके पर आजसू जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि देवघर की धरती सदैव खेल प्रतिभाओं की भूमि रही है और कुश्ती जैसी पारंपरिक खेल विधा हमारे संस्कार एवं अनुशासन की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अंडर-15 स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इसी आयु में भविष्य के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मजबूत नींव तैयार होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है, परंतु अनुशासन, कठोर परिश्रम और निरंतर अभ्यास ही खिलाड़ी को शिखर तक पहुंचाता है। साथ ही, उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। देवघर जिला कुश्ती संघ के सचिव संजीव कुमार झा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जिले में छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है तथा युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह का संचार होता है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद-ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

## सब स्टेशन से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं के लिए सहूलियत, बिजली बिल आसानी से जमा करने की सलाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन / सोनभद्र -** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पिपरी अंतर्गत कोन क्षेत्र के सब स्टेशन - कचनरवा के अवर अभियंता ए. के गुप्ता ने सभी सम्मानित स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि सभी उपभोक्ता अपने मोबाइल में uppcl स्मार्ट aap डाउनलोड कर लें, जिससे कि सभी लोगों को अपने बिजली बिल की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके और समय से अपना बिजली बिल अपने से ऑनलाइन जमा कर सके।आगे श्री गुप्ता ने बताया कि अपने मीटर की रीडिंग, डिमांड खपत अपने बकाया बिल, भुगतान , कनैक्शन का लोड घटाने-बढाने अथवा अन्य किसी प्रक्रिया के लिए घर बैठे आवेदन किया जा सकता है। इसी क्रम में आगे उन्होंने बताया कि अपने स्मार्ट फोन में GOOGLE PLAY STORE पर जाकर PPCL SMART APP Icon से मिलते हुए APPLICATION को इनस्टॉल कर SIGN UP , SIGN क्क करने के लिए उपभोक्ता कनेक्शन से लिंक मोबाइल नम्बर पर OTP आएगा इसलिए लिंक मोबाइल नम्बर साथ होना आवश्यक है और SIGN UP करके APP को EXPLORE करें एवं घर बैठे आसानी से बिजली खपत की निगरानी , पोस्टपेड/प्रीपेड रिचार्ज कर अपनी रीडिंग की दैनिक निगरानी , बिल का भुगतान हेतु Pay Now पर Click कर अपने संयोजन की Account ID डालकर Online भुगतान करने की सलाह दी है। अयन्था की स्थिति में विभागीय कैश काउन्टर पर जाकर भुगतान, Negative Balance को आशय उस धनराशि से है जितना भी विद्युत का प्रयोग वर्तमान तिथि तक कर चुके है एवं उसका भुगतान आपके द्वारा नहीं किया गया है, Negative Balance धनराशि के साथ-साथ अगले एक माह के अनुमानित विद्युत बिल की धनराशि के बराबर बढ़ाकर भुगतान करने की प्रक्रिया की सलाह दी जा रही है एवं इस धनराशि पर आपको विभाग द्वारा 2 प्रतिशत रिबेट (छूट) भी समायोजित की जाती है। जिसका लाभ उठायें ,अस्थाई रीमोट विच्छेदन से बचने हेतु Current Balance Positive बनाए रखना जरूरी है।

## सजग बचपन, सुरक्षित भविष्य ओबरा पुलिस ने बच्चों को सिखाए सुरक्षा के मंत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र (ओबरा)।** जानकारी ही असली सुरक्षा है। इसी मूलमंत्र के साथ क्षेत्राधिकारी (C O) ओबरा, अमित कुमार ने छात्रों के बीच पहुंचकर उन्हें साइबर अपराध, यातायात सुरक्षा और पुलिस हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली के प्रति जागरूक किया। ओबरा क्षेत्र के प्रतिष्ठित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित एक विशेष सत्र के दौरान क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में जितना जरूरी पढ़ाई करना है, उतना ही आवश्यक अपने आसपास के खतरों और उनसे बचाव के प्रति सतर्क रहना भी है। आज के दौर में बच्चे इंटरनेट का अधिक उपयोग कर रहे हैं, ऐसे में क्षेत्राधिकारी ने साइबर सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें। व्यक्तिगत फोटो और जानकारी सोशल मीडिया पर पब्लिक न करें। अनजान नंबरों से आए आकर्षक ऑफर वाले लिंक पर क्लिक न करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए क्षेत्राधिकारी ने बच्चों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट अनिवार्य है। जेब्रा क्रॉसिंग और ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करना एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है। छोटी-छोटी सावधानियां सड़क पर बड़े हादसों को टालने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की कार्यक्षमता के बारे में विस्तार से बताया गया। 112 आपातकालीन पुलिस सहायता (यूपी 112) 1090/1091 महिला एवं बालिका सुरक्षा, 1930 साइबर अपराध की शिकायत, समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकगण भी मौजूद रहे। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस जन-जागरूकता अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के संवाद से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे पुलिस को अपना मित्र समझने लगते हैं।क्षेत्राधिकारी ने अंत में छात्रों को एक जागरूक, सतर्क और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## सिद्धार्थनगर के सिकरी नाले में मिली थी किशोरी की लाश, अंशिका के रूप में हुई पहचान, रेप और हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र के सिकरी नाले में गुरुवार को नग्न अवस्था में एक किशोरी की लाश मिली थी। किशोरी का शव उसके घर से 4 किलोमीटर दूर मिला था। शुक्रवार को मृतका की पहचान 16 वर्षीय अंशिका के रूप में हुई, जो इसी थाना क्षेत्र के धोबहा, पठान डीह टोला डिहवा की निवासी थी। शव की स्थिति और घटनाक्रम को देखते हुए ग्रामीणों ने इसे सामान्य मौत नहीं मान रहे है और इसमें रेप व हत्या की आशंका जताई जा रही है। गुरुवार को कठेला जुनूबी गांव के टोला पोखरभिटवा के कुछ ग्रामीण अपने पशुओं को चराने सिकरी नाले की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर नाले में मुंह के बल पड़े एक नग्न अवस्था में शव पर पड़ी। इस खबर के फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कठेला समय माता थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा किया। हालांकि, आसपास के गांवों में शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए को भेज दिया गया ।

घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची, जिसने नाले के किनारे घास-फूस, मिट्टी और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस को घटनास्थल से किशोरी के कपड़े और जूते भी मिले हैं, जिन्हें सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस उस समय आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदा किशोरियों की जानकारी जुटाने में लगी रही। शुक्रवार को शव की पहचान अंशिका के रूप में होने के बाद मामला और उलझ गया। पुलिस के अनुसार अंशिका के पिता पटवारी और माता रेखा देवी का मौत पहले हो चुकी है बताया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक अंशिका तीन फरवरी को अचानक घर से लापता हो गई थी।

### 10-11 फरवरी को होगी दिव्या कला एवं कौशल प्रदर्शनी

**देवरिया।** जनपद के दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से 10 व 11 फरवरी को दो दिवसीय 'दिव्या कला एवं कौशल प्रदर्शनी' का आयोजन किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वैष्णवी सेवा शिक्षण संस्थान, उमानगर द्वारा यह आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष गिरिश चन्द्र तिवारी करेंगे। प्रदर्शनी में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित उत्पादों व कलाकृतियों के लिए 10 स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित किया जाएगा। इच्छुक दिव्यांगजन 9 फरवरी तक जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में पंजीकरण करा सकते हैं।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएँ, त्वरित समाधान के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएँ उपायुक्त के समक्ष रखीं। जन शिकायत निवारण के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएँ एक-एक कर गंभीरता से सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की समयबद्ध जाँच कर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं लगान रसीद निर्गत करने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। शिकायतों की सुनवाई के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर शीघ्र निष्पादन करने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने जानकारी दी कि उनके निर्देशानुसार जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है, ताकि आमजनों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके।

## चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती का किया गया विनष्टीकरण, करीब 10 एकड़ में लगी फसल नष्ट

**●वन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, ड्रोन से चिन्हित कर की गई सख्त कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खेती के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 06 फरवरी 2026 को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना अंतर्गत चोरदाह पंचायत के कबिलाश जंगल क्षेत्र में वन विभाग एवं चौपारण पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न दुर्गम इलाकों में करीब 10 एकड़ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को चिन्हित किया गया। मौके पर ही पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई मादक पदार्थों के उत्पादन व तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से की गई है। अभियान के दौरान घटनास्थल से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद कर मौके पर ही नष्ट की गई जिसमें 6 डिलीवरी पाइप शामिल है। पुलिस द्वारा अवैध अफीम की खेती में संलिप्त व्यक्तियों के नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान के बाद उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मामले में अग्रतर कार्रवाई जारी है। संयुक्त अभियान में प्रमुख रूप से अजित कुमार बिमल एसडीपीओ बरही, सरोज सिंह चौधरी थाना प्रभारी चौपारण, एसआई सुबिन्दर राम, एसआई रतन टुडू, एएसआई कमरुद्दीन, सशस्त्र बल के जवान, बनपाल कुलदीप कुमार शामिल रहें। उल्लेखनीय है कि पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रोन के माध्यम से दुर्गम इलाकों की पहचान कर अवैध खेती को नष्ट किया जा रहा है। पुलिस ने दोहराया कि अवैध मादक पदार्थों की खेती एवं तस्करी के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## लोहरदगा कांग्रेस को बड़ा झटका, अल्पसंख्यक चेहरा आफताब आलम ने दिया इस्तीफा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोहरदगा, झारखंडः-** जिले की राजनीति में इस समय सबसे बड़ी हलचल कांग्रेस पार्टी के भीतर देखी जा रही है। पार्टी के वफादार सिपाही और अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ अपने सभी पदों से सामूहिक इस्तीफा देकर संगठन को बड़ा झटका दिया है। चुनावी मौसम के दरवाज़े पर खड़े लोहरदगा में आलम का यह कदम राजनीतिक हलकों में चौंकाने वाला माना जा रहा है।

**स्वेच्छा से त्यागा पद, दबाव की बात से किया इनकार**

अपनी स्पष्टवादिता और बेबाक अंदाज़ के लिए पहचाने जाने वाले आफताब आलम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका यह निर्णय पूरी तरह व्यक्तिगत है और इसमें किसी प्रकार का दबाव या नाराजगी शामिल नहीं है। वर्षों तक कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले आलम के अचानक पार्टी छोड़ने से कांग्रेस खेमे में गहरा सन्नाटा फैल गया है।

**अल्पसंख्यक वोट बैंक पर पड़ सकता है असर**

लोहरदगा की राजनीति में आलम की गिनती हमेशा एक कर्मठ और ज़मीनी कार्यकर्ता के रूप में होती रही है। अल्पसंख्यक समाज में उनकी मजबूत पकड़ पार्टी के लिए बड़ा सहारा मानी जाती थी। ऐसे में उनका पद छोड़ना कांग्रेस के लिए किसी बड़ी क्षति से कम नहीं माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि इस फैसले से अल्पसंख्यक वोटों के समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

**'मेरा सफर अब यहां समाप्त ' — आफताब आलम**

इस्तीफे की घोषणा करते हुए आफताब आलम ने साफ कहा, मैं कई वर्षों से कांग्रेस के प्रति समर्पित रहा, लेकिन आज बिना किसी दबाव के, अपनी इच्छा से पार्टी और अल्पसंख्यक विभाग के जिला उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे रहा हूँ। हालांकि आलम ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आगे उनकी राजनीतिक राह क्या होगी—क्या वे किसी नई पार्टी का दामन थामेंगे या फिर निर्दलीय पथ अपनाएंगे। फिलहाल उनके अगले कदम को लेकर कयासों का बाजार गर्म है। आफताब आलम के इस अहम फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि लोहरदगा की चुनावी बिसात में अब नए समीकरण बनने तय हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी होंगी।

## साइबर ठगी के खिलाफ अनपरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई ट्रेडिंग के नाम पर ठगे गए हजारों रुपये वापस कराए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)।** साइबर अपराधियों के खिलाफ सोनभद्र पुलिस का अभियान रंग ला रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में थाना अनपरा की साइबर टीम ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर हुई बड़ी ठगी के मामले में पीड़ित की धनराशि वापस कराने में सफलता हासिल की है। मामला अनपरा थाना क्षेत्र के ग्राम रेहता का है, जहाँ निवासी राजा कुमार पाल के साथ 08 सितंबर 2024 को ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मुनाफा कमाने का झांसा देकर 13,73,508/- रुपये की बड़ी साइबर ठगी की गई थी। ठगी का शिकार होने के बाद पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 और cybercrime.gov.in पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में थाना अनपरा की साइबर टीम ने NCRP पोर्टल के माध्यम से तकनीकी साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ठगी गई कुल धनराशि में से 2,22,481.10/- रुपये को संबंधित बैंक खातों में फ्रीज (होल्ड) करा दिया। बैंकों के साथ लगातार ई-मेल पत्राचार और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद, होल्ड की गई धनराशि में से 5,000/- रुपये की पहली किस्त सफलतापूर्वक आवेदक के मूल बैंक खाते में वापस करा दी गई है। शेष होल्ड धनराशि (लगभग 2.17 लाख रुपये) को भी पीड़ित के खाते में वापस दिलाने के लिए पुलिस निरंतर बैंकों के संपर्क में है। अपनी मेहनत की कमाई वापस पाकर पीड़ित राजा कुमार पाल ने अनपरा पुलिस और साइबर सेल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस सफलता में मुख्य भूमिका निभाने वाली टीम में शामिल रहे।सत्येन्द्र कुमार राय (प्रभारी निरीक्षक, थाना अनपरा)ज्ञहे0का0 आनन्द मोहन बिन्द (साइबर हेल्प डेस्क) पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने आमजन को जागरूक करते हुए निम्नलिखित सावधानियां बरतने की अपील की है। अपना आधार, पैन, बैंक खाता विवरण और विशेषकर OTP किसी अनजान को न दें।अनजान नंबरों से आने वाले लिंक पर क्लिक न करें और न ही अनजान QR कोड स्कैन करें।साइबर अपराध होने पर बिना देरी किए 1930 पर कॉल करें या नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

## फरियादियों की समस्याओं पर एसपी सख्त लापरवाही बर्दाश्त नहीं, तुरंत करें समाधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र (उत्तर प्रदेश)।** जनता की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान के संकल्प के साथ शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस कार्यालय में 'जनता दर्शन' का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जनपद के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश भी दिए। जनता दर्शन में जिले के विभिन्न थानों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। प्रमुख रूप से निम्नलिखित मामलों ने एसपी का ध्यान खींचा ग्रामीण क्षेत्रों से आए जमीनी विवाद के मामले। घरेलू हिंसा और आपसी मनमुटाव से जुड़ी शिकायतें।मारपीट, धोखाधड़ी और गुमशुदगी से संबंधित प्रकरण। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक पीड़ित से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनकी पीड़ा को गंभीरता से सुना। एसपी अभिषेक वर्मा ने अधीनस्थ अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि जन-शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि। शिकायत का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए ताकि पीड़ित संतुष्ट हो। जिन मामलों में तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है, उनमें तनिक भी विलंब न किया जाए। थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ मर्यादित व्यवहार हो और उन्हें अनावश्यक चक्कर न लगवाए जाएं। जनता दर्शन का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच की दूरी को कम करना है। जब जनता का विश्वास पुलिस पर मजबूत होगा, तभी एक सुरक्षित समाज की स्थापना संभव है।अभिषेक वर्मा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम से आम जनता में सुरक्षा का भाव जागृत हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि जिले के आला अधिकारी द्वारा सीधे सुनवाई करने से भ्रष्टाचार पर लगाम लगती है और न्याय की उम्मीद बढ़ती है।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर मारपीट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर में गुरुवार की रात करीब 10:30 बजे घर में घुसकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। तरन्नुम पत्नी सोहिव ने तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने जबरन घर में घुसकर हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला आजाद नगर निवासी एक युवक और उसकी बहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसी क्षेत्र के तीन लोग देर रात उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर दोनों के साथ मारपीट की। पीड़ितों का कहना है कि मारपीट के दौरान उन्हें चोटें भी आई हैं। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद पीड़ित भाई-बहन किसी तरह कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### ललितपुर कृषि मंडी बना गंदगी का गढ़

**करोड़ों के टर्नओवर वाली नवीन गल्ला मंडी में बदहाली**

**बीमारी को आमंत्रण, दुर्गंध से खरीदारों और व्यापारियों का जीना मुहाल**

**ललितपुर।** जनपद की प्रतिष्ठित नवीन गल्ला मंडी, जहां रोजाना करोड़ों रुपये का अनाज टर्नओवर होता है और प्रदेश को बड़ा राजस्व मिलता है, आज वह अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। यहां चबूतरो के आस-पास भारी गंदगी और कूड़े का अंबार लगा है, जिससे उठ रही भीषण दुर्गंध ने अन्नदाताओं और व्यापारियों का सांस लेना दूभर कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, चबूतरो और नीलामी स्थलों पर फैली गंदगी ने स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। आलम यह है कि किसान अपनी उपज के साथ दुर्गंध के बीच घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर मंडी समिति की घोर लापरवाही उजागर हो रही है। मंडी प्रांगण में चारों ओर गंदगी, चबूतरे बदहाल। बैठने की जगह पर दुर्गंध, बीमारी फैलने की आशंका। करोड़ों के टर्नओवर के बावजूद स्वच्छता नदारद। सवाल, आखिर कब सुधरेगी मंडी की तस्वीर? एक तरफ किसान अपनी फसल के लिए दर-दर भटकते हैं, वहीं दूसरी तरफ मंडी के अंदर की यह अव्यवस्था प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। किसानों ने प्रशासन से तुरंत सफाई व्यवस्था सुचारू करने और गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

### आज तालबेहट में समस्याओं को सुनेंगे जिलाधिकारी

**ललितपुर।** जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनवरी से जून 2026 तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों का रोस्टर जारी कर दिया गया है। समाधान दिवस प्रत्येक निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जारी रोस्टर के अनुसार समाधान दिवस का आयोजन जिले की सभी तहसीलों पाली, ललितपुर, महरौनी, मड़ावरा एवं तालबेहट में क्रमवार किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी, जबकि संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे। रोस्टर के अनुसार 5 जनवरी 2026 (सोमवार) को समाधान दिवस का आयोजन पाली तहसील में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। इसी प्रकार 17 जनवरी 2026 को मड़ावरा, 7 फरवरी को तालबेहट, 21 फरवरी को ललितपुर तथा 7 मार्च 2026 को महरौनी तहसील में समाधान दिवस आयोजित होगा। इसके बाद 23 मार्च को पाली, 4 अप्रैल को मड़ावरा, 18 अप्रैल को तालबेहट, 2 मई को ललितपुर, 16 मई को महरौनी, 6 जून को पाली तथा 20 जून 2026 को मड़ावरा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रस्तावित है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समाधान दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, बिजली, जल आपूर्ति, पेंशन, भूमि विवाद, राशन कार्ड, आवास एवं अन्य जनसमस्याओं की सुनवाई कर मौके पर ही निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उन्हें समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए जाएंगे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने फार्म-7 की प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)**- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए जाने के लिए चल रहे एसआईआर अभियान की जानकारी साझा करना एवं समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने फार्म-06, 07, 08, 09, 10 एवं 11 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फार्म-06 अवश्य भरना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने फार्म-7 की प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए बताया कि यह फार्म केवल आपत्ति दर्ज करने के लिए निर्धारित है। यदि मतदाता सूची में किसी अपात्र व्यक्ति का नाम दर्ज है अथवा किसी नए मतदाता द्वारा फार्म-06 के माध्यम से नाम जोड़ने पर किसी को आपत्ति हो, तो ऐसी स्थिति में फार्म-7 प्रस्तुत किया जा सकता है। फार्म-7 भरने का अधिकार केवल उसी विधानसभा क्षेत्र के उस मतदाता को है, जिसका नाम पहले से निर्वाचक नामावली में दर्ज हो। यह संपूर्ण प्रक्रिया निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-2023 के अंतर्गत संपादित की जाती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-7 में आपत्ति करने वाले व्यक्ति को अपना नाम, मतदाता पहचान पत्र विवरण, जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की जा रही है उसका विवरण तथा आपत्ति का स्पष्ट कारण अंकित करना अनिवार्य होता है। जैसे संबंधित व्यक्ति की मृत्यु, भारत का नागरिक न होना अथवा अन्य स्थान पर नाम दर्ज होना। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फार्म-7 प्राप्त होने के पश्चात जांच की जाती है और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाता है। उन्होंने कहा कि केवल फार्म-7 भर देने मात्र से किसी मतदाता का नाम नहीं कटता है! मतदाता सूची में संशोधन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमों के अनुरूप है जिसमें पर्याप्त जांच एवं सुरक्षा प्रावधान निहित हैं। इस अवसर पर बीजेपी से शांतिस्वरूप महेश्वरी, सपा से राजीव शर्मा, बीएसपी से भगवती शरण पांचाल, कांग्रेस से कमल, सीपीआइएम से विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## हॉस्टल के कमरे में लटका मिला महिला लिपिक का शव

**●प्रेम विवाह करने के बाद अलग रह रही थी मृतका**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)**- जगम्मनपुर स्थित पंडित परशुराम द्विवेदी महाविद्यालय में कार्यरत एक महिला लिपिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार शाम उसका शव कॉलेज हॉस्टल स्थित कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान उरई शहर निवासी रेनू वर्मा (27) पत्नी प्रवीण कुमार वर्मा के रूप में हुई है। वह महाविद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत थी। पति प्रवीण कुमार एसकेडी पब्लिक स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 7:40 बजे लिपिक रेनू के पति के कहने पर एक छात्र हॉस्टल के कमरे में पहुंचा। कमरे का दरवाजा खोलते ही रेनू का शव फांसी पर लटका देख छात्र घबरा गया और उसने कॉलेज स्टाफ को सूचना दी। बताया गया है कि रेनू और प्रवीण का प्रेम विवाह हुआ था। रेनू पिछले करीब डेढ़ महीने से हॉस्टल में अकेली रह रही थी जबकि उनके पति उरई शहर में रह रहे थे। दंपती का एक चार वर्षीय पुत्र है जो वर्तमान में अपने पिता के साथ उरई में ही रह रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव और रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### सड़क हादसे के बाद मोटरसाइकिल रहस्यमय ढंग से गायब

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक सड़क दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल गायब होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झरकौन निवासी तुलाराम पुत्र रामस्वरूप 4 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.एच. 6440, बजाज प्लेटिना, काले रंग की) से ग्राम मसोरा से ललितपुर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि एलएनबी कॉलेज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वे वाहन सहित गिर गए और बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों द्वारा उन्हें एंबुलेंस से जिला सरकारी अस्पताल ललितपुर भेजा गया। दुर्घटना के समय उनकी मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छूट गई थी। जब घायल युवक ने बाद में अपनी मोटरसाइकिल के बारे में जानकारी ली, तो वह मौके से गायब पाई गई। काफी खोजबीन के बावजूद मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा ने महाविद्यालय में नए मतदाताओं हेतु लगाया शिविर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)**- भाजपा नगर इकाई ने शुक्रवार को मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्देश्य नए मतदाताओं को जोड़ना और युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना रहा। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन और भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में शिविर आयोजित किया गया जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, नगर पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष तथा पार्टी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नए मतदाता बनने के लिए प्रपत्र-6 वितरित किए गए और उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान का अधिकार बेहद महत्वपूर्ण है, लिहाजा लोकतंत्र और मजबूत करने में युवा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। भाजपा अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं और मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ा जा सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता बढ़ाई जा सके। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और नए मतदाता बनने के लिए फार्म प्राप्त किए। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री राजेंद्र दुवे,ओपी कुशवाहा, अनिल कपूर, विपिन पटेल, कृष्ण कुमार झा, मनीष नगरिया,




अनिल अग्रवाल, रिजवान कुरैशी सहित महाविधालय के प्राचार्य विजय विक्रम सिंह, प्रो. हरिश्चंद्र तिवारी, महेंद्रनाथ मिश्रा, लवकेश, सुनील निरंजन, राकेश वर्मा, दीपांशु पटेल आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के दर्ज मामले में आया नया मोड़

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**उरई(जालौन)**- कोतवाली उरई में दर्ज दुष्कर्म के एक मामले में उस समय नया मोड़ आ गया, जब कथित पीड़िता लड़की ने वीडियो जारी कर पूरे आरोपों को झूठा करार दिया। इससे पहले लड़की के पिता ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में भी ले लिया था। इस पूरे मामले को उलझाने वाला पहलू यह है कि लड़की के दो आधार कार्ड सामने आए हैं। एक आधार कार्ड में उसकी उम्र 21 वर्ष दर्ज है, जबकि दूसरे में 17 वर्ष। जिसके बाद पुलिस ने लड़की को भी हिरासत में ले लिया है। फिलहाल दोनों पक्षों के बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराए जा रहे हैं। लड़की के पिता ने 5 फरवरी को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि वह पिछले 10 वर्षों से किराये के मकान में रह रहा है। उसकी बेटी बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। 4 फरवरी को वह और उसकी पत्नी वोटर लिस्ट संशोधन के लिए गांव गए हुए थे जबकि बेटी लाइब्रेरी में पढ़ने हेतु गई थी। शिकायतकर्ता पिता के अनुसार उमरारखेड़ा उरई निवासी सचिन कुमार ने फोन कर लड़की को लाइब्रेरी के बाहर बुलाया और बाइक पर बैठाकर कोंच बस स्टैंड की ओर ले गया। युवक उसकी लड़की को अपने एक दोस्त के घर ले गया जहां कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और फिर उसकी लड़की के साथ दुष्कर्म किया। होश में आने के बाद लड़की ने अपने मामा को फोन कर बताया कि वह जायसवाल टावर के समीप गली में स्थित एक घर में है। शिकायतकर्ता पिता का आरोप है कि मामले में युवक के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज न कराने का दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी।

वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब लड़की ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि उसके साथ दुष्कर्म का मामला झूठा है और युवक और उसके (लड़की) साथ में जो भी हुआ है, उसकी (लड़की) मर्जी से हुआ है। लड़की ने वीडियो में कहा है कि उसके घर वाले उसे ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। लड़की ने वीडियो में यह भी कहा है कि मेडिकल परीक्षण से लेकर पुलिस कार्रवाई उसकी मर्जी के खिलाफ कराई गई है। साथ ही उसने दावा किया है कि उसकी उम्र 18 साल पूरी हो चुकी है और उसके जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत दर्ज कराई गई है। इस पूरे मामले में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया है कि लड़की के बयान न्यायालय में दर्ज कराए जाएंगे। जन्म प्रमाण पत्र और उम्र से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## महिला हत्याकांड खुलासा: पड़ोसी ही निकला अधेड़ महिला का हत्यारा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उरई(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरकौती में एक 55 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 48 घंटे के भीतर हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार हत्याभियुक्त पीड़िता का पड़ोसी है। जालौन कोतवाली क्षेत्र निवासी पवन कुमार पुत्र राजकुमार बरार ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि उसकी 55 वर्षीय चाची कमला देवी पत्नी मुन्नालाल की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर 48 घंटे के अंदर ही घटना का खुलासा करते हुए हत्याभियुक्त छत्रपाल पुत्र रामदास को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी छत्रपाल की निशानदेही पर पुलिस ने सफेद रंग की टी-शर्ट, बादामी रंग की जींस और धुले हुए जूते बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी छत्रपाल ने कबूल करते हुए बताया कि देर रात वह शराब के नशे की हालत में था। उसने कमला देवी के घर में घुसकर उसके अकेले होने का फायदा उठाकर उसके साथ दुराचार करने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने पर उसने आवेश में आकर महिला का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने शव को घर के सामने स्थित खेत में फेंक दिया था। फिलहाल हत्याभियुक्त को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही पूरी की जा रही है।

## एनएसएस शिविर: एसआईआर वयस्क मतदाता जागरूकता शिविर संपन्न



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- स्थानीय मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर के अंतर्गत एसआईआर वयस्क मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान हर वयस्क का अधिकार है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी लवकेश कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि 'सारे काम छोड़ दो पहले वोट दो'। डॉ अल्पना सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक किया। राजनीति विभाग के असिस्टेंट प्रो.महेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि एफपीपीएस पद्धति में होने वाले चुनाव में कुल मतदान करीब 55 प्रतिशत होता है जिसमें 20 से 25 प्रतिशत मत पाने वाला व्यक्ति जीत जाता है। संस्कृत विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ मधुरलता द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक जागरूकता से ही महिला अधिकारों की प्राप्ति हो सकती है। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के अतुल कुमार मिश्रा सहित स्वयंसेवकों में वैष्णवी मिश्रा, सृष्टि चतुर्वेदी, प्रशांत पाटकर, शिवांश तिवारी, संतोषी गौतम , प्रज्ञा अग्रवाल, कीमती देवी, खुशी, साक्षी, दीपाली, माही, श्यामजी, हार्दिक पटेल, सौम्या बबेले, आयशा गुप्ता, ज्योति कुशवाहा, प्रतिज्ञा उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के लिए शौचालय का विधायक ने किया लोकार्पण

**ललितपुर।** मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य निर्देशन में एक अतिरिक्त दिव्यांग शौचालय तथा एक सामान्य शौचालय का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण कर उन्हें उपयोग हेतु प्रारंभ कराया गया। लोकार्पण विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा किया गया। विधायक ने अस्पताल परिसर में उनके द्वारा कराए गए विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की जानकारी उपस्थित जनसमुदाय को दी। उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है तथा वे भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। प्रधानाचार्य ने विधायक ने अस्पताल के विकास में किए जा रहे निरंतर सहयोग एवं योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में नवनिर्मित गार्ड रूम का भी लोकार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों, चिकित्सकों, समस्त स्टाफ, मरीजों एवं उनके तीमारदारों ने नारी सशक्तिकरण के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने हेतु सामूहिक रूप से शपथ ली।

## अमृत योजना की खुदी सड़कों का डीएम ने किया हिसाब तलब

**●टीम गठित कर दिए सख्त आदेश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** अमृत योजना फेज-2 के तहत शहर को खोदकर लावारिस छोडने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों की अब खैर नहीं। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मामले में सीधा हस्तक्षेप करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। डीएम ने सख्त लहजे में जल निगम और संबंधित विभागों से उन सभी सड़कों की पॉइंट-टू-पॉइंट सूची तलब कर ली है, जिन्हें पाइपलाइन बिछाने के नाम पर खोदा गया है। इस कदम से उन ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है जो खुदाई के बाद मरम्मत कार्य को ठंडे बस्ते में डाले हुए थे।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कर दिया है कि कागजी दावों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने जल निगम, जल संस्थान और नगर पालिका की संयुक्त टीम का गठन कर निर्देशित किया है कि विभाग द्वारा दी गई खुदी सड़कों की सूची का धरातल पर सत्यापन किया जाएगा। डीएम ने दो टूक कहा है कि जिन सड़कों की सूची दी जाएगी, उनकी मरम्मत की समय-सीमा भी तय की जाए। जिलाधिकारी खुद इस सूची के आधार पर रैंडम निरीक्षण कर सकते हैं, जिससे जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार में खलबली मची है।

**मानकों की अनदेखी एक मीटर की जगह महज एक फिट खुदाई**

योजना के क्रियान्वयन पर सबसे बड़ा सवाल पाइपलाइन की गहराई को लेकर उठ रहा है। नियमानुसार, पाइपलाइन बिछाने के लिए कम से कम एक मीटर की गहराई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में सड़क पर भारी वाहनों के दबाव से पाइप न फटें।हालांकि शहरवासियों का आरोप है कि कई मोहल्लों में पाइप महज एक फिट की गहराई पर डाल दिए गए हैं। मानकों को खुलेआम दरकिनार किया जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो, तो करोड़ों के इस प्रोजेक्ट में बड़ी गड़बड़ी उजागर हो सकती है।

**मरम्मत में भ्रष्टाचार बालू की जगह एम-सैंड का खेल**

सड़कों की मरम्मत का कार्य भी विवादों के घेरे में है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि खुदाई के बाद सड़क को पूर्ववत करने के लिए गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।निर्माण कार्य में बालू के स्थान पर एम-सैंड का प्रयोग हो रहा है, जिससे सड़क की पकड़ बेहद कमजोर है। पहली बारिश या भारी यातायात के दबाव में ये सड़कें फिर से धंस जाएंगी।

## करोड़ों की संपत्ति हड़पने के लिए फर्जी वसीयत का आरोप

**●अदालत के आदेश पर जांच की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद अयाज उर्फ बब्लू ने अपने रिश्तेदारों पर करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्तियों को हड़पने के लिए फर्जी वसीयत तैयार करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ललितपुर में प्रार्थना पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराने और पुलिस जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके चाचा स्व. अब्दुल रसीद विदेशों में कार्यरत एक योग्य मैनेजमेंट प्रोफेशनल थे, जिन्होंने ललितपुर और मुंबई में कई चल-अचल संपत्तियां अर्जित की थीं। संपत्तियों की देखरेख के लिए उन्होंने वर्ष 1985 में मोहल्ला नदीपुरा निवासी मोहम्मद जलील को मुख्तारनामा देकर केयरटेकर नियुक्त किया था। बताया गया कि स्व. अब्दुल रसीद ने वर्ष 2014 में मुंबई में पंजीकृत वसीयत के माध्यम से अपनी समस्त संपत्ति अपनी पत्नी शहनाज और बेटी फरीदा के नाम कर दी थी। इस वसीयत को बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा वर्ष 2019 में प्रोबेट भी किया जा चुका है। आरोप है कि मोहम्मद जावेद, फाखरा बेगम, नजमा और सुहेल सहित अन्य लोगों ने साजिश के तहत 6 मार्च 2007 की एक फर्जी वसीयत तैयार की, जिसमें स्व. अब्दुल रसीद के कूटरचित हस्ताक्षर दर्शाकर उनकी आधी संपत्ति मोहम्मद जलील के नाम करने का दावा किया गया। जबकि स्व. अब्दुल रसीद की मृत्यु वर्ष 2014 में और मोहम्मद जलील की मृत्यु वर्ष 2021 में हो चुकी है। पीड़ित का कहना है कि उक्त फर्जी वसीयत के आधार पर सिविल न्यायालय में झूठा वाद भी दायर किया गया। वसीयत की प्रति मिलने पर हस्तलेख एवं फोरेंसिक विशेषज्ञों से जांच कराई गई, जिसमें हस्ताक्षर पूरी तरह फर्जी पाए गए। मामले की शिकायत पहले मुंबई में दी गई, जहां क्षेत्राधिकार का हवाला देकर ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी गई। इसके बाद प्रार्थी ने कोतवाली ललितपुर और पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब न्यायालय से आग्रह किया गया है कि कोतवाली ललितपुर पुलिस को धोखाधड़ी, कूटरचना, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया जाए, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। कोतवाली पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर व न्यायालय के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 व 120 बी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विज्ञान मॉडलों में दिखाई देती है बच्चों की सृजनात्मक क्षमता-विधायक

**●मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन हुआ**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हो गया। बतौर अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं स्कूल के संरक्षक विनोद पांडे ने बच्चों द्वारा बनाए गए एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडलों का अवलोकन कर उनकी तारीफ की। विधायक ने कहा, मॉडल बनाने में बच्चों ने निश्चित रूप से कड़ी मेहनत की है। इनमें उनकी सृजनात्मकता का पता चलता है।

उरई रोड स्थित अग्रणी शिक्षण संस्था मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के पहले दिन गुरुवार को विधायक मूलचंद्र निरंजन बतौर मुख्य अतिथि एवं पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन कर अतिथियों ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा, आज के बच्चे कल के वैज्ञानिक हैं। इनके बनाए मॉडल देखकर इस बात में कोई संदेह नहीं कि इनकी कल्पना शक्ति इनकी उम्र से कहीं आगे है। भूपेंद्र सिंह व अनुराग ने टेस्ला क्वाइल, शास्वत ने पेरिस्कोप, पावनी व पूर्वी ने डीएनए, संस्कृति, प्रसन्या, अनायता, रिद्धि, रोहानिका ने सुनामी, सहजेव व युगल ने स्मार्ट सिटी, अवनी, गौरी व सिद्धि ने डे-नाइट सिस्टम, ओम, हर्षिता व नित्या ने स्ट्रक्चर ऑफ फ्लावर, वृद्धि व सौम्या ने वाटर फंक्शन तथा जेन, माही, संस्कार, अक्षरा, अनुष्का व मानवी आदि सैकड़ा भर से अधिक बच्चों ने बहुत ही उम्दा मॉडलों का प्रदर्शन किया। विश्वनाथ दीक्षित, अजय और आभा का प्रबंधन सराहनीय रहा। इस दौरान प्रिंसिपल आनंद पांडे, प्रबंधक आदित्य पांडे, शिक्षक रामू, अनुराग, अमित पिपरैया, अमन, सुमित, दीपक पटेल, हर्षित, अभिषेक , सौरभ, ऋतिक, असर, परवेज, नैंसी, विनीता, निशी, अंजली, ईशा, साक्षी, निकेता, लाली, शिवांगी, उमा, आरका, ममता, मोहिनी ज्योति, स्नेहा, वंदना आदि उपस्थित रहे।

## श्रद्धा-ज्ञान-आचरण की त्रिवेणी से ही मोक्ष संभव : मुनिश्री सौम्य सागर महाराज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महरौनी।** गणाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री सौम्य सागर महाराज एवं मुनिश्री जैयन्त सागर महाराज का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। मुनिसंघ के आगमन पर जैन समाज सहित धर्मप्रेमी नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भव्य आगवानी की तथा द्वार-द्वार पाक्षप्रच्छालन कर मुनिराजों का आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री सौम्य सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र–इन तीनों की एकता ही मोक्ष का मार्ग है, जिसे जैन दर्शन में रत्नत्रय कहा गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे लड्डू बनाने में बेसन, घी और बूरा का संतुलन जरूरी है, वैसे ही आत्मा के उत्थान के लिए श्रद्धा, ज्ञान और आचरण का सामंजस्य अनिवार्य है। मुनिश्री ने कहा कि मोक्ष का वास्तविक अर्थ कर्मों के बंधनों का क्षय और आत्मा का अपने शुद्ध स्वरूप में स्थित होना है। उन्होंने बाहरी आडंबरों से बचकर आत्मनिरीक्षण, संयम और सतत साधना पर बल दिया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मुनिवचनों का श्रद्धापूर्वक श्रवण कर आत्मिक लाभ प्राप्त किया।

# संक्षिप्त खबरें

## कानपुर पुलिस लाइन का किया अर्दली रुम



**कानपुर।** दिनांक 06.02.2026 को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, कानपुर नगर अतुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन, कानपुर नगर में अर्दली रूम आयोजित किया गया। अर्दली रूम के दौरान उनके द्वारा पुलिस लाइन में उपलब्ध हाजिरी रजिस्टर सहित अन्य शासकीय अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा कार्यालयीन व्यवस्था, अनुशासन एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव के संबंध में संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## फिलहाल नहीं पता चला कि दीपिका की हत्या कैसे हुई, टीमें गठित



**कानपुर।** थाना पनकी क्षेत्र में दीपिका सैनी की मृत्यु के संबंध में हत्या का अभियोग तत्काल पंजीकृत किया गया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, प्रकरण से संबंधित सभी साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है। लेकिन अभी तक हत्या का कारण नहीं पता चला है। बिरसा सुरक्षित रखा गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम.कासिम आबिदी ने बताया कि पनकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राम गंगा इनक्लेव में एक घटना घटित हुई थी, मृतिका दीपिका सैनी की हत्या कर दी गई थी। इसमें उनका पोस्टमार्टम कराया गया था लेकिन पोस्त मार्टम में भी मृत्यु का कारण नहीं पता चला है इसीलिए बिसरा सुरक्षित रखा गया है।मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं तथा शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसकी गहराई से जांच की जा रही है और जो भी अभियुक्त होंगे शीघ्र ही पकड़े जाएंगे।इसके लिए पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने बताया कि परिजनों के आरोप अंकित कराए जा रहे हैं। और गुण दोष के आधार पर एक एक चीज को गहराई से जांचा जा रहा है। अभियुक्त शीघ्र ही पुलिस की कस्टडी में होंगे।

## जिला कारागार से इलाज के लिए भेजे गए विचाराधीन बंदी की अस्पताल में मौत

**प्रतापगढ़।** जेल अधीक्षक जिला कारागार ऋषभ द्विवेदी ने बताया है कि विचाराधीन बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला निवासी शुकुलपुर थाना अन्तू अ0सं0-406/2023, धारा-304 आईपीसी के वाद में न्यायालय प्रतापगढ़ के आदेश से 23 सितंबर 2023 से जिला कारागार प्रतापगढ़ में निरुद्ध था। बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला के सीने में दर्द की शिकायत पर कारागार चिकित्सक द्वारा उपचार दिया गया। कारागार चिकित्सक द्वारा बंदी के बेहतर जांच उपचार हेतु परामर्श के लिए बंदी को जेल गार्द की अभिरक्षा में जेल ऐंबुलेंस से बेहतर उपचार के लिये शुक्रवार को समय 08:22 बजे जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भेजा गया। बंदी के साथ उपस्थित जेल वार्डर विकास यादव द्वारा समय 09:11 बजे कारागार के मुख्य गेट के दूरभाष पर बंदी के मृत्यु होने की सूचना दी गयी। बंदी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## सोते समय पति का गला दबाकर कर दी हत्या; अलीगढ़ पुलिस को मिले सबूत तो पत्नी को भेजा जेल

**अलीगढ़।** गांव सुजानपुर गांव में 34 वर्षीय युवक विकास की मौत के मामले में बड़ा राजफाश हुआ है। पुलिस जांच में यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या का निकला। पुलिस ने मृतक की पत्नी रेनू चौहान को गिरफ्तार कर बुधवार की शाम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले में मृतक के मामा जनपद कासगंज के थाना अमापुर के सरसई नरू निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र महेंद्र पाल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने खैर कोतवाली में तहरीर देकर मांजे की पत्नी रेनू चौहान पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया था। तहरीर के साथ उन्होंने कुछ वीडियो साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे थे, जिससे मामला संदिग्ध हो गया। पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की। पुलिस ने राजफाश करते हुए कहा कि आरोपित रेनू चौहान ने विकास का गला दबा कर हत्या की है। 30 जनवरी की रात विकास का पत्नी से विवाद हुआ था। दूसरे दिन सुबह विकास फांसी के फंदे पर लटका देखा गया। पड़ोसी मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतारा गया।

# महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टाप सेन्टर, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक विद्यालय, जिला महिला चिकित्सालय, वृद्धाआश्रम व जिला कारागार का किया निरीक्षण

### ● मानसिक रोगियों की बदहाल स्थिति पर महिला आयोग सदस्य नाराज़, वृद्धाश्रम प्रबन्धक को अंतिम चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा भुलियापुर स्थित वन स्टाप सेन्टर, आंगनबाड़ी केन्द्र/प्राथमिक विद्यालय भुलियापुर, जिला महिला चिकित्सलय, चिलबिला स्थित वृद्धाआश्रम व जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर में 03 महिलाये निरूद्ध थी जिनसे महिला आयोग की सदस्य ने सेन्टर में मिलने वाली सुविधाओं व उनकी समस्याओं को जाना। इसके उपरान्त आंगनबाड़ी केन्द्र भुलियापुर का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा की जानकारी ली, साथ ही 01 बच्चे का अन्न प्रासन्न व 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को गर्भवती महिलाओं की समय-समय देखभाल करती रहे व चिकित्सा उपचार कराने का निर्देश दिया। इस दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को बिस्कुट देकर आंगनबाड़ी केन्द्र आने के लिये प्रोत्साहित किया, साथ ही प्राथमिक विद्यालय भुलियापुर का भी निरीक्षण किया जिसमें बाल शौचालय व बाउण्ड्रीवाल बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि यहां पर सफाई कर्मी के न आने पर महिला शौचालय गन्दा रहता है जिससे समस्या का सामना करना पड़ता है, जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई कर्मी से समय-समय पर सफाई करायी जाय।

इसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया और प्रत्येक वार्डो में भर्ती महिलाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली, साथ ही महिलाओं को फल का वितरण किया व स्वास्थ्य होने की शुभकामना दिया। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि वार्डो में भर्ती महिलाओं व बच्चों का उचित देखभाल की जाय और सभी सुविधायें मुहैया करायी जाय। महिला आयोग की सदस्य द्वारा चिलबिला स्थित वृद्धाआश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धआश्रम में वास वेशिंग गन्दा पाया गया, मानसिक विक्षिप्त महिलाओं के कक्ष को देखा गया जो काफी गन्दा पाया गया, गद्दे व फर्श काफी बदबूदार थे।भोजन फल की गुणवत्ता भी अत्यधिक खराब थी और साथ ही मानसिक विक्षिप्त महिलाओं की देखरेख भी ठीक ढंग से नहीं की जा रही थी, जिस पर महिला आयोग की सदस्य द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये वृद्धाश्रम के प्रबन्धक अम्बिका प्रसाद को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि यदि शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान कानपुर द्वारा संचालित संस्था दो दिवस में यदि स्वच्छता पर ध्यान न दिया गया तो संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी, साथ ही मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी को भी निर्देशित किया कि दो दिवस के अन्दर सभी कार्यप्रणाली यदि ठीक ढंग से न कराया गया तो आपके विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने फोन पर मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता कर मानसिक रोगियों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार कराने व उन्हे वृद्धाआश्रम से अन्यत्र स्थान पर सुरक्षित संरक्षित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को फल व कम्बल का वितरण भी किया और बीमार वृद्धजनों को डाक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का जाना और कहा कि भविष्य में ऐसी गलती न करें जो यहां पर आना पड़े, साथ ही महिला कैदियों को चित्रकला क्रोशिया व शिक्षा हेतु प्रेरित किया तथा कारागार में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिला कारागार में स्थापित आंवला प्रसंस्करण केंद्र आंवलाकृति को देखा जिसमें महिला बंदियों द्वारा निर्मित आंवला के विभिन्न उत्पाद जैसे जूस, अचार, मुरब्बा, बर्फी, लड्डू इत्यादि बनाया जाता है। उन्होने जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी से कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पाद को बाजार व प्रदर्शनी आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कर विक्रय पर चर्चा की गयी। जिला कारागार में महिला बंदियों को उमंग स्वयं सहायता समूह की प्रशिक्षिका रीता बनर्जी द्वारा आंवला व अन्य उत्पादो का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर-** जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के घोसियारी चौराहे पर मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल युवक जगदीश चौधरी (36) पुत्र जगराम छितही गांव निवासी इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बीते सोमवार शाम घोसियारी चौराहे पर हुई थी। किसी बात को लेकर हुए विवाद में आवरी गांव निवासी कन्हैया तिवारी ने कथित तौर पर जगदीश चौधरी पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में जगदीश गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जगदीश की हालत नाजुक होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर किया गया था, जहां उनका उपचार चल रहा था। खेसरहा थानाध्यक्ष अनुप कुमार मिश्र ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कन्हैया तिवारी पुत्र उजागिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की आपराधिक धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

## दुकान में हुई चोरी की घटना का किया पर्दाफाश, 04 गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बीते 24 जनवरी 2026 को थाना कोतवाली नगर, जनपद प्रतापगढ़ क्षेत्रान्तर्गत पाण्डेय का पुरवा, मीरा भवन, बी सेक्टर आवास विकास कॉलोनी स्थित दुकान बॉम्बे स्टील सेंटर से चार पांच अज्ञात महिलाओं द्वारा वादी को बातों में उलझाकर लगभग 30-35 पीतल फूल की थालियां एवं करीब 40 गिलट के कटोरे चोरी कर लिए गए, जिसकी जानकारी बाद में सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन से हुई। उक्त महिलाएं एक ऑटो द्वारा एक अज्ञात पुरुष के साथ आई थीं। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 73/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर के उप निरीक्षक अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर दर्ज मुकदमा से संबंधित 04 अभियुक्त/ अभियुक्ता, 01अभियुक्त ओमनाथ उर्फ संजय पुत्र हीरालाल निवासी फतेहपुरघाट थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज उम्र करीब 45 वर्ष, अभियुक्त गोलू वर्मा पुत्र श्याम सुन्दर निवासी विकहा थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज उम्र करीब 30 वर्ष, अभियुक्ता संतरा उर्फ संतरा देवी पत्नी कमलेश सरोज निवासी पठनपुरवा मूरतगंज थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी उम्र 45 वर्ष, अभियुक्ता मालती पत्नी योगेश निवासिनी मीरापुर थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज उम्र करीब 38 वर्ष को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत गायघाट पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त/ अभियुक्ता के कब्जे से 01 बोरी मे 30 फूल पीतल की थाली, 12 फूल का कटोरे व 01 बोरी मे चोरी की 19 साड़ी बरामद की गई।उक्त बरामदगी के संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। बरामद घटना मे प्रयुक्त 01 वाहन आटो को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

# कुस्महीं प्रकरण: भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान पर आंच बर्दाश्त नहीं - पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी

### ● सपा जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना अंतर्गत ग्राम कुस्मही में गुरुवार की रात्रि और 6 फरवरी को सुबह भाजपा कार्यकर्ता विजय गौतम द्वारा स्द्धक्रकी प्रक्रिया के अंतर्गत फॉर्म 7 का आवेदन देने के कारण सैकड़ो लोगों के साथ घेरकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारने, धमकाने एवं उन्हें भयभीत करने के प्रयास को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। भाजपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस घटना की कड़ी निंदा की है। पूर्व बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री एवं निवर्तमान विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी ने इस प्रकरण को अत्यंत निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान पर किसी भी प्रकार की चोट स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश में सुशासन का युग है और कानून-व्यवस्था के रहते हुए किसी भी कार्यकर्ता को डराने-धमकाने का प्रयास अक्षम्य है। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि यदि किसी ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मान को ठेस पहुँचाने का दुस्साहस किया, तो उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी और अराजकता को समाप्त करना भाजपा का अटूट संकल्प है और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस संबंध में डॉ. सतीश द्विवेदी ने क्षेत्राधिकारी इटवा से भेंट कर पूरे मामले की जानकारी दी और दोषियों के विरुद्ध कठोर धाराओं में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराने की मांग की। साथ ही, पीड़ित कार्यकर्ता द्वारा प्रार्थना पत्र देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह उन सभी तत्वों के लिए स्पष्ट संदेश है जो कानून की मर्यादा को चुनौती देने का प्रयास कर रहे हैं। अब किसी भी प्रकार की दबंगई या भय का जवाब केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कानूनी कार्रवाई से दिया जाएगा।

## कानपुर में यहां पर बनेगा 35 मेगावाट का विशाल सोलर पार्क, 200 करोड़ रुपये आएगी लागत

**कानपुर।** ऊर्जा क्षेत्र में अब अपना कानपुर और समृद्ध होने जा रहा है। वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में घाटमपुर के काटर गांव में वृहद सोलर पावर पार्क बनने जा रहा है। नेडा की ओर से 65 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 200 करोड़ की लागत से 35 मेगावाट का सोलर पावर पार्क बनने जा रहा है। इस पार्क को बनाने की जिम्मेदारी नोएडा की वेदू इंफ्रा कंपनी को दी गई है। यह कंपनी एक पखवारे बाद काम शुरू करेगी। गुरुवार को वैकल्पिक ऊर्जा-नेडा के परियोजना अधिकारी राकेश पांडेय घाटमपुर के काटर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी टीम के साथ प्लांट वाले स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्लांट बनकर तैयार होने की मियाद 24 माह तय की गई है। इस अवधि में यह प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा। प्लांट अपनी क्षमता के अनुसार संचालन अवधि में 35 मेगावाट ऊर्जा प्रति घंटा का उत्पादन करेगा। इस ऊर्जा की सप्लाई सीधे पावरग्रिड को की जाएगी। पीओ नेडा ने कहा इस प्लांट की स्थापना और संचालन के बाद और भी कई प्लांट लगेंगे।

## 'MAY I HELP YOU' जैकेट में तैनात दिखे पुलिसकर्मी, कानपुर पुलिस की नई पहल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल के निर्देश पर शहर में सुरक्षा और विश्वास का माहौल और मजबूत करने के उद्देश्य से घंटाघर चौराहे पर एक विशेष पहल की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त लाइन्स शिवा सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस सुमेध मिलिंद जाधव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को 'MAY I HELP YOU' जैकेट पहनाकर ड्यूटी पर लगाया गया। इसका उद्देश्य जनसामान्य के बीच पुलिस की सहज, सुलभ और मददगार छवि को और मजबूत करना है। यह पहल खासतौर पर रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले राहगीरों के लिए शुरू की गई है ताकि शहर में नए आने वाले लोगों को किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस सहायता मिल सके। मार्गदर्शन, सुरक्षा और आपात स्थिति में मदद के लिए अब पुलिसकर्मी स्पष्ट रूप से जनता की सहायता हेतु पहचान में होंगे। कानपुर पुलिस का यह कदम न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि आम नागरिक और पुलिस के बीच भरोसे की दूरी को भी कम करेगा।

## डीएम ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर-** उसका बाजार कस्बा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का शुक्रवार को जिलाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कम्प्यूटर लैब व अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कार्य को देखा गया। निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर अवर अभियन्ता को निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विद्यालय में कुछ बच्चे निर्धारित ड्रेस में नहीं थे बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति निर्धारित ड्रेस में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ने कहा कि बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध करायें। विद्यालय में नये कम्प्यूटर लगे है, जो चालू नही कराए गए थे। जिलाधिकारी ने नये कम्प्यूटर को चालू कराने का निर्देश दिया। 160 नामांकन के सापेक्ष 148 छात्र उपस्थित थे।

# ग्राम चौपाल में सीडीओ ने जनसमस्याओं को सुना और निस्तारण का दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास खण्ड सदर की ग्राम पंचायत भुवालपुरडोमी में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में जनसमस्याओं को सुना और 7 दिवस में शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में ग्रामवासियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। सीडीओ ने चौपाल में शासन द्वारा संचालित योजनाओं में चयनित लाभार्थियों को नियमानुसार अधिकतम लाभ प्रदान करने तथा पारदर्शी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीडीओ ने 3 बच्चो का अन्न प्रासन्न व 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र व समूह की महिलाओं को महिलाओं को 2 करोड़ 28 लाख 40 हजार का डेमो चेक प्रदान किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरान्त सीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भुवालपुर डोमीपुर के निरीक्षण में निर्मित शौचालयों की निरन्तर साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिया। ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में स्थापित स्मार्ट टीवी संचालित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया।इस दौरान सीडीओ ने बच्चों से पठन-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्यायें

### ● महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी-प्रतिभा कुशवाहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन के सभागार में जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की। महिला जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान रीता देवी, निवासी जहनईपुर ने शिकायत की कि उनके पति अशोक सरोज का एक दुर्घटना में गंभीर एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थी। इलाज के दौरान एक पैर काटना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद जख्म अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। आर्थिक तंगी के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा है और घाव अब तक ठीक नहीं हुआ है। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान अन्य शिकायतों को भी महिला आयोग की सदस्य ने गम्भीरतापूर्वक सुना।

आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें है उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक समय से अधिकारी करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाय।कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई के उपरान्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया गया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायते प्राप्त होती है उसे प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाय। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ईट-भट्ठो पर अधिक संख्या में महिलायें कार्य कर रही है, भट्ठों शौचालय न होने के कारण उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिसके लिये सभी भट्ठा स्वामियों की बैठक करते हुये निर्देशित किया कि जाय कि अपने-अपने भट्ठों पर महिलाओं की सुविधा हेतु शौचालय अवश्य बनवाये। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने बाल विवाह मुक्त की शपथ भी दिलायी। बैठक के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने विकास भवन परिसर से बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के रथ का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी सीमा भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा फार्म 6 चालीस हजार से अधिक पांचों विधान सभा क्षेत्रों में जमा कराने में अग्रणी रही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर पीडीए प्रहरियों की अति आवश्यक बैठक शाम सपा अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरम्भ हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि आज 6 फरवरी को सपा महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,ने गोविन्द नगर, कैन्ट, आर्यनगर, सीसामऊ, किदवई नगर क्षेत्रों के बूथों पर पहुंच कर फार्म 6 भरवायें तथा फार्म 8 भी कुछ भरवायें। इस प्रकार आज तक सपा ने चालीस हजार से अधिक फार्म 6 भरवाकर मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाया। ?सपा ने गोविन्द नगर से 12000 (फार्म 6), सीसामऊ (फार्म 6) 7000, आर्यनगर से 9000 (फार्म 6), किदवई नगर 10,000 (फार्म 6) तथा कैन्ट से 10,000 फार्म 6 भरवाये। सपा अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि फार्म 6 से अभी सपा 27 फरवरी तक नये मतदाताओं को जोड़ने का अभियान जारी रखेगी। तथा इस बार छात्रों को कालेजों में फार्म 6 भरवाया जायेगा। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद के सम्बोधन में कहा कि फार्म 7 पांचों विधान सभा क्षेत्रों से लगभग 600 लोगों का फार्म भरा जिसे सपा के सर्वेक्षण में, बी एल ओ (BLO) ने बताया। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने सम्बोधन में कहा कि, सन 2027 परिवर्तन की लहर है, इस बार सपा की सरकार बनेगी क्योंकि युवा बेरोजगारी, मंहगाई से ऊब चुका है मुंगेरीलाल के सपनो में आने वाला नही है।

## कानपुर में शाम से लापता था एकलौता बेटा, सुबह ट्रेन से कटकर मौत की मिला सूचना

**कानपुर।** कानपुर में गुरुवार शाम से लापता छात्र का शुक्रवार सुबह शव मिला। सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। छात्र परिवार का एकलौता बेटा था। जीआरपी ने चंदारी स्टेशन के पास ट्रेन से कटने की सूचना परिवार वालों को दी थी। चकेरी के कोयला नगर स्वर्ण जयंती विहार में रहने वाले प्राइवेट कर्मी राकेश शर्मा का 19 वर्षीय इकलौता बेटा शुभम मां कामाख्या कामदगिरि इंटर कालेज से 12 वीं का छात्र था। शुभम पढ़ाई के साथ ही कलक्टरगंज स्थित एक गुब्बारे की दुकान में काम करता था। बुधवार को वह काम पर गया था और शाम आठ बजे दुकान से निकला लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। स्वजन उसे काल करते रहे लेकिन उसका फोन नहीं उठा। देर शाम स्वजन जीआरपी पहुंचे तो चंदारी स्टेशन के पास एक युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिली। स्वजन ने मौके पर पहुंचकर उसकी पहचान शुभम के रूप में की। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताई है।

# पात्र लाभार्थियों को मिले योजनाओं का लाभ - जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास खण्ड उसका बाजार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुलवरिया में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। इसी क्रम में पूरे जनपद में चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि एस.आई.आर. में छूटे हुए मतदाता अपना नाम जोड़वा ले। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोग फार्म-06 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा ले। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द मोहन राम त्रिपाठी, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारीएवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## लोनी में खुले नाले बने मौत का जाल, कई मौतों के बाद भी नहीं ढके नाले; निवासी चिंतित

**लोनी।** शहर की गलियों और मुख्य सड़कों पर खुले नाले मौत का जाल बन गए हैं। इन खुले नालों में गिरने से अक्सर जानवर घायल हो जाते हैं, और कई बार लोग भी इनमें गिरकर घायल हो चुके हैं या उनकी मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद, जिम्मेदार विभागों ने अभी तक कोई सबक नहीं सीखा है। शहर के कई इलाकों में नाले बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नगर पालिका को इस स्थिति की जानकारी है, लेकिन उसने अभी तक इस मामले में कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया है। नसबंदी कॉलोनी, बलराम नगर, राजीव गार्डन, ऋषि मार्केट, नवीन कुंज, सरल कुंज, लक्ष्मी गार्डन और अमित विहार सहित कई मोहल्लों में, साथ ही मुख्य सड़कों पर भी नाले खुले पड़े हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ये नाले गहरे हैं और बारिश के मौसम में इनमें तेज़ बहाव होता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि उन्होंने नगर पालिका अधिकारियों से नालों को ढकने के लिए बार-बार अनुरोध किया है, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ़ आश्वासन ही मिला है। लोगों का कहना है कि वे घर पर अपने छोटे बच्चों को लेकर लगातार चिंतित रहते हैं। सड़कों के किनारे बने इन नालों के किनारों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त बाड़ नहीं लगी है। रात में, खराब स्ट्रीटलाइट्स के कारण, पैदल चलने वाले लोग नालों की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा काफी बढ़ जाता है।

## साहिबाबाद में तेज डीजे बजाने पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना इलाके में डीजे सिस्टम पर तेज़ म्यूज़िक बजाने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सार्वजनिक जगह पर डीजे बजाया जा रहा था, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी हो रही थी। लोगों ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत की। ACP शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि 5 फरवरी की रात सब-इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा गश्त पर थे। जब वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चौक पर पहुंचे, तो एक मालवाहक गाड़ी पर डीजे सिस्टम ज़ोर से बज रहा था। उनके पहुंचने पर लोगों ने उनसे शिकायत की।

उन्होंने डीजे ऑपरेटर से आवाज़ कम करने को कहा, जिस पर उन्होंने आवाज़ कम कर दी, लेकिन उनके जाने के बाद फिर से डीजे ज़ोर से बजाया जाने लगा। लोगों ने फिर से पुलिस से शिकायत की। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दिल्ली के करावल नगर के रहने वाले जुगल किशोर और पश्चिमी दिल्ली के रहने वाले रंजीत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डीजे सिस्टम भी ज़ब्त कर लिया है। दोनों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## 55 साल की महिला से रेप की कोशिश में नाकाम रहा तो गला घोंटकर मार डाला, जालौन में आरोपी गिरफ्तार

**जालौन।** मंगलवार की रात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला की हत्या कर दी गई और शव सरसों के खेत में नग्न अवस्था में मिला। भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरु कर दी। गांव के ही 30 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया। जब महिला ने विरोध किया तो उसके कपड़े खींच दिए। महिला चिल्लाती हुई घर के बाहर भागी तो आंगन में गिर पड़ी। इसी दौरान आरोपित ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

अगले दिन पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच की तो मिट्टी गीली होने के कारण उस पर कुछ जूतों के निशान मिले। पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो आरोपित के घर के बाहर भी उसी खेत की गीली मिट्टी लगी मिली। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपित ने बताया दुष्कर्म में नाकाम होने पर उसने हत्या की है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करने क बाद जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 55 वर्षीय महिला का घर के बाहर खेत में शव मिला था। घर के आंगन में खून व चूड़ियां पड़ी थीं जबकि बिस्तर पर भी खून पड़ा था। मृतका मटर की फली तोड़ने का काम करती थी। बुधवार की सुबह जब महिला घर के बाहर नहीं निकली तो उसका भतीजा व ग्रामीण उसे देखने के लिए घर के अंदर गए थे। जहां पर खून देख उसकी खोजबीन की गई थी। सरसों के खेत में अर्धनग्न अवस्था में उसका शव पड़ा हुआ था। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने फोरेंसिक टीम भी मौके पर जांच की थी। मामले के राजफाश के लिए चार टीमें लगीं थीं और 48 घंटे में ही हत्या का राजफाश हो गया।

# असम के नाथ-योगी समुदाय को राजनीतिक उपेक्षा के खिलाफ आवाज: आगामी चुनाव में प्रेस विज्ञप्ति के जरिए टिकट की मांग।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी**–असम के सबसे प्राचीन मूल निवासियों में से एक, नाथ-योगी समुदाय, राजनीतिक रूप से सबसे उपेक्षित समूह बनकर उभरा है। भारत की स्वतंत्रता के पिछले 78 वर्षों में, असम विधानसभा के लिए इस समुदाय से अब तक केवल 7 विधायक ही चुने गए हैं। इनमें से 5 विधायक बराक घाटी से थे और केवल 2 ब्रह्मपुत्र घाटी से। ब्रह्मपुत्र घाटी के इन दो विधायकों में पहले 1956 में तत्कालीन गोलपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित स्वर्गीय खगेंद्रनाथ नाथ थे और दूसरे 1972 में रहा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित स्वर्गीय गुणेंद्र नाथ पंडित थे। असम प्रादेशिक योगी सम्मेलनी के अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ ने राजनीतिक क्षेत्र में इस शून्यता को समुदाय के पिछड़ेपन का मुख्य कारण बताया है। आज समाचार पत्रों को जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि असम की बराक और ब्रह्मपुत्र दोनों घाटियों में, सदिया से धुबरी तक और कोकराझार से करीमगंज तक, लगभग 45 लाख स्वदेशी नाथ-योगी समुदाय के लोग बिखरे हुए हैं। इसके अलावा नगांव, मरिगांव, दरंग, शोणितपुर, गोलपाड़ा, बोंगाईगांव और जोरहाट जैसे जिलों में हजारों नाथ-योगी युगों से रह रहे हैं। इन जिलों के साथ-साथ धुबरी, बिलासीपारा, कोकराझाड़, उदलगुरी, लखीमपुर, माजुली, धेमाजी, शिवसागर, जोरहाट और गोलाघाट सहित असम के लगभग हर जिले में यह समुदाय प्राचीन निवासी है। विशेष रूप से मरिगांव, बोरचला और सिपाझार जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा क्षेत्रों में नाथ-योगियों के 40,000 से अधिक वोट हैं।अध्यक्ष ने आगे कहा कि नाथ-योगियों को अलग



रखकर असम का इतिहास अधूरा है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर असम के विदेशी बहिष्कार आंदोलन तक, देश के लिए सैकड़ों नाथ-योगियों ने अपने रक्त का बलिदान दिया है। चर्यापद (प्रथम लिखित असमिया साहित्य) के रचयिता नाथ सिद्धों के समय से लेकर वर्तमान में असम की समृद्ध लोक संस्कृति और बेशकीमती पाट-मुगा रेशम उद्योग के संरक्षण और प्रचार में अग्रणी होने के बावजूद, आज यह समुदाय सबसे उपेक्षित है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि छह साल के विदेशी बहिष्कार आंदोलन में 140 नाथ-योगी शहीद हुए, जिसके परिणामस्वरूप असम में क्षेत्रीयतावादी सरकार बनी, लेकिन एक भी नाथ-योगी विधायक नहीं बन सका। सनातन धर्म के अनुयायी होने के नाते, समुदाय के 95% से अधिक लोग वर्तमान भाजपा सरकार के कट्टर समर्थक हैं, फिर भी उस दल से एक भी नाथ-योगी को टिकट नहीं मिलता। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार में भागीदारी के बिना कोई समुदाय अपनी समस्याओं का समाधान कैसे कर सकता है? राजनीतिक दलों की इस निरंतर उपेक्षा ने समुदाय में आक्रोश पैदा किया है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति उनका विश्वास कम हो रहा है।

**उम्मीदवारों की सूची और चेतावनी:**

सम्मेलनी के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नाथ-योगी समुदाय के 14 से अधिक उम्मीदवारों ने भाजपा और कांग्रेस से टिकट के लिए आवेदन किया है। प्रमुख नाम इस प्रकार हैं: भाजपा (BJP) से दावेदारः श्री बेनुधर नाथ (कमलपुर), श्री उत्पल नाथ (मरिगांव), श्री मनोज सहरिया और श्री निपन नाथ (सिपाझार), श्री राकेश नाथ (बोरचला), श्री गुणराम नाथ (तिताबोर), श्री बिश्वजीत सहरिया और श्रीमती जोनमोनी देवी (टंगला), श्री रॉबिन नाथ (पलाशबाड़ी), श्री अंजन नाथ (हैलाकांडी), श्री किशोर नाथ (बरखला) और श्री आशीष नाथ (करीमगंज)। कांग्रेस (INC) से दावेदारः श्री बेनुधर नाथ (ढेकियाजुली और बोरचला), श्री करुणाकांत मेधी (सिपाझार)। अध्यक्ष धीरेंद्र नाथ ने दोनों प्रमुख दलों से इन उम्मीदवारों को टिकट देने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि '2026 की विधानसभा' नाथ-योगी विधायकों से शून्य नहीं रहनी चाहिए। यदि राजनीतिक दलों ने इस बार भी उन्हें नजरअंदाज किया, तो समुदाय आगामी चुनावों में कड़ा निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। प्रेस विज्ञप्ति के जरिए असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन नाथ ने ऐलान किया।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का हुआ भव्य विदाई समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ॰ शशिकांत शर्मा ,प्रधानाचार्य एन एस पी एस त्रिपुला एस॰एल॰प्रजापति, प्रधानाचार्य सलेथू राजीव सिंह एवं उप -प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती मां की पूजा के पश्चात कक्षा-11 के छात्र- छात्राओं ने सभी गणमान्यों, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं कक्षा -12 के छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कक्षा -11 के छात्र- छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन कक्षा -11 के छात्र खुशी ,आस्था ,प्रज्ञा ,समीक्षा , प्रांजुल,नैमिष,सिद्धांत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सर्वप्रथम कशिश,अर्पिता,अनन्या, अनुश्री ,काव्या के द्वारा सभी गणमान्यों व अन्य सभी का स्वागत गीत के माध्यम से उनका स्वागत व अभिनन्दन किया। परिधि, श्वेता, प्रज्ञा, समीक्षा के द्वारा फ्रेंडशिप सॉन्ग व आस्था, खुशी, गौरी, अनुष्का, अदिति,पुष्पांजलि, कशिश, मोनिका, सक्षम, आयुष,आदर्श आदि के द्वारा ग्रुप डांस प्रस्तुत किया गया साथ ही यशस्वी, मानसी,रिया, अंशिका अनुष्का, युगवीर, आकिब, शशांक, पीयूष आर्यन पटेल आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में अंशिका, अंशिका वर्मा ,अनामिका,कशिश ,वैष्णवी ,जीनत के द्वारा फेयरवेल सॉन्ग व समीक्षा ,अनन्या ,सोनाक्षी ,एकता ,राज ,आदर्श ,शुभम ,आयुष आदि के द्वारा एक्ट प्रस्तुत किया गया।कक्षा -12 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ कक्षा-11 के विद्यार्थियों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह व टाइटल भेंट कर विदाई दी गई। इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे- वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिनमें - 'बेस्ट पर्सनैलिटी मेल' अक्षत वर्मा , 'बेस्ट पर्सनैलिटी फीमेल 'आयुषी पाण्डेय , 'स्टूडेंट- ऑफ द ईयर 'जाह्नवी मिश्रा' स्टार परफॉर्मर ऑफ कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड 'समीक्षा त्रिपाठी, 'पेरेनियल स्टूडेंट अवार्ड' विकास , अभिनव ,उत्पल, स्वजल ,नीरज ,युगांत, समीक्ष ा,अर्शिया, आरोही ,रिया ,दिव्यांक, अनन्या , कोमल, श्रेया ,अल्पेंद ,, कुनाल,अंकुर, देवांश,शशांक, अभिनव ,हर्षित, मो0कैफ ,आयुषी ,देवांग ,प्रिंस ,आंशिक ,अनामिका , अन्नू ,मधु,यशी, आकांक्षा, आलोक, शिवांश,प्रज्ञा, खुशबू,शालिनी, दिव्या, शुभी ,मुस्कान, यशी, पूजा ,अर्वंतिका , सना फातिमा ,मारिया ,राजन ,शुभ , आयुष ,ऋषिकेश ,धनराज ,सुमित , हिमांशु ,आयुष , शावेज़ ,आकाश ,अंशिका को दिया गया। तत्पश्चात कक्षा -12 के छात्रों द्वारा प्रबंधक को स्मृति- चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर प्रबंधक डा0 शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाता है इसलिए हमेशा परिश्रम करते रहना चाहिए, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है। आप जब आगे बढ़ते है तो बहुत से लोग आप को नकारात्मकता की ओर ले जाने का प्रयास करेंगे लेकिन आपको इन सभी चीजों से दूरी बनाते हुए आगे बढ़ना है, उम्मीद करता हूं कि आगे भी आप सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे और आगे चलकर नई -नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे और साथ ही इस स्कूल का नाम भी रोशन करेंगे।आप सभी को हम सब की तरफ से आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।




# बालू माफिया अमरेंद्र तिवारी व उनके सहयोगी ने किया मुकेश कुशवाहा के ऊपर जानलेवा हमला

**● पुलिस की मिलीभगत से गांजे के झूठे आरोप में फसाने की थी फूल तैयारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






जिले में बिगड़ते कानून व्यवस्था की खुल रही पोल । जिसमें खुद पुलिस ही अपराधी का कर रही सपोर्ट। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरेन्द्र तिवारी जो कि अवैध रेत का कारोबार काफी लंबे समय से कर रहा। जिसकी जानकारी पुलिस व फॉरेस्ट को थी। तीन चार दिन पहले ही अमरेन्द्र तिवारी की ट्रैक्टर को अवैध रेत से लदी गाड़ी को शहडोल डीएफओ ने पकड़ कर कार्यवाही किए। और उस कार्यवाही से बौखलाए अमरेंद्र तिवारी ने मुकेश कुशवाहा के ऊपर शक कर के उसके साथ मारपीट किया। जिसमें मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हो रहा हैं। लेकिन खास बात तो यह हैं कि जो अपराधी मुझे मलतब मुकेश को पहले जान से मारना चाहा जब इतने में बात नहीं बनी तो कहि से गांजा लाया और मोटरसाइकिल की तरफ फेक कर मुझे फसाने के लिए खुद पुलिस को बुलाया और मेरे को थाने के अंदर करवा दिया । सूत्रों के हवालों से यह भी पता चल रहा कि अमरेंद्र तिवारी गांजे का भी लंबे समय से चिंटू गुप्ता से बेचने का कारोबार करवा रहा हैं। क्योंकि मुकेश कुशवाहा को गांजे के साथ पकड़वाने की पूरी कोशिश रहा। लेकिन कहते हैं न कि जब तक ऊपर वाला आप के साथ हैं तो कोई भी आपका कुछ नही कर सकता।

**एफआईआर हुआ दर्ज**

एफआईआर में मुकेश कुशवाहा ने मौखिक रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि मैं मुकेश कुशवाहा और अपने भाई भोला उर्फ दिनेश कुशवाहा पड़ोसी सोनू बैगन दोनों निवासी ग्राम सिंहपुर के साथ थाना में उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज करने आया कि 5/02/2026 सुबह 10:30 बजे करीबन मैं वह सोनू बैगा दोनों लोग लेबरों को बुलाने के लिए सोनू बैगा की मोटरसाइकिल में पड़मनिया करौंदिया टोला जा रहे था। करौंदिया टोला में प्राथमिक स्कूल के पहले गणेश गुप्ता की दुकान के पास पहुंचा तो वहां से सोनू बैगा अपने साथ दो लेबर पूरी बैगा और रमेशु बैगा को लेकर साइड ईटा भट्ठा पर चला गया। वहां पर पहले से अमरेंद्र तिवारी निवासी ग्राम सिंहपुर , विकास तिवारी उर्फ कक्का निवासी ग्राम सिंहपुर एवं दिलीप शर्मा निवासी ग्राम परमड़िया खुर्द के खड़े थे। जो अमरेंद्र तिवारी मुझे देखकर बोला कि इधर आप म****** तू मेरा रेत की गाड़ी फॉरेस्ट विभाग से पाड़वाया है। तो मैंने बोला कि मैं आपकी गाड़ी नहीं पकड़वाई इतने में कक्का उर्फ प्रकाश तिवारी तथा दिलीप शर्मा दोनों लोगों ने मेरे दोनों हाथ पकड़ लिए और अमरेंद्र तिवारी मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई है और खून निकला। बाय तरफ कनपटी के पास काफी दर्द है। इतने में मेरा भाई दिनेश कुशवाहा वहां पहुंच गया और बीच बचाव कर मुझे छुड़ाया तब अमरेंद्र तिवारी अपने साथियों के साथ जाते-जाते बोला कि आज तू बच गया है किसी दिन तुझे मार कर खत्म कर दूंगा या तुझे एक दिन गांजे के केस में फंसा दूंगा घटना को करौंदिया टोला के लोग कालीचरण बैगा पिता करिया बैगा परसादी बैगा पिता सुखसेन बैगा व अन्य लोग देखें व सुने हैं। कुछ दिन पहले अमरेंद्र तिवारी के गाड़ी फॉरेस्ट विभाग द्वारा पकड़ी गई थी। जिस पर अमरेंद्र तिवारी मुझ पर संदेह करता है कि मैं उसकी गाड़ी मुखबरी कर पकड़वाई है। इसी रंजिस के कारण अमरेंद्र तिवारी मेरे साथ मारपीट और गांजे के झूठे केस में पकड़वाना चाहा। मामले को पुलिस ने गंभीरता लेते हुए मामला कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस पर पुलिस के द्वारा मारपीट का मामला दर्ज करते हुए धारा 296/क्ष् 115/2 ,351/3 , 3/5 के तहत मामला दर्ज किया गया।

**इनका कहना हैं**

जब इस संबंध में बात किया गया तो उप पुलिस अधीक्षक शहडोल ने कहा कि मारपीट हुआ हैं थाना में मामला भी दर्ज हो गया और गांजे कहा से आया और किसने लाया इसकी जाँच की जा रही हैं। उप पुलिस अधीक्षक शहडोल

# क्रिकेट मैच - झांसी ने बानपुर को हराया

**●पाली में चल रहा है खेल महोत्सव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाली ।** नगर पंचायत द्वारा आयोजित खेल महोत्सव में क्रिकेट मैच का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला बानपुर और झांसी के बीच खेला गया। पूरे मुकाबले में दोनों ही टीमो के बीच काफी उतार- चढ़ाव देखने को मिला लेकिन अंततः टीम झांसी ने 07 रनों से जीत कर मुकाबला अपने नाम किया । मैदान पर टी-20 मुकाबले में झांसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया । मैदान पर बल्लेबाजी करने आयी टीम झांसी की शुरुआत बेहद खराब रही । बानपुर के गेंदबाजों के सामने 18 रन पर अपने चार विकेट खो दिए । इसी बीच मैदान पर आए पांचवे विकेट के लिए संदीप और उदय ने महज 30 गेंदों में शानदार चौके , छक्के लगाकर 98 रन जोड़े । टीम झांसी 113 रन बनाकर आगे तेजी से बढ़ ही रही कि अचानक बानपुर के गेंदबाजों ने खेल ऐसी बापसी की लगातार पांच गेंदों पर झांसी के पांच विकेट गिरे दिए। आखिर में पूरी 17 ओवर में ऑलआउट होकर महज 117 रन ही बना सकी, जिसमें झांसी के पांच बल्लेबाज शून्य पर तो चार बल्लेबाज दहाई का अंक नहीं छू पाए । झांसी द्वारा मिले लक्ष्य को देख टीम बानपुर के जीत बड़ी आसान लग रही थी । दानिश और बॉबी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 31 व 29 रनों का बड़ा योगदान दिया और टीम को मजबूत शुरुआत दी लेकिन बाद में आए बल्लेबाज झांसी के तेज गेंदबाजों के आगे संघर्ष करते नजर आए और आखरी ओवर में जहां टीम को एक विकेट शेष रहते 09 रनों की आवश्यकता थी लेकिन 02 रन ही बना सकी और पूरी टीम 09 विकेट खोकर 117 रनों के जबाब में 110 रन ही बना सकी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे गुरुशरण सिंह , जतिन्द्र कौर, विक्रम जीत सिंह, पाली चेयरमैन मनीष तिवारी ने मेन ऑफ द मैच बने झांसी की खिलाड़ी संदीप प्रजापति बानपुर की ओर से हैट्रिक लगाने वाले सलमान को सम्मानित किया गया । इस दौरान सुरेश सेन, मुकेश राही, श्रीकांत विश्वकर्मा, तिलक यादव, सजंय, राजू, नरेंद्र, आशीष, मोनू राय आदि मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी की नियमित जनसुनवाई में दूरदराज से आये फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय, सीधे लाइन पर लेकर समस्या का कराते हैं समाधान

**●जिलाधिकारी ने शुरु की अभिनव पहल, जनजाति बाहुल्य ग्रामों में लोगों के जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु लगाये जायेंगे कै पजल जीवन मिशन अन्तर्गत रोड रेस्टोरेशन हेतु नगर पालिका, जल निगम और जल संस्थान की बनायी संयुक्त टीम**

**●किसान क्रेडिट कार्ड में अनावश्यक धनराशि को होल्ड करने वाले बैंकों पर होगी कार्यवाही विद्युत बिलों में सुधार व शत-प्रतिशत ब्याज माफी हेतु ''एकमुश्त समाधान योजना'' का लाभ लें उपभोक्ता**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सरकार की अंत्योदय की भावना को साकार रूप देते हुए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश नियमित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर प्रभावी रूप से समस्याओं का निस्तारण करा रहे हैं और साथ ही जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिला रहे है। इसी के क्रम में उन्होंने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को सुना और पूरी संवेदनशीलता के साथ संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर निर्देशित कर समस्याओं का निस्तारण कराया। इसी दौरान जिलाधिकारी ने अभिनव शुरू पहल करते हुए जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम मादौन, कपासी, धौजरी, धौर्रा, पिपरई व भाटौन में ग्रामीणों के जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आगामी बुधवार को कैंप आयोजित कराने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र बन जाने से इन ग्रामीणों का आधार कार्ड भी बन सकेगा और सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल सकेगा। इसी प्रकार उन्होंने जल जीवन मिशन अन्तर्गत खोदी गई सड़कों की मर मत के लिए नगर पालिका, जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों को रोडवाइज सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, ताकि विभागवार सड़कों का आवंटन कर त्वरित गति से उनकी मर मत करायी जा सके। इस दौरान महरौनी निवासी एक वृद्ध फरियादी ने उनका मकान गिर जाने के कारण आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल शिकायती पत्र को उपजिलाधिकारी महरौनी को पृष्ठांकित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता मदनलाल द्वारा विद्युत बिल में सुधार न किये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने दूरभाष पर अधीक्षण अभियन्ता विद्युत से वार्ता कर शिकायतकर्ता के बिल में संशोधन कराते हुए उसे एकमुश्त समाधान योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये। ग्राम दैलवारा निवासी किसान ने ग्रामीण बैंक दैलवारा में उसके जमा धन की निकासी पर बैंक द्वारा प्रतिबंध लगाने की शिकायत की, इस पर जिलाधिकारी ने एलडीएम का लाइन पर लेकर कहा कि आये दिन बैंकों की मनमानी की शिकायतें आ रहीं हैं, ऐसे बैंकों पर तत्काल कोई कार्यवाही करें, अन्यथा मैं स्वयं दोषियों पर कठोर कार्यवाही करुँगा। साथ ही पीड़ित किसान का पैसा निकलवाने के भी निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होंने अन्य फरियादियों की समस्याओं का भी स बंधित अधिकारियों से वार्ता कर निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराकर जनता को राहत देना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन सामान्य की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके।

# डीएम, एसपी ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण स पन्न कराने के लिए आयोजकों व संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने आगामी माहों में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों यथा दिनाँक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, 02 मार्च को होलिका दहन, 21 मार्च को ईद उल फितर आदि त्यौहार पर शॉन्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद ललितपुर बहुत शान्तिप्रिय है, यहां के लोग आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाते आये हैं, आगामी त्यौहारों को भी आपसी सामन्जस्य के साथ मनायेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं आयोजन स्थलों पर निरंतर निगरानी करेंगे, आयोजन समितियों के स पर्क में रहेंगे, उनके मोबाइल न बरों की सूची अपने पास रखेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान कोई भी नई पर परा शुरू नहीं की जाएगी, पूर्व की भांति निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार आयोजन किये जायेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, ईओ, डीपीआरओ, विद्युत, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीम बनाकर आयोजन स्थलों का भ्रमण कर लें और व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान जनपद में साफ-सफाई एवं निर्बाध रुप से पेयजल व विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के वितरण पर रोक लगायी जाये, इसके लिए पशुपालकों को नोटिस दिये जायें। जिलाधिकारी ने त्योहारों की श्रंखला के दौरान शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों, सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराया जाए, शहर के सभी आयोजन स्थलों पर साफ-सफाई, चूना, रंगोली आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आयोजक समितियों से अपील की कि आयोजन स्थलों पर वॉलेन्टियर तैनात करें, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचें। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जो सुझाव समिति के समक्ष प्रस्तुत किये हैं,उन सभी पर अभी से कार्य शुरु कर दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहार से पूर्व उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने का प्रयास करें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने की संभावना न रहे। सभी आयोजक समितियां आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें, साथ ही वॉलेंटियर्स के माध्यम से वीडियोग्राफी भी करवायें। यदि कोई संदिग्ध दिखाई दे तो तत्काल जिला प्रशासन को उसकी सूचना दें। सभी क्षेत्राधिकारी सुनिश्चित करें कि जनपद में महिला संबंधी अपराध न होने पाये। जनपदवासी सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक, छीटाकसी जैसी पोस्ट शेयर न करें, सोशल मीडिया सेल के द्वारा सभी सोशल साइटों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। बैठक में आयोजन समितियों के पदाधिकारियों ने आयोजन स्थलों की सफाई, मार्गों के दुरुस्तीकरण, जर्जर तारों की मर मत, पेयजल की आपूर्ति, अग्निशमन वाहनों, ए बुलेंस सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता हेतु अनुरोध किया, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया गया। कुछ गणमान्य नागरिकों ने नगर में कई सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बाधित होना बताया, जिस पर तत्काल जल निगम व लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं बैठक में अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी मड़ावरा शैलेन्द्र चौधरी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं जल निगम, जल संस्थान, नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।